

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
phone: 0771-2543112

■ रायपुर,रविवार 14 जून 2026 ■ ज्येष्ठ अधिकमास कृष्ण पक्ष-14 ■ वर्ष -42 ■ अंक-077 ■ पृष्ठ 8 ■ डाक संस्करण 15 जून 2026 ■ मूल्य-2.00 रुपये


## मकान में मिली पति-पत्नी की लाश

■ तरुण छत्तीसगढ़

**वैशाली नगर,भिलाई की घटना**


**भिलाई,14 जून।** वैशाली नगर थाना इलाके के वृंदा नगर में आज सुबह पति और पत्नी की संदिग्ध परिस्थितियों में लाश मिलने सनसनी फैल गई। पत्नी की लाश घर के सामने कमरे में जमीन पर पड़ी मिली वहीं अंदर वाले कमरे में पति फांसी के फंदे पर लटका हुआ मिला है। मौके पर किसी प्रकार का सुसाइडल नोट नहीं मिला है। प्रथमदृष्टया पति की मौत का कारण खुदकुशी लग रहा है। लेकिन पत्नी की मौत का कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर ही पता लगने की बात पुलिस कह रही है.नगर निगम भिलाई के वार्ड - 29 वृंदा नगर में आज पति और पत्नी की संदिग्ध परिस्थितियों में लाश मिली। मृतक जी वेंकट रमन ( 55 साल ) की लाश अपने घर के अंदर वाले कमरे में फांसी के फंदे लटकती मिली। वहीं सामने के कमरे में उसकी पत्नी जी विद्यावती ( 52 साल ) मृत अवस्था में पड़ी मिली। मृतका विद्यावती के गले पर रस्सी से कसे जाने का निशान पाए जाने से हत्या किए जाने की आशंका को बल मिल रहा है। लेकिन किसी भी नतीजे तक पहुंचने से पहले पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार करने की बात कह रही है। जबकि फांसी के फंदे पर लटकी हुई अवस्था में मिली लाश के आधार पर जी वेंकट रमन की मौत को खुदकुशी के रुप में देखा जा रहा है। घटना स्थल से किसी तरह का सुसाइडल नोट मिलने से पुलिस इंकार कर रही है। एक मोबाइल फोन मिला है जिसका स्क्रीन



लॉक है। लॉक खुलवाकर जांच करने पर कुछ और बातें सामने आने की संभावना है भिलाई नगर सीएसपी भिलाई नगर सत्य प्रकाश तिवारी ने बताया कि कोई हलचल नहीं होने पर आज सुबह 9 बजे के आसपास मृतक जी वेंकट रमन के पड़ोस में रहने वाली मां ने घर जाकर देखा तो उसकी बहू जी विद्यावती सामने वाले कमरे में मृत अवस्था में पड़ी हुई थी। वह अंदर वाले कमरे में पहुंची तो बेटा जी वेंकट रमन फांसी लगाकर अपनी जान दे चुका था। उसने दौड़कर अपने छोटे बेटे जी मदन राव को इस बात की जानकारी दी। फिर मदन ने वैशाली नगर पुलिस को सूचना दिया भिलाई नगर सीएसपी सत्यप्रकाश तिवारी ने बताया कि मृतक जी वेंकट रमन आटो चालक था और पूछताछ में उसकी माली हालत ठीक नहीं रहने का पता चला है इस दंपत्ति का एक बेटा है जो ओडिशा में कुछ काम करता है माता - पिता के मौत की खबर मिलते ही वह भिलाई के लिए रवाना हो गया है

## पाकिस्तान के साथ बातचीत के रास्ते खुले रखने होंगे: भागवत

**तिरुवनंतपुरम ,14 जून।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत ने संगठन के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबले के उस बयान का पुरजोर समर्थन किया है जिसमें उन्होंने पाकिस्तान के साथ बातचीत की खिड़की खुली रखने की वकालत की थी। संघ प्रमुख ने स्पष्ट किया कि होसबले का इशारा पड़ोसी देश की सरकार की तरफ नहीं, बल्कि वहां के आम लोगों की तरफ था। तिरुवनंतपुरम में आरएसएस के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित एक संवाद कार्यक्रम के दौरान मोहन भागवत ने यह बातें कहीं। मई महीने में दत्तात्रेय होसबले द्वारा दिए गए एक इंटरव्यू का हवाला देते हुए जब भागवत से संघ के रुख के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि किसी भी देश को लेकर आरएसएस की कोई स्वतंत्र विदेश नीति नहीं होती और संगठन इस मामले में केंद्र सरकार के रुख और नीतियों का ही पालन करता है। लेकिन उन्होंने वहां के समाज को लेकर एक बड़ा दावा किया।



मोहन भागवत ने कहा, "पाकिस्तान में आज भी ऐसे बहुत से लोग हैं जो यह मानते हैं कि भारत का विभाजन गलत था। वहां के कई पत्रकार भी आरएसएस और उसके काम की तारीफ करते हैं। पाकिस्तान के भीतर एक बड़ा ऐसा वर्ग मौजूद है जो पाकिस्तान की मूल विचारधारा और टू-नेशन थ्योरी के खिलाफ है। उनका मानना है कि हमारा साथ रहना ज्यादा बेहतर था।" संघ प्रमुख ने भविष्य की एक परिस्थिति का खाका खींचते हुए कहा कि अगर आने वाले समय में भारत पाकिस्तान को पूरी तरह परास्त कर देता है तो ऐसी स्थिति में वहां के लोगों को लेकर दो ही रास्ते होंगे। या तो उन्हें भारत के साथ मिलाना होगा या फिर उन्हें उसी देश में शांति से रहने लायक माहौल देना होगा। उन्होंने कहा, "इन दोनों ही परिस्थितियों के लिए बातचीत के दरवाजे खुले रखना बेहद जरूरी है। हम हिटलर की तरह नहीं हैं। यह न तो हमारी प्रकृति है और न ही हमारा रास्ता। इसलिए हमें कुछ रास्ते खुले रखने होंगे। हमें अन्याय और अत्याचार को पूरी तरह खत्म करना चाहिए, लेकिन जो कुछ भी अच्छा है उसे बचाकर रखना भी हमारा कर्तव्य है।"

## पटना में पुलिस भर्ती अभ्यर्थियों का बवाल

**पटना ,14 जून ।** बिहार पुलिस निषेध विभाग की परीक्षा देने जा रहे अभ्यर्थियों का गुस्सा रविवार को पटना के पाटलिपुत्र रेलवे स्टेशन पर हिंसक रूप ले लिया। ट्रेन की माकूल व्यवस्था न होने का आरोप लगाते हुए नाराज छात्रों ने स्टेशन पर जमकर हंगामा किया और परीक्षा के लिए चलाई गई स्पेशल ट्रेन में भारी तोडफ़ोड़ की। स्थिति को बेकाबू होते देख पुलिस को बल प्रयोग करना पड़ा। हालात इतने बिगड़ गए कि पुलिस को लाठीचार्ज के साथ-साथ आंसू गैस के गोले दागने पड़े और भीड़ को तितर-बितर करने के लिए हवाई फायरिंग तक करनी पड़ी। जानकारी के अनुसार, रविवार को बड़ी संख्या में परीक्षार्थी अपने परीक्षा केंद्रों तक पहुंचने के लिए पाटलिपुत्र स्टेशन पर जमा हुए थे। इसी बीच ट्रेनों की व्यवस्था को लेकर छात्रों की नाराजगी बढ़ गई और उन्होंने विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। देखते ही देखते यह शांतिपूर्ण प्रदर्शन उग्र हो गया और प्रदर्शनकारियों ने रेलवे संचालन को बाधित करने का प्रयास करते हुए तोडफ़ोड़ शुरू कर दी। घटना की भनक लगते ही पुलिस और प्रशासन के आला अधिकारी तुरंत मौके पर पहुंचे।

## आसमानी बिजली गिरने से 3 की दर्दनाक मौत

**नई दिल्ली ,14 जून ।** भारत मौसम विज्ञान विभाग ने देश के कई हिस्सों में मौसम के तेजी से बदलते मिजाज को लेकर गंभीर चेतावनी जारी की है। इस समय उत्तर-पश्चिम भारत पर एक पश्चिमी विक्षोभ और सेंट्रल पाकिस्तान के ऊपर एक साइक्लोनिक सर्कुलेशन सक्रिय है, जिसके कारण मौसम ने करवट ली है। एक तरफ जहां कई राज्यों में भारी बारिश और तूफानी हवाओं का दौर जारी है, तो वहीं कुछ इलाकों में अभी भी भीषण गर्मी और हीट वेव का प्रकोप बना हुआ है। इस बीच आंधी-तूफान और बारिश ने उत्तर प्रदेश में जानलेवा तबाही भी मचाई है। उत्तर प्रदेश में मौसम का सबसे खौफनाक और जानलेवा रूप देखने को मिला है। शनिवार को आई अचानक आंधी और तेज बारिश के बीच चंदौली जिले में आकाशीय बिजली गिरने से दो महिलाओं और एक नाबालिग किशोरी की दर्दनाक मौत हो गई। चकिया थाना क्षेत्र के बाजरडीहा गांव में 68 वर्षीय शकुंतला घर के बाहर झाड़ू लगा रही थीं, तभी अचानक मौसम बिगड़ा और सुरक्षित स्थान पर पहुंचने से पहले ही उन पर बिजली गिर गई।

## आग का गोला बनी गाड़ी; 2 लोग जिंदा जले

**जबलपुर ,14 जून ।** मध्य प्रदेश के जबलपुर-मंडला हाईवे पर एक बेहद दर्दनाक और रोंगटे खड़े कर देने वाला हादसा सामने आया है। यहां एक तेज रफ्तार डंपर ने एक कार को जोरदार टक्कर मार दी और उसे करीब आधा किलोमीटर तक सड़क पर घसीटता ले गया। इस खौफनाक हादसे में कार आग का गोला बन गई और अंदर फंसे दो लोगों की जिंदा जलकर दर्दनाक मौत हो गई। यह भीषण हादसा जबलपुर शहर से करीब 30 किलोमीटर दूर बरेला कस्बे में शारदा मंदिर के पास नागा घाटी में शनिवार शाम को घटित हुआ। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, रेत से भरा यह भारी-भरकम डंपर मंडला की तरफ से आ रहा था, जबकि स्कार्पियो कार जबलपुर से मंडला की ओर जा रही थी। नागा घाटी के पास डंपर चालक ने ओवरटेक करने की कोशिश में स्कार्पियो को भयंकर टक्कर मार दी।

## 16 महीने बाद आमने-सामने होंगे पीएम मोदी और ट्रंप

**नई दिल्ली/पेरिस,14 जून।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप 16 महीने बाद पहली बार आमने-सामने मुलाकात करने जा रहे हैं। दोनों नेता 17 जून को फ्रांस में आयोजित G-7 समिट के दौरान द्विपक्षीय बैठक करेंगे। फरवरी 2025 में प्रधानमंत्री मोदी की अमेरिका यात्रा के बाद यह दोनों नेताओं की पहली प्रत्यक्ष मुलाकात होगी, जिस पर दुनिया की नजरें टिकी हुई हैं। व्हाइट हाउस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने पुष्टि की है कि भारतीय समयानुसार शाम 6:15 बजे होने वाली इस बैठक में भारत-अमेरिका के बीच प्रस्तावित ट्रेड डील प्रमुख एजेंडा रहेगी। दोनों देशों के बीच पिछले कई महीनों से व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने के लिए बातचीत जारी है और अब इस मुलाकात से महत्वपूर्ण प्रगति की उम्मीद जताई जा रही है। प्रधानमंत्री मोदी 16 और 17 जून को फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के निमंत्रण पर G-7 शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेंगे। इस दौरान वे G-7 देशों, साझेदार राष्ट्रों और अंतरराष्ट्रीय संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ वैश्विक आर्थिक विकास, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI), ऊर्जा सुरक्षा और अंतरराष्ट्रीय सहयोग जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा करेंगे। सूत्रों के मुताबिक, मोदी-ट्रंप बैठक में व्यापार के अलावा रक्षा सहयोग, ऊर्जा क्षेत्र में साझेदारी और वैश्विक भू-राजनीतिक हालात पर भी चर्चा हो सकती है।

## राहुल गांधी के बयान से कांग्रेस-सीपीएम में घमासान

**तिरुवनंतपुरम,14 जून।** विपक्षी गठबंधन एक बार फिर अंदरूनी कलह के संकट में घिर गया है। इस बार कांग्रेस और वामपंथी दलों के बीच दरारें खुलकर सामने आ गई हैं। विवाद की वजह लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का एक बयान है। दरअसल, पिछले हफ्ते एक कार्यक्रम के दौरान राहुल गांधी ने केरल के पूर्व मुख्यमंत्री और सीपीएम के कद्दावर नेता पिनाराई विजयन को गले लगाने से साफ इनकार कर दिया था, जिसके बाद से सहयोगी दल उनकी तीखी आलोचना कर रहे हैं। इंडी गठबंधन की 8 जून की बैठक का एक ऑडियो सामने आया है, जिसमें राहुल गांधी को यह कहते हुए सुना जा सकता है, "हमारी अपनी लड़ाइयां होती हैं। लेकिन अगर आप मुझसे केरल के पूर्व मुख्यमंत्री को गले लगाने के लिए कह रहे हैं, तो मैं ऐसा नहीं कर सकता और न ही करूंगा, क्योंकि उनके साथ मेरी राजनीतिक लड़ाई चल रही है।" बता दें कि केरल में सीपीएम और कांग्रेस एक-दूसरे के कड़े विरोधी हैं, जहां कांग्रेस ने हाल ही में विजयन को सत्ता से बाहर किया है। हालांकि, राष्ट्रीय स्तर पर दोनों पार्टियां एक ही गठबंधन का हिस्सा हैं। राहुल गांधी की इस टिप्पणी पर पिनाराई विजयन ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि हमारे बीच गले मिलने का कोई रिवाज नहीं है और उनकी बातचीत हमेशा औपचारिक हाथ मिलाने तक ही सीमित रहती है। उन्होंने राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा, "मुझे गले न मिलने से कोई आपत्ति नहीं है। मुझे चिंता उस टिप्पणी के पीछे छिपे राजनीतिक संदेश को लेकर है। यह राहुल गांधी के नजरिए और इंडी गठबंधन को लेकर उनकी सोच को दिखाता है।"इस विवाद के बाद लेफ्ट पार्टियों ने कांग्रेस पर दबाव बढ़ा दिया है। सीपीएम के सीनियर नेता एमए बेबी ने कहा कि किसी ने राहुल गांधी से विजयन को गले लगाने के लिए नहीं कहा था, लेकिन उन्हें विजयन की गिरफ्तारी की मांग करना बंद कर देना चाहिए। वहीं, वृंदा करात ने कड़े शब्दों में कहा, "कम्युनिस्टों को किसी से गले मिलने की जरूरत नहीं है। हमें साफ-सुथरी राजनीति चाहिए। राहुल गांधी आप अपना गले मिलना अपने पास ही रखें, लेकिन विपक्ष के नेता के तौर पर पिनराई विजयन जैसे सीनियर नेताओं का सम्मान करना सीखें।"विपक्ष की इस अंदरूनी लड़ाई पर बीजेपी ने भी तीखा हमला बोला है। बीजेपी ने विपक्षी गुट को 'सुविधा का गठबंधन' करार दिया। बीजेपी प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने कहा, "इस गठबंधन में सिर्फ फूट है, कोई मिशन नहीं है। यह गठबंधन सिर्फ कागजों पर ही दिखाई देता है, जमीन पर नहीं।

## नए शिक्षा सत्र की तैयारियों पर शिक्षा विभाग की हुई अहम बैठक

**कवर्धा, 14 जून.**नवीन शिक्षा सत्र 2026-27 की तैयारियों को लेकर जिला शिक्षा अधिकारी एफ.आर. वर्मा ने शनिवार को स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल, रानीदुर्गावती चौक, कवर्धा के सभागार में जिले के 150 प्राचार्यों एवं 150 संकुल शैक्षिक समन्वयकों की संयुक्त मेगा बैठक आयोजित कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अनुरूप विद्यार्थियों को स्वच्छ, सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 16 जून 2026 से शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने प्रवेश उत्सव के व्यापक प्रचार-प्रसार, बैनर-पोस्टर लगाने, रैली निकालने, ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में मुनादी कराने तथा जनप्रतिनिधियों, शाला विकास समिति के सदस्यों और पालकों की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने विद्यालय प्रारंभ होने से पूर्व शाला भवन, परिसर एवं कक्षाओं की साफ-सफाई तथा आवश्यक मरम्मत कार्य पूर्ण करने पर जोर देते हुए स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी परिस्थिति में जर्जर एवं असुरक्षित भवनों में विद्यालय संचालित न किए जाएं। ऐसे विद्यालयों को वैकल्पिक शासकीय भवनों अथवा कक्षों में संचालित किया जाए। बैठक में नवीन सत्र के प्रथम दिवस से विद्यार्थियों एवं शिक्षकों की शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करने, शाला त्यागी बच्चों को पुनः मुख्यधारा से जोड़ने तथा नियमित उपस्थिति बढ़ाने के लिए कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा की गई।

## 100% इथेनॉल फ्यूल को मिली हरी झंडी

**नई दिल्ली,14 जून।** केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने देश के ईंधन क्षेत्र में एक बहुत बड़ा और ऐतिहासिक फैसला लिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व के 12 साल पूरे होने के मौके पर आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में नितिन गडकरी ने घोषणा की है कि उन्होंने 100 पर्सेंट इथेनॉल को कानूनी मान्यता देने और इससे जुड़े नियमों को तय करने वाली सरकारी फाइल पर दस्तखत कर दिए हैं। इस बड़े कदम के बाद अब देश में पूरी तरह से इथेनॉल से चलने वाली गाड़ियां कानूनी रूप से सड़कों पर दौड़ सकेंगी। गडकरी ने साफ कहा कि इथेनॉल आने वाले समय में पेट्रोल का सबसे बेहतरीन और सस्ता विकल्प बनकर उभरेगा।



इससे भारत की विदेशी तेल पर निर्भरता बहुत हद तक कम हो जाएगी। वर्तमान में भारत को विदेशों से कच्चा तेल और जीवाश्म ईंधन मंगाने के लिए हर साल करीब 22 लाख करोड़ रुपये की भारी-भरकम रकम खर्च करनी पड़ती है। केंद्रीय मंत्री ने भरोसा जताया कि इस ऐतिहासिक फैसले से देश का यह 22 लाख करोड़ रुपये का बड़ा बोझ धीरे-धीरे खत्म हो जाएगा। उन्होंने कहा, "अब हमने इस आयात को कम करने का जो संकल्प लिया था, उसके तहत देश में ही धीरे-धीरे गैस और इथेनॉल का उत्पादन बढ़ाया जाएगा। इससे पेट्रोल-डीजल का एक मजबूत स्वदेशी विकल्प पूरी तरह तैयार हो जाएगा।"इस योजना के तहत ऑटोमोबाइल कंपनियों ने भी मार्केट में अपने कदम तेजी से बढ़ाने शुरू कर दिए हैं। हाल ही में 4 जून को केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी और नितिन गडकरी ने मारुति सुजुकी वैगनआर का 'फ्लेक्स-फ्यूल' मॉडल लॉन्च किया था, जो 100 पर्सेंट इथेनॉल पर चलती है। वहीं, देश की बड़ी बाइक निर्माता कंपनी हीरो मोटोकॉर्प ने अपनी दो मोटरसाइकिलों को 100 पर्सेंट इथेनॉल इंजन के साथ मार्केट में उतार दिया है। गडकरी ने आगे बताया कि अगले दो महीनों के भीतर टोयोटा, सुजुकी और हुंडई जैसी दिग्गज कंपनियां भी अपने ऐसे वाहन लॉन्च करने जा रही हैं जो पूरी तरह इथेनॉल से चलेंगे।

## पटना कोचिंग विवाद में खूनी मोड़

**पटना ,14 जून ।** राजधानी पटना के मुसल्लहपुर हाट स्थित 'खान ग्लोबल स्टडीज (खान सर कोचिंग) पर हुए बवाल मामले में एक बेहद चौंकाने वाला और खूनी मोड़ सामने आया है। इस बहुचर्चित मामले में पुलिस से बचकर नेपाल भागे 'ज्ञान बिंदु के डायरेक्टर रौशन आनंद के भाई प्रिंस यादव की वहां गोली मारकर सरेआम हत्या कर दी गई है। इस सनसनीखेज वारदात के बाद पटना में तनाव का माहौल है। किसी भी तरह के बवाल की आशंका को देखते हुए पीरबहोर और कदमकुआं इलाकों में पुलिस छावनी में तब्दील कर दिया गया है और भारी संख्या में पुलिस बल तैनात है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, खान सर की कोचिंग पर हुए जोरदार हंगामे के बाद से ही पटना पुलिस सभी नामजद आरोपियों की सरगर्मी से तलाश कर रही थी।

## जेल बंदी संजय बघेल की मौत मामले में न्यायिक जांच जारी

**एसएसपी सिंह ने अफवाहों से बचने की अपील**

**रायगढ़,14 जून।** जेल बंदी संजय बघेल की उपचार के दौरान हुई मृत्यु के मामले में न्यायिक जांच प्रारंभ कर दी गई है। एसएसपी आईपीएस शशि मोहन सिंह ने मामले की निष्पक्ष जांच का भरोसा दिलाते हुए मीडिया एवं आमजन से धैर्य बनाए रखने तथा अपुष्ट जानकारी के आधार पर किसी प्रकार की अफवाह या भ्रामक खबरों के प्रसार से बचने की अपील की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, संजय बघेल का उपचार के दौरान निधन हुआ था। मामले की परिस्थितियों की विस्तृत जांच न्यायिक प्रक्रिया के तहत की जा रही है। अधिकारियों का कहना है कि जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर यदि किसी व्यक्ति की जिम्मेदारी या दोष सिद्ध होता है तो उसके विरुद्ध नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। इस बीच, मृतक की पीठ पर दिखाई देने वाले निशानों को लेकर उठे सवालों पर फॉरेंसिक विभाग के विशेषज्ञों से राय ली गई। विशेषज्ञों के अनुसार ये निशान पोस्ट मॉर्टम लिविडिटी के हैं। यह मृत्यु के बाद शरीर में रक्त के गुरुत्वाकर्षण के कारण एकत्र होने से बनने वाली सामान्य चिकित्सीय स्थिति मानी जाती है।मामले को लेकर उठ रहे विभिन्न आरोपों पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने कहा कि कुछ लोगों द्वारा पुलिस पर पैसे की मांग और मारपीट के आरोप लगाए जा रहे हैं। यदि किसी व्यक्ति के पास इन आरोपों से संबंधित कोई तथ्यात्मक जानकारी, साक्ष्य या प्रमाण उपलब्ध हैं तो वह सीधे उनके कार्यालय में आकर जानकारी साझा कर सकता है। एसएसपी ने कहा कि ऐसे सभी तथ्यों को जांच में शामिल किया जाएगा, जिससे मामले के अंतिम निष्कर्ष तक निष्पक्ष और तथ्यों के आधार पर पहुंचा जा सके। एसएसपी शशि मोहन सिंह ने मीडिया प्रतिनिधियों से आग्रह किया है कि न्यायिक जांच पूरी होने तक तथ्यों की पुष्टि के बाद ही समाचार प्रकाशित करें तथा किसी भी प्रकार की अपुष्ट जानकारी को प्रसारित करने से बचें, जिससे जांच प्रभावित न हो और जनता के बीच भ्रम की स्थिति उत्पन्न न हो।

## उद्धव की बैठक में नहीं पहुंचे कई सांसद; फोन भी बंद

**मुंबई,14 जून।** महाराष्ट्र की सियासत में एक बार फिर बड़े उलटफेर के संकेत मिल रहे हैं। शिवसेना उद्धव बालासाहेब ठाकरे गुट की धड़कनें बढ़ाने वाली एक बड़ी खबर सामने आई है। पार्टी प्रमुख उद्धव ठाकरे ने आज यानी रविवार को मुंबई स्थित अपने घर मातोश्री पर पार्टी के सभी सांसदों की एक बेहद महत्वपूर्ण और आपातकालीन बैठक बुलाई थी। लेकिन इस संवेदनशील बैठक के शुरू होने से कुछ घंटे पहले ही शिरडी लोकसभा सीट से सांसद भाऊसाहेब वाकचौरे पहुंच से बाहर हो गए। वहीं, दो और सांसद इसमें शामिल होने के लिए नहीं पहुंचे। प्राप्त जानकारी के अनुसार, उद्धव ठाकरे ने दिल्ली में मौजूद अपने सभी सांसदों को तुरंत मुंबई पहुंचने के निर्देश दिए थे। यह बैठक दोपहर साढ़े बारह बजे 'मातोश्री' पर आयोजित की गई है। आगामी राजनीतिक परिस्थितियों और संसद के आगामी सत्र को लेकर रणनीति बनाने के लिए यह बैठक बुलाई गई है। सांसद भाऊसाहेब वाकचौरे का मोबाइल फोन सुबह से ही लगातार बंद आ रहा है। सूत्रों के मुताबिक, वाकचौरे पिछले दो दिनों से अपने परिवार के साथ कहीं बाहर गए हुए हैं। शिरडी स्थित उनके आवास पर भी फिलहाल कोई मौजूद नहीं है। सबसे ज्यादा चौंकाने वाली बात यह है कि उनके निजी सहायक भी उनके साथ नहीं हैं और उनका भी कोई सुराग नहीं मिल पा रहा है। ऐसे में वाकचौरे अचानक कहां गायब हो गए हैं, इसे लेकर सस्पेंस गहरा गया है। अब सभी की नजरें इस बात पर टिकी हैं कि क्या वह इस महत्वपूर्ण बैठक में शामिल होते हैं या नहीं।



सूत्रों का कहना है कि संजय जाधव और नागेश पाटिल अष्टिकर सहित इन तीनों ने अपनी पार्टी को बता दिया है कि कुछ जरूरी वजहों से वे आज उद्धव ठाकरे द्वारा बुलाई गई बैठक में शामिल नहीं हो पाएंगे। आपको बता दें कि लोकसभा में उद्धव की शिवसेना के 9 और राज्यसभा में इकलौते संजय राउत बचे हैं। इनमें से कितने लोग बैठक में शामिल होंगे, यह एक बड़ा सवाल है।

महाराष्ट्र के राजनीतिक गलियारों में इस वक्त मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के 'ऑपरेशन टाइगर' को लेकर जोरदार चर्चाएं चल रही हैं। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि इसी ऑपरेशन के डर से उद्धव ठाकरे ने यह आनन-फानन में बैठक बुलाई है। लोकसभा चुनाव में उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाले गुट शिवसेना यूबीटी के कुल 9 सांसद जीतकर आए हैं। पिछले कुछ दिनों से सत्तापक्ष और शिवसेना (शिंदे गुट) के नेताओं द्वारा लगातार यह दावा किया जा रहा है कि उद्धव गुट के 9 में से कम से कम 7 सांसद उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के संपर्क में हैं। इन सांसदों के पाला बदलकर शिंदे गुट में शामिल होने की अटकलों ने बाजार गर्म कर दिया है। यही कारण है कि उद्धव ठाकरे अपने कुनबे को एकजुट रखने की हरसंभव कोशिश कर रहे हैं। उद्धव ठाकरे की इस अग्निपरीक्षा वाली बैठक में जिन लोकसभा सांसदों को उपस्थित रहने का आदेश दिया गया है उनमें संजय देशमुख, नागेश पाटील, संजय जाधव, राजाभाऊ वाजे, अरविंद सावंत, अनिल देसाई, संजय दीना पाटील, भाऊसाहेब वाकचौरे और ओमराजे निंबालकर शामिल हैं।

यदि भाऊसाहेब वाकचौरे इस बैठक में नहीं पहुंचते हैं, तो शिवसेना (यूबीटी) के लिए यह एक बड़ा झटका साबित हो सकता है और महाराष्ट्र में एक बार फिर शिवसेना के दो फाड़ होने जैसी स्थिति की सुगबुगाहट तेज हो जाएगी। फिलहाल, मातोश्री पर हलचल बढ़ गई है और राजनीतिक पंडितों की नजरें पल-पल बदल रहे घटनाक्रम पर टिकी हैं।



## अंडर-18 एशिया कप विजेता हॉकी खिलाड़ी अवि मानिकपुरी ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से की सौजन्य भेंट

**रायपुर.**मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय से आज राजधानी रायपुर स्थित मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में भारतीय अंडर-18 हॉकी टीम के एशिया कप विजेता सदस्य श्री अवि मानिकपुरी ने सौजन्य मुलाकात की। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव उपस्थित थे। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने अवि मानिकपुरी को अंडर-18 एशिया कप में भारत की ऐतिहासिक विजय में महत्वपूर्ण योगदान के लिए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ के युवा खिलाड़ी अपनी प्रतिभा, अनुशासन और कड़ी मेहनत के बल पर राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर प्रदेश और देश का नाम रोशन कर रहे हैं।

# शौर्य चक्र से सम्मानित वीर जवानों से मिले उप मुख्यमंत्री शर्मा

## साहस, समर्पण और राष्ट्रसेवा की मिसाल बने जवानों को दी बधाई एवं शुभकामनाएं

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कवर्धा, 14 जून।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के हाथों «शौर्य चक्र» से सम्मानित वीर पुलिस एवं सुरक्षा बल के जवानों से उप मुख्यमंत्री एवं गृह मंत्री विजय शर्मा ने आज अपने नवा रायपुर अटल नगर स्थित निवास कार्यालय में आत्मीय मुलाकात कर उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर डीजीपी अरुण देव गौतम सहित जवानों के परिजन एवं परिवार के सदस्य भी उपस्थित रहे।

**शर्मा बोले- जवानों की बहादुरी आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्रोत:** उप मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि छत्तीसगढ़ और देश को ऐसे वीर सपूतों पर गर्व है, जिन्होंने अपने अदम्य साहस, कर्तव्यनिष्ठा और राष्ट्रभक्ति का परिचय देते हुए असाधारण परिस्थितियों में भी वीरता का प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि इन जवानों की बहादुरी आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्रोत है। मुलाकात के दौरान शर्मा ने शौर्य चक्र से सम्मानित इंस्पेक्टर लक्ष्मण केवट, इंस्पेक्टर रामेश्वर प्रसाद देशमुख तथा राइफलमैन भोज राम साहू के साहसिक कार्यों की सराहना की और उनके परिजनों से भी मुलाकात की और सभी को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि देश सेवा के इस गौरवपूर्ण योगदान में परिवारों का त्याग और समर्थन भी उतना ही महत्वपूर्ण है। उन्होंने जवानों के अदम्य साहस भरी घटनाओं के बारे में भी उनसे जानकारी ली। इसी प्रकार 3 असम राइफल्स के राइफलमैन भोज राम साहू को भारत-म्यांमार सीमा क्षेत्र में घुसपैठ विरोधी अभियान के दौरान गंभीर रूप से घायल होने के बावजूद अदम्य साहस के साथ मोर्चा संभालते हुए दुश्मनों को पीछे हटने के लिए मजबूर करने और अभियान को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए शौर्य चक्र से सम्मानित किया गया है। उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार सुरक्षा बलों के जवानों के सम्मान, कल्याण और उनके परिवारों की सुरक्षा के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने सम्मानित जवानों एवं उनके परिजनों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि उनका साहस और बलिदान राष्ट्र सेवा का सर्वोच्च उदाहरण है।

### कठिन परिस्थितियों में किया नक्सलियों का मुकाबला

ज्ञात हो कि छत्तीसगढ़ पुलिस के इंस्पेक्टर लक्ष्मण केवट एवं इंस्पेक्टर रामेश्वर प्रसाद देशमुख को 16 अप्रैल 2024 को कांकेर क्षेत्र में नक्सलियों के विरुद्ध संचालित एक बड़े अभियान में अद्वितीय नेतृत्व, साहस और रणनीतिक कौशल का परिचय देने के लिए शौर्य चक्र से सम्मानित किया गया है। उनके नेतृत्व में सुरक्षा बलों ने कठिन परिस्थितियों में नक्सलियों का मुकाबला करते हुए महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की थी।

## समाचार संक्षेप

### अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाएंगे नगरीय निकाय कर्मचारी : संजय शर्मा



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 14 जून।** नवयुक्त अधिकारी-कर्मचारी कल्याण संघ के बैनर तले प्रदेशभर के नगरीय निकाय कर्मचारी अपनी पांच सूत्रीय मांगों को लेकर 17 जुलाई से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाएंगे। हड़ताल के पूर्व कर्मचारियों द्वारा 17 जुलाई से ग्राम तुता, नवा रायपुर स्थित धरना स्थल पर आंदोलन की शुरुआत की जाएगी। जानकारी देते हुए वरिष्ठ कर्मचारी नेता एवं संघ के संयोजक संजय शर्मा ने बताया कि हड़ताल को सफल बनाने के लिए प्रदेश नेतृत्व द्वारा विभिन्न निकायों का दौरा कर कर्मचारियों से संपर्क किया जा रहा है। इसी क्रम में दुर्ग जिले के विभिन्न नगरीय निकायों के दौरे पर पहुंचे संघ के प्रदेश अध्यक्ष राजेश सोनी ने कर्मचारियों की बैठक लेकर संगठन को मजबूत बनाने तथा आंदोलन को सफल बनाने के संबंध में चर्चा की। प्रदेश अध्यक्ष राजेश सोनी ने कहा कि नगरीय निकाय कर्मचारियों की कई गंभीर एवं संवेदनशील समस्याएं लंबे समय से लंबित हैं। इन्हीं समस्याओं के निराकरण के लिए कर्मचारी पांच प्रमुख मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल करने जा रहे हैं। उन्होंने कर्मचारियों से एकजुट होकर आंदोलन को सफल बनाने का आह्वान किया। संघ के संयोजक संजय शर्मा ने बताया कि दुर्ग नगर निगम के 45 कर्मचारियों ने आयुक्त के कथित तानाशाही रवैये से परेशान होकर अन्याय के खिलाफ आवाज बुलंद करते हुए संघ की सदस्यता ग्रहण की है।

## एक नज़र

### चोरी करने वाले को पुलिस ने किया गिरफ्तार



दुर्ग, 14 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। सिटी कोतवाली टीआई नवीन राजपूत ने बताया कि प्रार्थी निलेश कुमार साहू निवासी रसमड़ा ने थाना सिटी कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह दुर्ग कलेक्टोरेट परिसर दुर्ग स्थित आधार सेवा केंद्र का संचालन करता है कार्यालय बंद कर घर चला गया था अगले दिन सुबह कार्यालय खोलने पर सामने के दरवाजे की कुंडी उखड़ी हुई मिली तथा कार्यालय के भीतर रखे सामान क्षतिग्रस्त पाए गए। टेबल की दराज में रखी नगदी राशि एवं लैपटॉप बैग अज्ञात व्यक्ति चोरी कर लिया गया था। प्रार्थी की रिपोर्ट पर दुर्ग सिटी कोतवाली थाने में धारा 331(4), 305 बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान प्राप्त सूचना के आधार पर विनस कुमार कुल्थी, गिरीराज तिवारी उर्फ बबलू तथा 02 नाबालिग को चिन्हांकित कर पूछताछ की पूछताछ में आरोपियों ने चोरी की घटना करना स्वीकार किया। आरोपियों के कब्जे से नगदी राशि 3,000 रुपये एवं लैपटॉप बैग बरामद कर जब्त किया गया है।

### युवक ने फांसी लगाकर दी जान

**भिलाई, 14 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** नेवई थाना क्षेत्र के शिवपारा वार्ड-17 रिसाली में देर रात अपने घर में एकर युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली नेवई थाने पुलिस मर्ग कायम कर विवेचना कर रही है नेवई पुलिस ने बताया कि रिसाली निगम स्थित शिवपारा वार्ड-17 निवासी मनोज कुमार पटेल (19 साल ) रात 11.30 बजे तक मनोज घर के बाहर सामान्य रूप से बातचीत कर रहा था इस के बाद वह घर के अंदर चला गया करीब 15 मिनट बाद परिजनों ने उसे फंदे पर लटका देखा तत्काल अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया पुलिस को मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है?

### गांजा के साथ आरोपी गिरफ्तार

**भिलाई, 14 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** सुपेला टीआई विजय यादव ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली कि एक नाबालिग स्लॉटर हाउस के पास कृष्णानगर सुपेला क्षेत्र में सफेद थैले में अवैध मादक पदार्थ गांजा रखकर बिक्री करने के उद्देश्य से खड़ा है। सूचना पर तत्काल पुलिस टीम मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की। तलाशी दौरान उसके कब्जे से सफेद थैले में रखा मादक पदार्थ गांजा बरामद हुआ मौके पर विधिवत तौल कराने पर कुल 02 किलो 210 ग्राम गांजा बरामद हुआ, जिसकी अनुमानित कीमत 1, 05, 000 रुपये है। आरोपी के विरुद्ध धारा 20 (ख) एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर कार्रवाई की है।

### शराब पीने के लिए पैसा नहीं देने पर प्राणघातक हमला



**भिलाई, 14 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** वैशाली नगर थाना क्षेत्र के शराब पीने के लिए रकम नहीं देने पर प्राणघातक हमला करने वाले युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है वैशाली नगर टीआई प्रशांत मिश्रा ने बताया कि लोकेश सोनी ने शिकायत किया है कि बीसीजी स्कूल मैदान के पास अपनी पिकअप वाहन खड़ी कर कही गया था तभी युवकों द्वारा उससे शराब पीने के लिए रकम का डिमांड करने लगे?विरोध करने पर आरोपियों ने गाली-गलौज कर मारपीट कर धारदार हथियार से हमला कर मौके से फरार हो गए हमले के दौरान पीड़ित के बाएं हाथ में चोट आई बीच-बचाव करने पहुंचे गणेश सोनकर पर भी आरोपियों ने हमला कर घायल किया। पुलिस को जानकारी लगने पर आरोपियों की खोजबीन में जुटी रही सूचना पर पुलिस ने कारगिल चौक, आजाद चौक, रामनगर निवासी राम वर्म, राजबीर बघेल और दो अपचारी बालको को पकड़ा गया। उनके पास से पुलिस ने धारदार बटनदार हथियार जब्त किया है।

# साइबर ठगी से अर्जित रकम के लेनदेन के लिए बैंक खातों के इस्तेमाल के मामले में 15 किए गए गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**दुर्ग, 14 जून।** साइबर ठगी से अर्जित रकम के लेनदेन में इस्तेमाल किए जा रहे बैंक खातों के मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 15 आरोपियों को गिरफ्तार किया है? आरोपियों में महिला और पुरुष दोनों शामिल हैं मोहन नगर थाने पुलिस जांच में सामने आया कि वर्ष 2024 से 2026 के बीच कोटक महिंद्रा बैंक के विभिन्न खातों किए गए और साइबर ठगी की रकम का ट्रांजेक्शन हुआ के माध्यम से संदिग्ध वित्तीय लेनदेन मोहन नगर पुलिस ने बताया कि भारत सरकार के गृह मंत्रालय द्वारा संचालित समन्वय पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के आधार पर थाना मोहन नगर क्षेत्र स्थित कोटक महिंद्रा बैंक के खातों की जांच की गई जांच में पाया गया कि संबंधित खातों में विभिन्न राज्यों से बड़ी मात्रा में राशि जमा की गई थी। साइबर अपराध से जुड़े मामलों में इन खातों पर पहले से होल्ड लगाया गया था दस्तावेज और इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य जब्त जांच के दौरान पुलिस ने बैंक खातों से जुड़े दस्तावेज, वित्तीय लेनदेन के रिकॉर्ड तथा इलेक्ट्रॉनिक और बैंकिंग साक्ष्य जब्त किए हैं।

एसीसीयू टीम ने उन खाताधारकों को गिरफ्तार किया, जिनके खाते साइबर ठगी की रकम के प्रथम स्तर के लेनदेन में उपयोग किए गए थे। आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 318 (4) और 317 (2) के तहत अपराध दर्ज किया गया है गिरफ्तार आरोपियों में पीयूष डडसेना, साहिल खान, मोहम्मद फरान, अभिजीत कुमार, आदित्य रजक, आशीष चंद्राकर, निखिल साहू, रितेश मसीह, मोहम्मद सोहेल, निकिता चौहान, शुभा सेंगर, शिवम पांडेय, रितेश देवांगन, रणधीर झा और खुशी झा शामिल हैं। पुलिस मामले में अन्य संदिग्ध खातों और लेनदेन की भी जांच कर रही है।

### सोने-चांदी के आभूषण चोरी करने वाली महिला गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भिलाई, 14 जून।** घर से सोने-चांदी के आभूषण चोरी करने वाली महिला को नेवई थाने पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है आरोपी महिला के कब्जे से चोरी गई चांदी की दो जोड़ी पायल बरामद कर जब्त की है नेवई टीआई अनिल साहू ने बताया कि 25 नवंबर को प्रार्थिया सोहद्रा साहू निवासी स्टेशन मरोदा ने थाना नेवई में रिपोर्ट दर्ज कराया था कि उसके घर की आलमारी में रखे सोने एवं चांदी के आभूषण, जिनकी कुल अनुमानित कीमत 62, 000 रुपए अज्ञात व्यक्ति चोरी कर ले गया है। रिपोर्ट पर थाना नेवई में धारा 305 (ए) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया विवेचना के दौरान संदेह के आधार पर आरोपी पूर्णिमा साहू (40 साल ) निवासी ग्राम रुपास जिला भरतपुर (राजस्थान) वर्तमान पता शंकरनगर, वार्ड क्रमांक 18, शास्त्री चौक, कैम्प-1 से पूछताछ की। पूछताछ में प्राप्त तथ्यों एवं मेमोरेंडम कथन के आधार पर आरोपी के कब्जे से चोरी गई चांदी की दो जोड़ी पायल बरामद की गई है।

### भाजपा जामुल मंडल की बैठक में मजबूत बूथ पर जोर



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जामुल, 14 जून।** भारतीय जनता पार्टी जामुल मंडल की संगठनात्मक बैठक का आयोजन उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। बैठक में संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने, आगामी चुनावों की तैयारियों तथा कार्यकर्ताओं की भूमिका को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भिलाई जिला प्रभारी एवं प्रदेश उपाध्यक्ष रामजी भारती उपस्थित रहे। विशेष अतिथियों में भिलाई जिला अध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन, अहिवारा विधायक डोमनलाल कोर्सेवाड़ा, दुर्ग जिला पंचायत अध्यक्ष सरस्वती बंजारे, किसान मोर्चा रायपुर संभाग प्रभारी रेखराम बंछोर, जामुल मंडल अध्यक्ष प्रशांत गुप्ता, नगर पालिका अध्यक्ष ईश्वर ठाकुर तथा मंडल प्रभारी कन्हैया सोनी शामिल रहे। अतिथियों ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए संगठन की मजबूती, बूथ प्रबंधन और जनसंपर्क को चुनावी सफलता की कुंजी बताया। उन्होंने कार्यकर्ताओं से सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आम जनता तक पहुंचाने तथा संगठन की गतिविधियों को और अधिक सक्रिय बनाने का आह्वान किया। बैठक में पूर्व उपाध्यक्ष यशवंत ठाकुर, जनपद सदस्य जितेंद्र यादव, सह कोषाध्यक्ष हेमंत देवांगन, युवा मोर्चा मंत्री आकाश ठाकुर, राजेश्वरी रेड्डी, मंडल महामंत्री ध्रुव देवांगन, वरिष्ठ पार्षद कविता विश्वाल, दीपक गुप्ता, चुम्मन वर्मा, रामदुलार गुल्ली, मंडल उपाध्यक्ष अरुण यादव, शेषमणि वर्मा, विजय राव, मंडल मंत्री दुर्गा देवांगन, अनुपमा देवी, कोषाध्यक्ष सुभाष पांचाल, सह कोषाध्यक्ष लेखराम पाल, कार्यालय प्रभारी रामचंद्र साहू, संजय यादव, लल्लन सिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष संजय शर्मा, युवा मोर्चा अध्यक्ष सोनू यादव, अनूप राय, महिला मोर्चा अध्यक्ष योगिता साहू, महामंत्री प्रिया गुप्ता, फुलेश्वरी निर्मलकर सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। संचालन पूर्व महामंत्री नूतन वर्मा ने किया। अंत में मंडल महामंत्री ओमप्रकाश साहू ने आभार प्रदर्शन किया।

# फैक्ट्री में चोरी के आरोपियों को भेजा गया जेल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भिलाई, 14 जून।** फैक्ट्री में निर्मित लोहे के कटिंग जॉब, स्क्रैप एवं अन्य सामग्री चोरी करने वाले तीन आरोपियों को जामुल थाने पुलिस ने गिरफ्तार किया है वहीं चोरी किए गए लोहे के सामान को खरीदकर बिक्री करने वाले कबाड़ी को भी प्रकरण में आरोपी बनाया गया है जामुल टीआई रामेंद्र सिंह ने बताया कि प्रार्थी घनश्याम साहू निवासी केम्प-2 छावनी ने थाना जामुल में रिपोर्ट दर्ज कराया कि 8 जून की रात्रि छावनी बस्ती स्थित वर्कशॉप में रखे लोहे के कटिंग जॉब, स्क्रैप एवं अन्य लोहे की सामग्री कीमती लगभग 50, 000 रुपए को अज्ञात व्यक्तियों ने चोरी कर लिया है। प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना जामुल में धारा 331(4), 305, 317 (2), 3 (5) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान मुखबिर सूचना एवं तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर संदेही लोकेश यादव उर्फ बाली (23) निवासी राजीव नगर खुर्सीपार रवि विश्वकर्मा उर्फ खिल्लू (20) निवासी गौतम नगर खुर्सीपार तथा एक नाबालिग को चिन्हांकित कर पूछताछ की। पूछताछ में आरोपियों ने चोरी की घटना स्वीकार किया गया।

आरोपियों ने चोरी किए गए लोहे के सामान को परवेज खान (37) निवासी सोनकर मोहल्ला केम्प-2 एवं सुरेश पाण्डेय नामक कबाड़ी को बिक्री करना बताया। आरोपियों की निशानदेही पर चोरी गई मशरूका बरामद की गई है।

### अब रेलवे टिकट के लिए स्टेशन नहीं, सीधे विधायक कार्यालय जाइए और आसानी से टिकट पाइए

**भिलाई, 14 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** विधायक रिकेश सेन ने शांति नगर जीरो रोड स्थित विधायक कार्यालय में अधिकृत रेलवे टिकट काउंटर शुरू करने की घोषणा की है। इससे क्षेत्रवासियों को रेलवे टिकट के लिए स्टेशन पर लंबी कतारों में खड़े होने की आवश्यकता नहीं होगी। विधायक कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार इस काउंटर पर यात्रियों को रेलवे की निर्धारित दर पर टिकट उपलब्ध कराया जाएगा। टिकट जारी करने की प्रक्रिया पूरी तरह अधिकृत होगी तथा यात्रियों से किसी प्रकार का अतिरिक्त शुल्क या कमीशन नहीं लिया जाएगा। यह सुविधा विशेष रूप से बुजुर्गों, महिलाओं, दिव्यांगजनों और नौकरीपेशा लोगों के लिए लाभदायक साबित होगी, जिन्हें टिकट के लिए स्टेशन तक पहुंचने और लंबी प्रतीक्षा का सामना करना पड़ता है। स्थानीय स्तर पर टिकट उपलब्ध होने से लोगों के समय और श्रम की बचत होगी। रेलवे टिकट काउंटर विधायक कार्यालय, शांति नगर जीरो रोड में संचालित होगा। नागरिक सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक यहां पहुंचकर अपनी आवश्यकता के अनुसार टिकट प्राप्त कर सकेंगे। विधायक कार्यालय का कहना है कि इस व्यवस्था से टिकट दलाली और अनधिकृत शुल्क वसूली जैसी समस्याओं पर भी अंकुश लगेगा तथा आम लोगों को पारदर्शी और सुविधाजनक सेवा मिल सकेगी।



# टोल प्लाजा के पास ट्रक खड़े करने के विवाद में चालक की गई जान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भिलाई, 14 जून।** कुम्हारी थाना क्षेत्र के वाहन खड़े करने को लेकर हुए विवाद ने एक ट्रक चालक की जान ले ली। टोल प्लाजा के पास दो चालकों के बीच हुई कहासुनी मारपीट में बदल गई, जिसके बाद ट्रक चालक की तबीयत बिगड़ गई और अस्पताल ले जाते समय उसकी मौत हो गई पुलिस ने मामले में हाईवा चालक लक को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है कुम्हारी प्रभारी पुरुषोत्तम कुर्रे ने बताया कि दुर्ग-रायपुर राष्ट्रीय मार्ग पर कुम्हारी टोल प्लाजा के समीप हुई ट्रक क्रमांक एचआर-38 जेड-3022 का चालक कटिंग से यूटर्न लेकर सड़क किनारे वाहन खड़ा कर रहा था इसी दौरान हाईवा क्रमांक सीजी 04 एलबी-9345 वहां पहुंचा वाहन खड़ा करने को लेकर दोनों चालकों के बीच विवाद शुरू हो गया प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार मामूली विवाद कुछ ही देर में उग्र हो गया आरोप है कि हाईवा चालक ने ट्रक चालक के साथ हाथ-मुक्कों से मारपीट की घटना के बाद ट्रक चालक की तबीयत अचानक बिगड़ गई परिजन और साथी उसे? उपचार के लिए अस्पताल ले जा रहे थे, लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई घटना की सूचना मिलने पर कुम्हारी थाने पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरूकी मामले की गंभीरता को देखते हुए घटनास्थल के सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए? प्रत्यक्षदर्शियों के बयान दर्ज किए गए सीसीटीवी और साक्ष्यों के आधार पर कार्रवाई जांच के दौरान मिले साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने बालोद जिले के रनचिरई थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम भूसरेंगा निवासी देव कुमार साहू (37) को आरोपी बनाया उसके खिलाफभारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 105 के तहत प्रकरण दर्ज कर गिरफ्तार किया गया पुलिस ने घटना से संबंधित हाईवा वाहन और सीसीटीवी फुटेज को भी जब्त कर लिया है आरोपी को न्यायालय में पेश करने के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है मामले की आगे जांच जारी है।

### कुहुकी कलाग्राम में दस दिवसीय लोक वाद्य निर्माण कार्यशाला शुरू

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भिलाई, 14 जून।** लोक कला एवं पारंपरिक वाद्य यंत्रों के संरक्षण और संवर्धन के उद्देश्य से कुहुकी कलाग्राम संग्रहालय परिसर, मरोदा सेक्टर मैत्री बाग के समीप में 14 जून से 23 जून तक दस दिवसीय लोक वाद्य निर्माण कार्यशाला-शिविर का आयोजन किया जा रहा है। लोक वाद्य संग्राहक रिखी क्षत्रिय ने बताया कि कार्यशाला का उद्घाटन 14 जून को शाम 5 बजे किया जाएगा। शिविर में प्रतिभागियों को खंजेरी, तंबूरा, गतका, तुरही, चरहे, चिटकुली, कुहुकी और रूंजु जैसे पारंपरिक लोक वाद्य यंत्रों के निर्माण का प्रशिक्षण दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि कार्यशाला में विभिन्न क्षेत्रों के अनुभवी शिल्पकार एवं लोक कलाकार प्रशिक्षण देंगे। बेल मेटल कला के लिए कोंडागांव के बनियापारा निवासी शिबू कश्यप, लौह शिल्प के लिए ग्राम दहीकोंगा के रामदास, मिट्टी शिल्प के लिए मरारपारा कोंडागांव के डमरु चक्रधारी, काष्ठ कला के लिए दीपक तारम, बिजेलाल तथा राजनांदगांव जिले के डोंगरगढ़ निवासी पन्नालाल अपनी विशेषज्ञता साझा करेंगे। वहीं रूंजु वाद्य निर्माण का प्रशिक्षण गाड़ाडीह के नंद कुमार देवार एवं डोरे लाल तथा तंबूरा निर्माण का प्रशिक्षण रनचिरई के रामकुमार पाटिल द्वारा दिया जाएगा। कार्यशाला प्रतिदिन सुबह 7 बजे से 11 बजे तक तथा शाम 5 बजे से 8 बजे तक संचालित होगी। आयोजन में सभी आयु वर्ग के लोग, विशेषकर युवा वर्ग, भाग ले सकते हैं।

# पीएम मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर हनुमान चालीसा पाठ

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कवर्धा, 14 जून।** भारतीय जनता युवा मोर्चा जिला कबीरधाम द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के सफल 12 वर्ष पूर्ण होने तथा देश के सबसे लंबे समय तक लगातार सेवा देने वाले निर्वाचित प्रधानमंत्री बनने के गौरवपूर्ण अवसर पर भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष राहुल टिकरीहा एवं भाजपा जिलाध्यक्ष राजेन्द्र चंद्रवंशी एवं भाजयुमो जिला अध्यक्ष उमंग पांडे के नेतृत्व में जिलेभर में हनुमान चालीसा पाठ, महाआरती एवं प्रसाद वितरण कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।इसी क्रम में कवर्धा स्थित खेड़ापति हनुमान मंदिर सहित पंडरिया क्षेत्र में भी भव्य धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं एवं श्रद्धालुओं द्वारा सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ एव रामायण पाठ किया गया तथा तत्पश्चात महाआरती कर प्रसाद वितरण किया गया।इस अवसर पर भाजयुमो जिला अध्यक्ष उमंग पांडेय ने कहा कि इस पावन अवसर पर भगवान हनुमान एवं भगवान भोलेनाथ से देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु एवं यशस्वी नेतृत्व की कामना की गई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक कुशल प्रशासक, दूरदर्शी नेतृत्वकर्ता एवं करोड़ों कार्यकर्ताओं के प्रेरणास्रोत हैं, जिन्होंने भारत को विश्व पटल पर नई पहचान दिलाई है। सभी ने उनके स्वस्थ, दीर्घ एवं सफल जीवन के लिए प्रार्थना करते हुए राष्ट्र की उन्नति, समृद्धि एवं जनकल्याण की कामना की।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पूर्व विधायक सियाराम साहू, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष रामकुमार भट्ट, भाजपा जिला महामंत्री नितेश अग्रवाल एवं विक्की अग्रवाल, कवर्धा शहर मंडल अध्यक्ष सतविंदर पाहुजा, नगर पालिका अध्यक्ष चंद्र प्रकाश चंद्रवंशी तथा खेड़ापति हनुमान मंदिर के पुजारी चंद्रकिरण तिवारी के द्वारा पूजन कराया साथ ही कमलेश दुवेदी, भूपेंद्र सिंह, संतोषी जायसवाल, वेद कुमारी चौबे, छाया नामदेव, रिंकेश वैष्णव, ज्योति केशरवानी, भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष अजय ठाकुर, योगेंद्र ठाकुर, राकेश साहू, विकास कुर्रे, विक्रम साहू, दीपक सोनी, कार्तिक सोनी, विद्या गंधर्व, मोनिका विश्वकर्मा, आयुष वर्मा, कृष्णा मिश्रा, शिवशंकर भल्लावी, दीपक सिन्हा, नम्रता मोदी, संदीप गुप्ता, प्रवीण ठाकुर, मोहन चंद्रवंशी साथ ही पंडरिया में आयोजित कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष रवीश सिंह, भाजयुमो जिला महामंत्री अमित चंद्रवंशी, थानेश्वर जायसवाल जी, श्री नवल किशोर पांडे, कल्याण सिंह, चंद्र कुमार सोनी, जनक चंद्राकर, वीरेंद्र शर्मा, विजय जायसवाल, मंडल महामंत्री ललित चंद्रवंशी, कार्यक्रम संयोजक एवं कुशल संचालनकर्ता पवन कुंभकार, हरीश जैन, नगर पालिका उपाध्यक्ष भाई सुमित तिवारी, हरि साहू, पूरन राजपूत, रवि चंद्रवंशी, संतोष साहू, अमन पाठक, सुनील साहू, रामफल यादव, महेश चंद्राकर, तुलसी धुर्वे, नरेंद्र निर्मलकर, जनक पात्रे, मुन्ना डाहीरे, श्रवण साहू, शिवचरित्र सिंह सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# यातायात पुलिस सिमगा ने नेशनल हाईवे के ढाबा संचालकों की ली बैठक

■ अवैध अतिक्रमण और पार्किंग हटाने की दी सख्त हिदायत

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**सिमगा 14 जून।** रायपुर-बिलासपुर नेशनल हाईवे (हा) पर यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने, सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने और आम नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आज पुलिस बल द्वारा एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया। पुलिस अधीक्षक श्री ओ.पी. शर्मा के कुशल निर्देशन एवं मार्गदर्शन में आज दिनांक 13.06.2026 को शाम 06:00 बजे थाना सिमगा परिसर में यातायात पुलिस बल सिमगा द्वारा हाईवे किनारे संचालित सभी ढाबा संचालकों की एक आवश्यक बैठक ली गई। ?बैठक में निरीक्षक नरेश दीवान प्रभारी यातायात सिमगा द्वारा उपस्थित सभी ढाबा संचालकों को नेशनल हाईवे के नियमों का कड़ाई से पालन करने के संबंध में विस्तृत समझाइश दिया गया। अवैध अतिक्रमण पर रोकः ढाबा संचालकों को स्पष्ट रूप से निर्देशित किया गया है कि वे नेशनल हाईवे (हा) की सीमा या सड़क के किनारे किसी भी प्रकार का अवैध अतिक्रमण, शेड, या दुकानें न लगाएं। इससे सड़क संकरी होती है और दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ता है। व्यवस्थित पार्किंग की जिम्मेदारीः ढाबों पर आने वाले भारी वाहनों (ट्रक, ट्रेलर) और अन्य गाड़ियों को हाईवे पर बेतरतीब खड़ा करने के बजाय ढाबा परिसर के अंदर या निर्धारित पार्किंग स्थल पर ही पार्क कराया जाए। सड़क पर खड़ी गाड़ियों के कारण अक्सर गंभीर हादसे होते हैं। अंधेरे मोड़ों पर विशेष ध्यानः ढाबा संचालकों से कहा गया है कि वे अपने प्रतिष्ठानों के सामने पर्याप्त रोशनी (लाइटिंग) की व्यवस्था रखें ताकि रात के समय हाईवे से गुजरने वाले वाहनों को दूर से ही खड़ी गाड़ियां या ढाबा स्पष्ट नजर आ सके। अवैध गतिविधियों पर पूर्ण प्रतिबंधः ढाबा परिसरों में किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि या नशे को बढ़ावा न देने की चेतावनी दी गई। ऐसा पाए जाने पर सख्त कानूनी कार्रवाई की बात कही गई। सख्त कार्रवाई की चेतावनीः- पुलिस द्वारा ढाबा संचालकों को सख्त लहजे में सचेत किया गया है कि दी गई समझाइश के बाद भी यदि किसी ढाबे के सामने हाईवे पर अवैध पार्किंग या अतिक्रमण पाया जाता है, तो संबंधित संचालक के विरुद्ध यातायात नियमों और कानून के तहत कड़ी दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही वाहनों पर भी चालानी कार्रवाई की जाएगी। यातायात पुलिस टीम द्वारा सभी ढाबा संचालकों से अपील किया गया कि, वे रायपुर-बिलासपुर नेशनल हाईवे को सुरक्षित और दुर्घटनामुक्त बनाने में पुलिस का सहयोग करें। आज की इस बैठक में क्षेत्र के दर्जनों ढाबा संचालक, थाना सिमगा का स्टाफ और यातायात पुलिस बल के अधिकारी-कर्मचारी मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## एक नजर

### सीएम हेल्पलाइन से मिली त्वरित सहायता,पीएम किसान सम्मान निधि की लंबित राशि के निराकरण की प्रक्रिया हुई शुरू



**बलौदाबाजार,14 जून(तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में संचालित सीएम हेल्पलाइन 1076 आमजन की समस्याओं के त्वरित निराकरण का प्रभावी माध्यम बन रही है। जिले के ग्राम छेरकापुर निवासी श्री मोहित राम कन्नौजे को भी सीएम हेल्पलाइन के माध्यम से राहत मिली है। श्री मोहित राम कन्नौजे को वर्ष 2022 से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत मिलने वाली 2,000 रुपये की किश्त का लाभ प्राप्त नहीं हो रहा था। समस्या के निराकरण हेतु उन्होंने सीएम हेल्पलाइन के टोल फ्री नंबर 1076 पर अपनी शिकायत दर्ज कराई। शिकायत प्राप्त होने के पश्चात संबंधित विभाग द्वारा पीएम किसान सम्मान निधि पोर्टल में प्रकरण की जांच की गई तथा उनका भौतिक सत्यापन त्वरित रूप से कराया गया। विभाग द्वारा उन्हें आश्वस्त किया गया है कि आवश्यक प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद आगामी किश्तों की राशि उनके खाते में हस्तांतरित कर दी जाएगी। श्री मोहित राम कन्नौजे ने मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय द्वारा प्रारंभ की गई सीएम हेल्पलाइन सेवा की सराहना करते हुए कहा कि यह आम नागरिकों के लिए अत्यंत उपयोगी पहल है। उन्होंने बताया कि अब लोगों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए कार्यालयों के चक्कर लगाने की आवश्यकता नहीं पड़ती, बल्कि एक फोन कॉल के माध्यम से उनकी समस्याओं के निराकरण की प्रक्रिया शुरू हो जाती है। उन्होंने त्वरित कार्रवाई एवं सहायता के लिए मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय तथा जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सीएम हेल्पलाइन शासन और आमजन के बीच विश्वास एवं जवाबदेही को मजबूत करने का कार्य कर रही है।

### ग्राम पुराना खर्वे में शराब में नशीला पदार्थ,जहर मिलाकर हत्या करने की शिकायत पर पुलिस ने की कार्रवाई

**बलौदाबाजार 14 जून(तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** थाना कसडोल क्षेत्र के ग्राम पुराना खर्वे में एक शिकायत पर पुलिस एवं प्रशासनिक अमले द्वारा त्वरित और वैधानिक कार्रवाई की गई है। ग्रामीणों द्वारा प्रस्तुत की गई शिकायत, जिसमें ग्राम के ही एक संदेही द्वारा अंधविश्वास एवं जमीन में घड़ा मिलने के लालच में ग्रामीणों को शराब के साथ नशीला पदार्थ या जहर मिलाकर हत्या करने का आरोप लगाया गया था। शिकायतकर्ताओं ने आरोप लगाया था कि 1 फरवरी से 14 मई 2026 के मध्य गांव के लगभग 08 व्यक्तियों की संदिग्ध परिस्थितियों में मृत्यु हुई है, जिनमें मृतक महेतरु साहू पिता छोटूराम साहू (उम्र 41 वर्ष) भी शामिल थे। मृतक महेतरु साहू की मृत्यु दिनांक 14.05.2026 को नदी नहाने जाने से पूर्व संदेही की दुकान में शराब पीने के बाद अचानक तबीयत बिगड़ने से हुई थी। प्रारंभ में इसे सामान्य मृत्यु या हार्ट अटैक मानकर परिजनों द्वारा बिना पोस्टमार्टम कराए शव का कफन-दफन कर दिया गया था। प्रस्तुत शिकायत के आधार पर थाना कसडोल में विधिवत मर्ग इंटिमेशन क्रमांक 58/2026 दर्ज कर जांच में लिया गया। अधिकारियों की उपस्थितिः शव उत्खनन मर्ग जांच के दौरान अनुविभागीय दण्डाधिकारी कसडोल से विधिवत अनुमति प्राप्त कर आज दिनांक 13.06.2026 को मृतक महेतरु साहू के शव को उत्खनन कर बाहर निकाला गया। वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थितिः इस पूरी प्रक्रिया के दौरान श्री कौशल किशोर वासनिक (उप पुलिस अधीक्षक, कैंप कसडोल), निरीक्षक प्रवीण मिंज (थाना प्रभारी, कसडोल), सुश्री आकांक्षा तिवारी (नायब तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी, कसडोल) सहित भारी पुलिस बल और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर मौजूद रहे। वैज्ञानिक व चिकित्सीय परीक्षणः शव का उत्खनन कर स्नस्रुकी टीम द्वारा सूक्ष्मता से परीक्षण किया गया तथा डॉक्टरों की टीम द्वारा विधिवत पोस्टमार्टम की कार्रवाई संपादित की जा रही है। प्रकरण में फॉरेंसिक रिपोर्ट और पोस्टमार्टम की विस्तृत रिपोर्ट प्राप्त होने के पश्चात मृत्यु के वास्तविक कारणों का खुलासा होगा। पुलिस द्वारा यह भी लोगों से अपील की जाती है कि इस संबंध में किसी भी प्रकार की मिथक बात अथवा अफवाह आदि ना फैलाए, क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करें।

# महिला एचएम के स्थानांतरण से क्षेत्र के ग्रामीणों में आक्रोश

## मामला - ग्राम पंचायत चटौद के शासकीय प्रायमरी स्कूल का

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कुरूद/चटौद 14 जून।** शिक्षा विभाग द्वारा धमतरी जिला के अंतर्गत आने वाले विकासखंड कुरूद के ग्राम पंचायत चटौद के प्रायमरी स्कूल की एक महिला एच.एम (प्रधान पाठक) का बिना कारण बताओ नोटिस जारी किए आनन फानन में धमतरी जिले के डुबान क्षेत्र में कर दिए जाने से ग्रामीणों में भारी आक्रोश पनपते हुए झूठी शिकायत पर विभाग द्वारा ट्रांसफर किए जाने से तरह तरह के सवाल खड़े करने लगे। मामला जब प्रकाश में आया कि सुशासन शिविर के दौरान गांव के कुछ प्रभावशाली लोगों की फर्जी शिकायत के आधार पर शिक्षा विभाग द्वारा बिना कारण बताए महिला एच.एम सुषमा चंद्राकर का धमतरी जिले के डुबान क्षेत्र में स्थानांतरण कर दिया गया जिससे ग्राम में हड़कंप मच गया और ग्रामीणों में शिक्षा विभाग की कार्यप्रणाली को लेकर तरह तरह की चर्चाओं का गर्म होने लगा।

वहीं दूसरी ओर ग्रामीण शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव से मुलाकात कर ट्रांसफर रोके जाने को लेकर मोर्चा खोलने की तैयारियों में जुटे हुए हैं। इधर शाला विकास समिति के सदस्यों के द्वारा बताया गया कि सरकारी स्कूल के शिक्षा का स्तर बढ़ाने की अच्छी सोच मैडम को भारी पड़ी और उन्हें गंदी राजनीति का शिकार होना पड़ा जिसे हम कभी बर्दाश्त नहीं करेंगे और शीघ्र ही जिम्मेदार उच्च अधिकारियों से झूठी शिकायत का पर्दाफाश कर मैडम का स्थानांतरण रुकाने का प्रयास किया जाएगा।

**शासकीय जमीन पर निजी स्कूल का कब्जाः** ग्रामीणों ने बताया कि स्कूल की शासकीय जमीन पर ग्राम के कुछ मौका परस्त जनप्रतिनिधियो और प्रभावशाली लोगों के द्वारा प्राइवेट स्कूल का निर्माण कर लाभ की मंशा रखते हुए गरीबों के सरकारी स्कूल के स्तर को नीचा गिराने का प्रयास किया जा रहा था जिसके खिलाफएच एम और ग्रामीणों ने 2023 से मोर्चा खोला और समय समय में मुख्यमंत्री,संभागीय कमिश्नर, जिला कलेक्टर,एस डीएम को ज्ञापन के माध्यम से अवगत करा दोषियों के विरुद्ध ठोस कार्यवाही की मांग की गई थी परन्तु झूठी शिकायत पर एच एम का स्थानांतरण करना दुर्भाग्यपूर्ण है। जिसे ग्रामीण कभी स्वीकार नहीं करेंगे। प्रधान पाठिका सुषमा चंद्राकर ने बताया कि शाला की हालत लंबे समय से खराब थी, फिर भी पंचायत और शाला विकास समिति (एसएमसी) की ओर से इस दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा था। सुविधाओं की कमी और असुरक्षित वातावरण के कारण शाला की उपस्थिति घटकर अब मात्र 22 छात्र रह गई है। उन्होंने बताया कि शाला की शासकीय भूमि पर पिछले 14 वर्षों से एक निजी स्कूल संचालित किया जा रहा था। अनेक शिकायतों और प्रयासों के बाद सात जुलाई 2024 को प्रशासनिक हस्तक्षेप से उक्त निजी स्कूल को शासकीय परिसर खाली करना पड़ा। इसके साथ ही शाला की तीन एकड़ कृषि भूमि पर भी कुछ स्थानीय दबंगों ने कब्जा किया हुआ है। इस भूमि से प्राप्त धान की राशि स्कूल फंड में जमा की जानी चाहिए, ताकि उससे शाला का -विकास किया जा सके। परंतु गांव के कुछ प्रभावशाली लोगों का इस पर विरोध है। उनका कहना है कि वे भूमि स्कूल को नहीं देंगे। प्रधान पाठिका ने एक उदाहरण देते हुए बताया कि पहले निजी स्कूल कीओर से 'मंदबुद्धि' कहकर निकाल दिए गए बच्चे को उन्होंने शासकीय स्कूल में दाखिला दिलाया और अब वह बच्चा सामान्य रूप से पढ़ाई कर रहा है। यह साबित करता है कि सरकारी शिक्षक अपने विद्यार्थियों को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। ग्रामीणों की मांग है कि प्राथमिक शाला चटौद के लिए नया भवन शीघ्र स्वीकृत किया जाए और कब्जाई गई शासकीय भूमि स्कूल को वापस दिलाई जाए, ताकि बच्चों को सुरक्षित और बेहतर शिक्षा वातावरण मिल सके। इस संबंध में विकासखंड स्रोत समन्वयक कुलेश्वर सिन्हा द्वारा बताया गया था कि ग्राम विकास समिति और शाला प्रबंधन समिति को मिलकर विद्यालय के हित में काम करना चाहिए। उन्होंने कहा था कि जर्जर भवन की मरम्मत, बच्चों की सुरक्षा, खेल मैदान और सार्वजनिक शौचालय के लिए भूमि आरक्षण जैसी ज़रूरी मांगों पर गंभीरता से विचार किया जाएगा। सूत्रों के अनुसार, सरपंच, शाला विकास समिति के कुछ सदस्य और ग्राम के कुछ रंगदार शिक्षक वर्ग शाला के शिक्षकों को परेशान किया जाता रहा है। इसके अलावा शिक्षण कार्यों में भी अनावश्यक दखल दिया जाता रहा हैं। शिक्षकों का कहना कि इस तरह के व्यवहार से बच्चों की शिक्षा पर नकारात्मक असर पड़ रहा था।

**स्थानांतरण के खिलाफ याचिका दायर कर न्याय के लिए गुहारः** प्रायमरी स्कूल की प्रधान पाठक ने बताया कि मैं विकासखंड कुरुद ग्राम चटौद के प्रायमरी स्कूल में 2023 से पदभार संभाल रही हूं और मैंने स्कूल की शिक्षा के स्तर को उच्च बनाने के प्रयास के साथ साथ स्कूल की जमीन पर गैर सरकारी संस्था द्वारा कब्जा कर प्राइवेट स्कूल का संचालन के विरोध में जागरूक ग्रामीणों की सहायता से शिकायत कर दोषियों के विरुद्ध कार्यवाही की मांग की जा रही थी परन्तु मुझे ही अधिकारियों के द्वारा कारण बताओ नोटिस जारी किया जाता रहा। फिर भी मैंने चुनौतियों को स्वीकार करते हुए हमेशा प्राथमिक शाला चटौद के विकास के प्रतिबद्ध रही और अपने कर्तव्यों का पालन करती रही परंतु गांव के कुछ प्रभावशाली लोग नहीं चाहते कि शासकीय शाला का विकास हो और गरीब के बच्चे पढ़ लिखकर अपना मुकाम हासिल करे। वहीं मैडम द्वारा बताया गया कि स्कूल से लगी सरकारी भूमि पर खेती की जा रही है जिसका लाभ कुछ प्रभावशाली लोग उठा रहे हैं, वहीं दूसरी ओर 14 वर्ष से शासकीय जमीन पर बिल्डिंग का उपयोग किया जा रहा है । लगभग 33 वर्षों से सरकारी भवन में प्राइवेट का संचालन किया जा रहा है। प्राथमिक शाला में एक और अतिरिक्त कक्ष स्वीकृत हुई थी जिसे शाला परिसर में बनना था परन्तु प्राइवेट स्कूल को बचाने के लिए अतिरिक्त भवन का निर्माण 01 किलोमीटर दूर बनाया गया है जिसका शिकायत आवेदन एसडीएम को कई बार दिया गया परंतु कोई कार्रवाई नहीं किया गया और जिसका विरोध करने पर आए दिन धमकी दी जाती रही है, और अखबार पर झूठी खबर प्रकाशित करा बदनाम किया गया व कहा जाता रहा है कि मौका पड़ने पर तुम्हारी शिकायत कर तुम्हारा ऐसी जगह ट्रांसफर कराएंगे जहां कोई भी शिक्षक पढ़ाना नहीं चाहेगा। प्रधान पाठक ने बताया कि उन्हें बिना कारण बताए द्वेष भावना के चलते डुबान क्षेत्र के स्कूल में स्थानांतरण करने के विरोध में शीघ्र ही माननीय न्यायालय की शरण में याचिका दर्ज कर उचित न्याय के लिए गुहार लगाऊंगी।

# डोंगरगढ़ परिक्रमा पथ फोरलेन मार्ग निर्माण को मिली गति



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 14 जून।** डोंगरगढ़ को देश के प्रमुख धार्मिक एवं पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के तहत प्रस्तावित 8 किलोमीटर लंबे परिक्रमा पथ फोरलेन मार्ग निर्माण परियोजना की प्रक्रिया तेजी से आगे बढ़ रही है। इस परियोजना को वर्ष 2024-25 के प्रथम अनुपूरक बजट में शामिल किया गया था तथा राज्य शासन के लोक निर्माण विभाग द्वारा 18 मार्च 2025 को 55 करोड़ 45 लाख 57 हजार रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई थी।

कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रस्तावित फोरलेन मार्ग की कुल लंबाई 8 किलोमीटर होगी। जिसमें से 4.475 किलोमीटर भाग शासकीय भूमि पर तथा 3.525 किलोमीटर भाग निजी भूमि पर निर्मित किया जाएगा। परियोजना के लिए कुल 6.386 हेक्टेयर (लगभग 15.78 एकड़) निजी भूमि के अधिग्रहण का प्रस्ताव है।

इस परियोजना से ग्राम गाजमर्रा, राजकट्टा, कुर्रूभाठ एवं छीरपानी के 46 किसान प्रभावित होंगे। प्रभावित किसानों को मुआवजा प्रदान करने के लिए लगभग 6 करोड़ 33 लाख 22 हजार 720 रुपये का अवार्ड प्रस्ताव कलेक्टर राजनांदगांव के समक्ष प्रस्तुत किया गया है। भूमि अधिग्रहण प्रक्रिया के अंतर्गत चारों ग्रामों में सार्वजनिक सूचना जारी की जा चुकी है तथा किसानों की सहमति प्राप्त करने सहित अन्य वैधानिक कार्यवाही प्रचलन में है। परियोजना क्षेत्र में अवैध एवं अनधिकृत भूमि क्रय-विक्रय की संभावनाओं को रोकने तथा मूल भू-स्वामियों के हितों की सुरक्षा के लिए प्रशासन द्वारा आवश्यक प्रतिबंधात्मक कदम भी उठाए गए हैं।

यह परिक्रमा पथ डोंगरगढ़ के प्रमुख धार्मिक एवं पर्यटन स्थलों को बेहतर संपर्क प्रदान करेगा। मार्ग से प्रज्ञागिरि बौद्ध विहार, मां बम्लेश्वरी मंदिर, जटा शंकर पहाड़ी, चंद्रगिरि जैन मंदिर, प्रतिभा स्थल, सतनाम तीर्थ स्थल तथा खाटूश्याम मंदिर तक पहुंच अधिक सुगम और सुरक्षित होगी। लोक निर्माण विभाग के अनुसार निविदा प्रक्रिया पूर्ण होने के पश्चात लगभग 18 माह के भीतर निर्माण कार्य पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। प्रस्तावित फोरलेन मार्ग की चौड़ाई औसतन 25 मीटर होगी।

परियोजना के पूर्ण होने से श्रद्धालुओं को सुरक्षित एवं व्यवस्थित आवागमन की सुविधा मिलेगी, पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा, स्थानीय व्यापार एवं अर्थव्यवस्था को नई गति प्राप्त होगी तथा डोंगरगढ़ क्षेत्र के सौंदर्यीकरण और समग्र विकास को बल मिलेगा।

# देवपुर में औषधीय वनस्पतियों पर एक दिवसीय बॉटनाइजेशन कार्यशाला का आयोजन

■ 80 से अधिक औषधीय वनस्पति प्रजातियों की गई पहचान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बलौदाबाजार, 14 जून।** वनमंडल बलौदाबाजार के देवपुर परिक्षेत्र में वन मंत्री श्री केदार कश्यप के निर्देशानुसार एवं प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख अरुण कुमार पांडेय के मार्गदर्शन 13 जून 2026 को औषधीय वनस्पतियों की पहचान एवं उनके महत्व पर केंद्रित एक दिवसीय बॉटनाइजेशन कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य वन क्षेत्र में उपलब्ध औषधीय पौधों की पहचान, उनके विभिन्न अंगों जैसे छाल, पत्ती, तना, जड़, फल एवं फूल के आधार पर वर्गीकरण तथा उनके औषधीय महत्व की जानकारी प्रदान करना था।

कार्यशाला में वनमंडल बलौदाबाजार, वनमंडल कवर्धा एवं उदंती-सीतानदी टाइगर रिजर्व के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त पारंपरिक वनौषधीय ज्ञान रखने वाले वैद्यगण, वन प्रबंधन समिति के सदस्य, बारनवापारा के गाइड्स तथा छात्र-छात्राओं ने भी उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

कार्यक्रम के दौरान अर्जुन, आंवला, बहेड़ा, बेल, काली मुसली, हाथीपांव, दूधी, भुईनीम, सतावर, खरहर, ठेलका, नरनारी, गरुड़ सहित लगभग 80 औषधीय वनस्पति प्रजातियों की पहचान कराई गई। विशेषज्ञों द्वारा इन प्रजातियों के पर्यावरणीय व्यवहार, संरक्षण की आवश्यकता तथा उनके फल, फूल, पत्ती, जड़ एवं अन्य भागों के माध्यम से विभिन्न मानवीय रोगों के उपचार में उपयोग संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। साथ ही स्वस्थ, निरोग एवं दीर्घायु जीवनशैली के लिए प्रकृति आधारित ज्ञान के महत्व पर भी प्रकाश डाला गया। वन मंडल अधिकारी बलौदा बाजार धम्मशील गणवीर ने कहा कि कार्यशाला का उद्देश्य केवल औषधीय ज्ञान का प्रसार करना ही नहीं बल्कि इस ज्ञान को समाज के अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाकर वृक्षों एवं वनस्पतियों के महत्व के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति जनसहभागिता को प्रोत्साहित करना भी था।

# सदगुरु कबीर आश्रम में मिली 300 वर्ष पुरानी पाण्डुलिपियों को डिजिटली संरक्षित किया गया



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार,14 जून।** ज्ञानभारतम राष्ट्रीय पांडुलिपि सर्वेक्षण अभियान के अंतर्गत शनिवार को विकासखंड सिमगा के कबीर धर्म नगर दामाखेड़ा स्थित सदगुरुदेव कबीर आश्रम में लगभग 300 वर्ष पुरानी हस्तलिखित प्राचीन पांडुलिपियाँ प्राप्त हुई जिनका डिजिटल संरक्षण ज्ञानभारतम एप के माध्यम से किया गया। इस अवसर पर डॉ.भानुप्रताप साहेब का शाल व श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान एसडीएम अतुल शेट्टे,कबीर आश्रम समिति के अध्यक्ष प्रकाश पटेल एवं सरपंच श्री कमलेश साहू उपस्थित थे।

प्राप्त जानकारी के अनुसार सदगुरुदेव कबीर आश्रम में 300 वर्ष से अधिक पुरानी एवं वर्ष 1910 के मध्य कबीर साहित्य एवं विभिन्न वंशाचार्यो के निर्देश पर हस्तलिखित 28 ग्रन्थ को सहेज कर रखा गया था।इन दुर्लभ ग्रंथो की कुल पृष्ठ संख्या लगभग 2521 है। इन ग्रंथो में कबीर ग्रंथावली,पंथ श्री हुजूर नाम साहब 8 वें गुरू,जन्म वंशावली धर्मदास,शब्द होरी,ब्रम्ह समाधि, ज्ञान सकरी,अंकुर विस्तार,ब्रम्ह निरूपण,ग्रन्थ चूडामणि प्रकाश,मूल ज्ञान की सीढ़ी,अनुराग सागर, ग्रंथ विवेक सागर,अगम संदेश,रामानंद की गोष्ठी,सुल्तान बोध,काया पांजी,मूल पांजी,लोक संदेश,भेद शास्त्र,सुमरन सार भेद,जुग समाधी,सुका वाटक,निर्भय ज्ञान,पंचायन बोध पार्ट-1से 5 तक शामिल हैं। ज्ञातव्य है कि भारत सरकार संस्कृति मंत्रालय के निर्देशनुसार ज्ञान भारतम राष्ट्रीय पांडुलिपि सर्वेक्षण का कार्य कलेक्टर कुलदीप शर्मा के मार्गदर्शन में जिले में किया जा रहा है. इस सर्वेक्षण का मुख्य उद्देश्य पांडुलिपियों की उपस्थिति का मानचित्रण करना और उनके व्यवस्थित संरक्षण, अनुसंधान और डिजिटलीकरण के लिए आधार तैयार करना है। कलेक्टर श्री इस राष्ट्रीय सर्वे में सहयोग करें और कोई भी हस्तलिखित प्राचीन ग्रन्थ हो तो सर्वे टीम को जानकारी दें। इस कार्य में ग्रन्थ का केवल फोटो लेकर अपलोड किया जाएगा, मूल प्रति आपके पास ही रहेगा।

# बुजुर्गों के लिए इन्दू फ्यूचर विंग्स फाउंडेशन ने शुरू किया 'हमर ठीहा'

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता






**नगरी 14 जून।** समाज में वरिष्ठ नागरिकों के सम्मान, संरक्षण और निःस्वार्थ सेवा की दिशा में इन्दू फ्यूचर विंग्स फाउंडेशन ने एक सराहनीय कदम उठाया है। फाउंडेशन द्वारा नगरी में अति वरिष्ठ नागरिकों के लिए एक विशेष वृद्धाश्रम का भव्य शुभारंभ किया गया है। छत्तीसगढ़ी संस्कृति और अपनेपन को समेटे हुए इस नवनिर्मित वृद्धाश्रम को 'हमर ठीहा' (हमर ठीहा, हमार घर, हमर चिन्हा) नाम दिया गया है। इन्दू फ्यूचर विंग्स फाउंडेशन की संचालक श्रीमती इन्दू पटेल ने इस नेक पहल के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि संस्था केवल शिक्षा के क्षेत्र तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को समझते हुए इस आश्रम की नींव रखी गई है। उन्होंने कहाः उम्र के इस पड़ाव में हमारे बुजुर्गों को सबसे ज्यादा सम्मान और देखभाल की जरूरत होती है। 'हमर ठीहा' का उद्देश्य केवल उन्हें आश्रय देना नहीं, बल्कि उन्हें एक ऐसा माहौल देना है जहां वे गरिमा और खुशहाली के साथ अपना जीवन बिता सकें। शुरुआती चरण में ही इस संस्थान में 17 बुजुर्गों का सफलतापूर्वक पंजीकरण किया जा चुका है। आश्रम में रह रहे वरिष्ठ नागरिकों के स्वास्थ्य और मनोरंजन का विशेष ध्यान रखा गया है, जिसके तहत उन्हें निम्नलिखित सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं: बुजुर्गों के लिए पौष्टिक सुबह का नाश्ता और दोपहर के शुद्ध व संतुलित भोजन की व्यवस्था। एकाकीपन दूर करने और आपस में समय बिताने के लिए विशेष रूप से टेलीविजन और मनोरंजन के अन्य साधन उपलब्ध कराए गए हैं। कार्यक्रम में शामिल हुए कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा, पार्षद चैलेश्वरी साहू, अश्वनी निषाद, शंकरदेव, मिकी गुप्ता, अंबिका ध्रुव सहित अनेक वरिष्ठ नागरिक एवं सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी अतिथियों और क्षेत्र के वरिष्ठ नागरिकों ने इन्दू फ्यूचर विंग्स फाउंडेशन के इस मानवीय प्रयास की जमकर सराहना की। नगर पंचायत अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने संस्थान को अपनी शुभकामनाएं देते हुए समाज के अन्य वर्गों से भी बुजुर्गों के प्रति संवेदनशील होने का आह्वान किया।

## आलाकमान का दबदबा कम हो गया है

सबसे बड़ा नेता या आलाकमान तो हर राजनीतिक दल मे होता है। यानी ऐसा नेता जिसने कुछ कह दिया,कर दिया तो उसका पालन करना ही होगा। पालन होता है तो माना जाता है कि आलाकमान का दबदबा है,सम्मान है,पार्टी में अनुशासन है, आस्था है, विश्वास है,भरोसा है कि आलाकमान जो कहता है या कहता है वह पार्टी हित में होता है, उससे ही पार्टी का भला हो सकता है।उसका विरोध कोई किसी तरह से नहीं करता है कोई करता है तो उसे इस गुस्ताखी की सजा जरूर मिलती है क्योंकि यह आलाकमान की इज्जत की बात होती है। किसी भी वजह से आलाकमान की बात न मानी जाए,यह आलाकमान की बेइज्जती समझी जाती है। आलाकमान ने तय कर दिया कि कोई नेता किसी प्रदेश से राज्यसभा में भेजा जाएगा। तो इस पर हर हाल में अमल होना चाहिए,अमल हो तो माना जाएगा कि आलाकमान की बात मानी गई,आलाकमान की पार्टी में दबदबा है, नहीं मानी जाती है तो माना जाता है कि आलाकमान की दबदबा कम हो रहा है। राज्यसभा किस नेता को किस प्रदेश से भेजा जाना है,कांग्रेस में यह तय राहुल गांधी करते हैं। वही अघोषित आलाकमान है,वही अघोषित सबसे बड़े नेता है, उन्होंने तय कर दिया कि मप्र में मीनाक्षी नटराजन को राज्य सभा में भेजा जाना है।फिर तो यह मप्र के सब कांग्रेस नेताओं व संगठन की महती जिम्मेदारी है कि वह ऐसा करके दिखाए।ऐसा होना ही चाहिए था क्योंकि कांग्रेस के पास इसके लिए पर्याप्त संख्या बल था।इसके बाद भी कांग्रेस नेताओं की किसी लापरवाही की वजह से मीनाक्षी नटराजन का नामांकन ही कोई जानकारी न दिए के आधार पर रद्द कर दिया जाए तो यह कांग्रेस नेताओं की गलती मानी चाहिए लेकिन कांग्रेस के नेता इसके लिए भाजपा को दोषी ठहरा रहे हैं कि भाजपा ने शिकायत की नामांकन में कोई जरूरी जानकारी नहीं दी गई इसलिए नामांकन रद्द कर दिया। नामांकन में यह जानकारी कैसे नहीं दी गई। क्यों नहीं दी गई और भाजपा को नहीं दी जाने वाली जानकारी किसने दी। माना जा रहा है कि यह जानकारी भाजपा को कांग्रेस के किसी नेता या नेताओं ने दी है ताकि भाजपा शिकायत करे और मीनाक्षी नटराजन का नामांकन ही रद्द हो जाए। यानी मीनाक्षी मप्र से राज्यसभा में जा ही न सके। सीधी सी बात है कि कांग्रेस आलाकमान चाहता था कि उनकी खास नेता मप्र से राज्यसभा में जाए और मप्र व तेलंगाना के कुछ कांग्रेस नेता नहीं चाहते थे कि मीनाक्षी मप्र से राज्यसभा में जाए। क्योंकि उनसे कांग्रेस नेताओं की पुरानी खुन्नस है, मौका मिला और उन्होंने मीनाक्षी को बता दिया कि हम भी क्या कर सकते हैं। आलाकमान मीनाक्षी को राज्यसभा में चाहकर भी नहीं भेज सका और कांग्रेस के कुछ नेताओं ने चाहा कि मीनाक्षी राज्यसभा में न जा सके और वह अपनी कोशिश मे सफल रहे। इससे साफ हो जाता है कि कांग्रेस में आलाकमान की बात आंखमुंदकर मानने वालों की संख्या राज्यों में कम होती जा रही है।कांग्रेस आलाकमान का मालूम है या बताने वालों ने बता दिया होगा कि मीनाक्षी राज्यसभा में नहीं जा सकीं तो उसके लिए कौन से कांग्रेस नेता दोषी है लेकिन आलाकमान जाहिर तौर पर उनके खिलाफ कुछ कह नहीं सकता, कुछ कर नहीं कर सकता क्योंकि इससे फजीहत तो आलाकमान की ही होनी है कि कांग्रेस में आलाकमान की बात भी अब मानी नहीं जा रही है। ऐसा नहीं है कि यह कोई पहला ऐसा मामला है जिससे संकेत मिलता है कि कांग्रेस आलाकमान का दबदबा अब कम हो रहा है यानी राज्य के बड़े नेता वह नहीं कर रहे हैं जो आलाकमान चाहता है।इसकी शुरुआत केरल से देखी जा सकती है, आलाकमान केरल में सीएम वेणुगोपाल को बनाना चाहता था, इसके लिए दस दिन तक सतीशन पर हर तरह से मनाने का प्रयास किया गया लेकिन सतीशन नहीं माने और आलाकमान को मजबूरी में सतीशन को सीएम बनाना पड़ा। कांग्रेस में पहली बार ऐसा हुआ कि आलाकमान जिसे सीएम बनाना चाहता था,वह नहीं बना,आलाकमान जिसे नहीं चाहता था वह सीएम बन गया।इसके बाद कर्नाटक में छह माह से सिध्दारमैया सीएम कुर्सी छोड़ नहीं रहे थे जबकि आलाकमान चाहता था कि वह स्वेच्छा से सीएम की कुर्सी छोड़ दें। आलाकमान को कहना पड़ा तब सिध्दारमैया ने सीएम की कुर्सी छोड़ी और आलाकमान के वादे के अनुसार शिवकुमार सीएम बन सके। सिध्दारमैया ने कुर्सी छोडने के बाद कहा भी आलाकमान के कहने पर कुर्सी छोड़ दिया हूं। लेकिन वह आलाकमान का यह कहना मानने से इंकार कर दिया कि वह दिल्ली की राजनीति करें और राज्य की राजनीति शिवकुमार को करने दें। उन्होंने आलाकमान से साफ कह दिया कि वह राज्य में ही रहेंगे और राज्य की राजनीति करेंगे यानी शिवकुमार को आने वाले दिनों में परेशान करते रहेंगे। राहुल गांधी कहते हैं कि पीएम मोदी कमजोर नेता हैं लेकिन हकीकत में पीएम मोदी तो पार्टी के सबसे बड़े नेता होने के साथ ही गठबंधन के बड़े नेता है, देश के बड़े नेता हैं और विश्व के बड़े नेताओं में से एक हैं। पीएम मोदी की तुलना में राहुल गांधी तो इतने कमजोर नेता हैं कि अपनी पसंद की एक नेता को राज्यसभा में नहीं भेज पाते हैं कांग्रेस के कुछ नेता ही ऐसी साजिश करते हैं कि उनकी पसंद की नेता का नामांकन रद्द हो जाता है। वह राज्यसभा नहीं जा पाती है और राहुल गांधी अपनी कमजोरी को छिपाने के लिए भाजपा पर आरोप लगाते हैं कि उसके कारण ऐसा हुआ है। वह हमेशा की तरह अपनी कमजोरी को छिपाने के लिए भाजपा पर आरोप लगाते हैं, इस बार उनका आरोप है कि वोट चोरी,सरकार चोरी के बाद अब सीट चोरी के जरिए चुनाव के पहले ही मुकाबला खत्म कर दिया गया है। भाजपा और चुनाव आयोग के रहते कांग्रेस के कई नेता राज्यों से राज्यसभा में गए हैं, इससे राहुल गांधी के आरोप में कोई दम नहीं रह जाता है कि मप्र में जो कुछ हुआ उसके लिए महज भाजपा दोषी है।

**विश्लेषण**

# महंगाई का बढ़ता साया

**डॉ. प्रियंका 'सौरभ'**



भारत जैसे विशाल और विकासशील देश में महंगाई केवल एक आर्थिक शब्द नहीं, बल्कि करोड़ों परिवारों के दैनिक जीवन से जुड़ी एक ऐसी वास्तविकता है जो उनकी आय, बचत, भोजन, शिक्षा और भविष्य की योजनाओं को सीधे प्रभावित करती है। हाल ही में प्रकाशित रिपोर्टों और बाजार के रुझानों से स्पष्ट है कि मार्च के बाद से रोजमर्रा की जरूरतों के सामान की कीमतों में 15 से 20 प्रतिशत तक की वृद्धि दर्ज की गई है। खाद्य तेल, साबुन, डिटर्जेंट, कॉफी, हैंडवॉश, नमकीन, शैंपू और दालों जैसे आवश्यक उत्पादों के दाम लगातार बढ़ रहे हैं। इसके साथ ही पेट्रोल, डीजल और गैस सिलेंडर की कीमतों में हुई वृद्धि ने आम उपभोक्ता की परेशानी को और बढ़ा दिया है। महंगाई का सबसे अधिक प्रभाव मध्यम और निम्न आय वर्ग पर पड़ता है। इन वर्गों की आय सीमित होती है और उनके खर्च का बड़ा हिस्सा भोजन, आवास, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी आवश्यक जरूरतों पर खर्च होता है। जब रोजमर्रा की वस्तुओं के दाम बढ़ते हैं तो इनके पास बचत के अवसर कम हो जाते हैं। परिणामस्वरूप परिवारों को अपनी आवश्यकताओं में कटौती करनी पड़ती है या फिर कर्ज का सहारा लेना पड़ता है। रिपोर्ट के अनुसार खाद्य तेलों की कीमतों में सबसे अधिक वृद्धि देखने को मिली है। जहां जून में इनमें 3 से 5 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई थी, वहीं मार्च के बाद अब तक यह वृद्धि 20 से 25 प्रतिशत तक पहुंच चुकी है। भारत खाद्य तेलों की आवश्यकता का एक बड़ा हिस्सा आयात करता है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल और खाद्य तेलों की कीमतों में उतार-चढ़ाव का सीधा असर भारतीय बाजार पर पड़ता है। पश्चिम एशिया में भू-राजनीतिक तनाव, आपूर्ति श्रृंखला में बाधाएं और परिवहन लागत में वृद्धि ने खाद्य तेलों को महंगा बना दिया है।

महंगाई का दूसरा महत्वपूर्ण कारण ऊर्जा कीमतों में बढ़ोतरी है। घरेलू गैस सिलेंडर की कीमत में 10 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हुई है, जबकि कमर्शियल सिलेंडर, पेट्रोल और डीजल भी महंगे हुए हैं। ऊर्जा किसी भी अर्थव्यवस्था की रीढ़ होती है। जब ईंधन महंगा होता है तो परिवहन लागत बढ़ जाती है। इसका असर खेतों से मंडियों तक, फैक्ट्रियों से बाजारों तक और गोदामों से उपभोक्ताओं तक हर स्तर पर दिखाई देता है। फलस्वरूप लगभग हर वस्तु की कीमत बढ़ जाती है। आज कंपनियां भी बढ़ती लागत के दबाव में हैं। कच्चे माल, बिजली, परिवहन और पैकेजिंग की लागत बढ़ने से उत्पादन खर्च में वृद्धि हुई है। इस स्थिति में कंपनियां दो तरीके अपनाती हैं— या तो उत्पादों के दाम बढ़ाती हैं या पैकेट का आकार घटा देती हैं। उपभोक्ताओं को अक्सर यह महसूस नहीं होता कि समान कीमत पर मिलने वाला उत्पाद अब पहले से कम मात्रा में उपलब्ध है। इसे अर्थशास्त्र की भाषा में "श्रिंकफ्लेशन" कहा जाता है। यह भी महंगाई का एक छिपा हुआ रूप है।

महंगाई का सबसे स्पष्ट असर रसोई पर दिखाई देता है। एक मध्यमवर्गीय परिवार का मासिक रसोई बजट यदि पहले 15 हजार रुपये था तो कीमतों में बढ़ोतरी के कारण यह खर्च अब 17 से 18 हजार रुपये तक पहुंच सकता है। यह वृद्धि सुनने में छोटी लग सकती है, लेकिन सालभर में यह अतिरिक्त खर्च हजारों रुपये तक पहुंच जाता है। जिन परिवारों की आय स्थिर है, उनके लिए यह स्थिति और अधिक कठिन हो जाती है। ग्रामीण क्षेत्रों में भी स्थिति कम चुनौतीपूर्ण नहीं है। खेती में डीजल, खाद, बीज और कीटनाशकों की लागत बढ़ने से कृषि उत्पादन महंगा हुआ है। किसान को अपनी फसल का उचित मूल्य नहीं मिलता, जबकि उपभोक्ता को वही उत्पाद महंगे दामों पर खरीदना पड़ता है। इस प्रकार महंगाई का बोझ उत्पादक और उपभोक्ता दोनों पर पड़ता है, जबकि बीच की आपूर्ति श्रृंखला और बाजार संरचना अधिक लाभ अर्जित करती है। महंगाई का सामाजिक प्रभाव भी गहरा होता है। जब आवश्यक वस्तुएं महंगी होती हैं तो परिवार सबसे पहले मनोरंजन, पर्यटन और विलासिता के खर्च में कटौती करते हैं। इसके बाद शिक्षा, स्वास्थ्य और पोषण जैसे क्षेत्रों पर भी असर पड़ने लगता है। कई परिवार बच्चों के लिए पौष्टिक भोजन खरीदने में असमर्थ हो जाते हैं। इससे कुपोषण और स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं बढ़ सकती हैं। दूसरी ओर, शिक्षा पर होने वाले खर्च में कमी भविष्य की मानव पूंजी को प्रभावित करती है। आर्थिक दृष्टि से नियंत्रित महंगाई को विकास का संकेत माना जाता है, क्योंकि इससे मांग और उत्पादन में वृद्धि का संकेत मिलता है। लेकिन जब महंगाई आय वृद्धि से अधिक तेजी से बढ़ने लगे तो यह आर्थिक असंतुलन पैदा करती है। वर्तमान स्थिति में यही चिंता सामने आ रही है। वेतन और रोजगार की वृद्धि दर उतनी तेज नहीं है जितनी तेजी से आवश्यक वस्तुओं की कीमतें बढ़ रही हैं। इससे वास्तविक क्रय शक्ति कम हो रही है। भारतीय रिजर्व बैंक और सरकार महंगाई को नियंत्रित करने के लिए समय-समय पर कदम उठाते हैं। ब्याज दरों में परिवर्तन, आयात शुल्क में कमी, आवश्यक वस्तुओं के भंडारण पर निगरानी और बाजार में आपूर्ति बढ़ाने जैसे उपाय किए जाते हैं। हालांकि वैश्विक परिस्थितियों, अंतरराष्ट्रीय व्यापार और भू-राजनीतिक तनावों के कारण कई बार इन प्रयासों का प्रभाव सीमित रह जाता है। वर्तमान परिस्थितियों में सरकार को बहुआयामी रणनीति अपनाने की आवश्यकता है। खाद्य तेलों और आवश्यक वस्तुओं के आयात पर निर्भरता कम करने के लिए घरेलू उत्पादन को बढ़ावा देना होगा। कृषि क्षेत्र में आधुनिक तकनीकों का विस्तार, भंडारण सुविधाओं का विकास और आपूर्ति श्रृंखला की दक्षता बढ़ाना आवश्यक है। साथ ही जमाखोरी और कृत्रिम मूल्य वृद्धि पर कड़ी निगरानी रखनी होगी। पेट्रोलियम उत्पादों पर कर संरचना की समीक्षा भी उपभोक्ताओं को राहत देने में सहायक हो सकती है।

उपभोक्ताओं की भी भूमिका महत्वपूर्ण है। अनावश्यक खरीदारी से बचना, बजट आधारित खर्च करना, स्थानीय उत्पादों को प्राथमिकता देना और बचत की आदत विकसित करना वर्तमान समय की आवश्यकता है। डिजिटल माध्यमों से कीमतों की तुलना कर बेहतर विकल्प चुनना भी खर्च कम करने में मददगार हो सकता है। महंगाई केवल आर्थिक आंकड़ों का विषय नहीं है, बल्कि यह करोड़ों भारतीय परिवारों के जीवन स्तर, पोषण, शिक्षा और भविष्य की संभावनाओं से जुड़ा प्रश्न है। यदि आवश्यक वस्तुओं की कीमतों में इसी प्रकार निरंतर वृद्धि होती रही तो इसका प्रभाव केवल घरेलू बजट तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि सामाजिक और आर्थिक विकास की गति पर भी पड़ेगा। इसलिए सरकार, उद्योग जगत और उपभोक्ताओं—तीनों को मिलकर संतुलित और दीर्घकालिक समाधान तलाशने होंगे। आज आवश्यकता इस बात की है कि विकास की चमक केवल आंकड़ों में नहीं, बल्कि आम आदमी की थाली, रसोई और जेब में भी दिखाई दे। जब तक महंगाई पर प्रभावी नियंत्रण नहीं होगा, तब तक आर्थिक प्रगति का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पूरी तरह नहीं पहुंच पाएगा। महंगाई की चुनौती केवल सरकार की नहीं, बल्कि पूरे राष्ट्र की साझा चुनौती है, जिसका समाधान सामूहिक प्रयासों से ही संभव है।

## राशिफल

**मेष** आज आपके भीतर नई ऊर्जा और नए सपनों की हलचल बनी रहेगी। काम को लेकर कई नए विचार मन में आएंगे और आप उन्हें पूरा करने के लिए जी-जान लगा देंगे। जिम्मेदारियां बढ़ सकती हैं, लेकिन आपकी मेहनत आपको पीछे नहीं हटने देगी। नौकरी बदलने की सोच रहे लोगों के लिए समय अनुकूल है। संपत्ति से जुड़ा फैसला लाभदायक साबित हो सकता है। अविवाहित लोगों के जीवन में नए रिश्ते की दस्तक दिल को खुश कर सकती है।

**वृषभ** आज का दिन संतुलन और समझदारी के साथ आगे बढ़ने का रहेगा। खर्चों पर नियंत्रण रखना आपके लिए फायदेमंद रहेगा। राजनीति या सार्वजनिक जीवन से जुड़े लोगों को नई पहचान मिल सकती है। आपकी नेतृत्व क्षमता लोगों को प्रभावित करेगी। नए संपर्क भविष्य में लाभ दिला सकते हैं। जीवनसाथी के साथ पुराने मतभेद बातचीत से दूर होंगे और रिश्ते में फिर से मिठास लौटेगी।

**मिथुन** आज भाग्य आपके साथ कदम से कदम मिलाकर चलेगा। कई काम आसानी से पूरे होते नजर आएंगे। सामाजिक क्षेत्र में आपकी सक्रियता बढ़ेगी और प्रभावशाली लोगों से मुलाकात होगी। हालांकि कुछ लोग आपकी छवि खराब करने की कोशिश कर सकते हैं, इसलिए सावधान रहें। घर के रुके हुए काम समय रहते पूरे कर लें। परिवार में किसी सदस्य के बाहर जाने की खबर भावुक माहौल बना सकती है।

**कर्क** आज आपका हर काम उत्साह और सकारात्मक सोच से भरा रहेगा। समझदारी से लिए गए फैसले सफलता दिलाएंगे। भक्ति और आध्यात्म में मन लगेगा, जिससे मानसिक शांति मिलेगी। बिजनेस में आपकी रचनात्मक सोच नए अवसर पैदा करेगी। विद्यार्थियों को मेहनत जारी रखनी होगी। संतान से जुड़ी कोई अच्छी खबर दिल को गर्व और खुशी से भर सकती है।

**सिंह** आज व्यापार और योजनाओं के लिहाज से दिन अनुकूल रहेगा। आपके फैसले अच्छे परिणाम देंगे और आत्मविश्वास मजबूत होगा। घर में किसी मेहमान के आने से रौनक बढ़ेगी। कुछ काम टालने की आदत नुकसान दे सकती है, इसलिए समय का सही उपयोग करें। छोटी यात्रा या घूमने का प्लान आपके मन को तरोताजा कर देगा।

**कन्या** आज निवेश और आर्थिक फैसलों के लिए समय अच्छा है। काम के सिलसिले में यात्रा हो सकती है, जो आगे चलकर लाभदायक साबित होगी। सेहत को हल्के में लेने की गलती न करें। भाई-बहनों के साथ रिश्तों में मिठास बनी रहेगी। माता-पिता की सेवा में समय बिताकर मन को संतोष मिलेगा। लंबे समय से रुकी हुई कोई डील आगे बढ़ सकती है।

**तुला** आज आर्थिक स्थिति में सुधार के संकेत मिल रहे हैं। व्यापार में साझेदारी का प्रस्ताव मिल सकता है, जो भविष्य में फायदेमंद रहेगा। विद्यार्थियों के लिए उच्च शिक्षा के रास्ते खुल सकते हैं। किसी दूर के रिश्तेदार से खुशखबरी मिलने की संभावना है। उधार दिया धन वापस मिल सकता है और नौकरीपेशा लोगों को प्रमोशन या सराहना मिल सकती है।

**वृश्चिक** आज का दिन प्रगति और सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा। आपकी मेहनत रंग लाएगी और आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। किसी से किया वादा निभाने की जिम्मेदारी महसूस करेंगे। जरूरतमंद की मदद करके मन को शांति मिलेगी। काम से जुड़े नए विचार भविष्य में बड़ी सफलता का आधार बन सकते हैं।

**धनु** आज कामकाज के क्षेत्र में आपकी मेहनत की तारीफ होगी। बॉस के साथ अच्छा तालमेल रहेगा और स्थिति मजबूत होगी। बिजनेस में भी आपके प्रयास रंग लाने लगेंगे। सरकारी नौकरी की तैयारी कर रहे लोगों को सकारात्मक संकेत मिल सकते हैं। परिवार में अपनापन बढ़ेगा, हालांकि किसी विरोधी की बात थोड़ी देर के लिए मन खराब कर सकती है।

**मकर** आज हर फैसला सोच-समझकर लेने की जरूरत होगी। जल्दबाजी नुकसान पहुंचा सकती है। बिजनेस में बदलाव करने से पहले सभी पहलुओं पर ध्यान दें। कठिन परिस्थिति में धैर्य ही आपका सबसे बड़ा सहारा बनेगा। कोई बनता हुआ काम अचानक रुक सकता है, लेकिन हिम्मत बनाए रखें। जरूरत पड़ने पर मदद आसानी से मिल जाएगी।

**कुंभ** आज भावनाओं में बहकर कोई फैसला लेने से बचें। किस्मत आपका साथ दे सकती है, लेकिन आलस्य से दूरी बनानी होगी। अविवाहित लोगों की किसी खास व्यक्ति से मुलाकात हो सकती है। जीवनशैली में सुधार लाने की कोशिश करेंगे। रुका हुआ धन वापस मिलने की संभावना है। पुराने दोस्त से मुलाकात पुराने दिनों की यादें ताजा कर देगी।

**मीन** आज सेहत के मामले में राहत महसूस होगी और पुरानी परेशानी कम हो सकती है। हालांकि कोई विरोधी परेशान करने की कोशिश करेगा, इसलिए सतर्क रहें। कुछ नया करने की इच्छा आपको रचनात्मक दिशा में आगे बढ़ाएगी। संतान के व्यवहार को लेकर चिंता हो सकती है, लेकिन धैर्य से सब संभल जाएगा। कर्ज लौटाने की स्थिति बन सकती है और सरकारी काम समय पर पूरे होने से मानसिक शांति मिलेगी।

# हाँ वह पाकिस्तानी है

**व्यंग्य**

**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'**

मई की उस तीखी दोपहर धूप इतनी नग्न थी कि जिला शिक्षा अधिकारी के दफ्तर की दीवार से चूना नहीं, गरिमा झड़ रही थी। तरुण श्रीवास्तव अपनी टूटी चप्पल की रबर को तागे से बांधते हुए काउंटर नंबर चार की जाली पर नाक सटाए खड़ा था। गणित में सौ में से सात नंबर पाकर वह हैरान नहीं था, वह तो बस उस क्लर्क की उंगलियों की रफ्तार देख रहा था जो पान चबाते हुए देश का भविष्य थूक रहा था। तरुण ने अपनी उत्तर पुस्तिका की दोबारा जांच के लिए प्रार्थना पत्र आगे बढ़ाया, तो क्लर्क ने उसे ऐसे देखा जैसे किसी ने लंगर में पनीर की सब्जी मांग ली हो। उसने बिना सिर उठाए कहा, "लड़के, ये सरकारी स्याही है, गंगाजल नहीं कि हर पापी को पवित्र कर दे।" तरुण की आंखों में आंसू नहीं, बारहवीं क्लास की पूरी मुफ़लिसी तैर गई, जिसने रातों को जागकर अपना खून सुखाया था। उसने धीमे से कहा, "सर, मेरी री-टोटलिंग कर दीजिए, मेरे घर में मां की दवाई के पैसे इसी वजीफे से आने थे।" क्लर्क ने जोर से हंसते हुए कहा, "बेटा, यहां दिल की री-टोटलिंग नहीं होती, जाओ घर जाकर हल चलाओ।"

अगले दिन जब अखबार के कोने में एक छोटी सी खबर छपी कि एक मेधावी छात्र के नंबरों की हेराफेरी हुई है, तो शहर के नामचीन न्यूज चैनल 'सत्य का तांडव' के दफ्तर में हलचल मच गई। शाम आठ बजे स्टूडियो की बत्तियां ऐसे चमकीं जैसे किसी मुजरे की महफिल सजी हो। एंकर ने अपनी टाई सीधी की, चेहरे पर थूक की तरह चमकता राष्ट्रवाद पोता और कैमरे की तरफ उंगली तानकर चिल्लाया, "क्या शिक्षा तंत्र को बदनाम करने की ये कोई गहरी साजिश है।" पर्दे पर तरुण का सीधा-साधा, डरा हुआ चेहरा दिखाई दे रहा था। एंकर ने अपनी आवाज को पांचवें गियर में डालते हुए कहा, "यह लड़का जो खुद को श्रीवास्तव बता रहा है, क्या इसकी जड़ों के तार सरहद पार से नहीं जुड़े हैं।" स्टूडियो की वातानुकूलित हवा में देशभक्ति का ऐसा रायता फैला कि मर्यादा के सारे बर्तन टूट गए। तरुण अपनी मां का हाथ पकड़े टीवी स्क्रीन को देख रहा था, जहां उसकी अठारह साल की मेहनत को पल भर में बारूद की ढेरी पर बिठा दिया गया था।

मुहल्ले के लोग जो कल तक तरुण को देखकर अपनी बेटियों को पढ़ने की नसीहत देते थे, अचानक अपनी खिड़कियां बंद करने लगे। परचून वाले गुप्ता जी ने उधार का नमक देने से मना कर दिया क्योंकि अब वह नमक देशद्रोही की सब्जी में उबलने वाला था। शाम को जब तरुण गली से निकला, तो कुछ लड़कों ने उसे देखकर नारा लगाया। तरुण रुक गया, उसने अपनी फटी जेब में हाथ डाला जहां स्क्रूटनी की रसीद रखी थी। उसने सामने खड़े अपने सबसे पक्के दोस्त से पूछा, "क्या तुम्हें भी लगता है कि मेरी कॉपी में पाकिस्तान का नक्शा बना था।" दोस्त ने थूकते हुए कहा, "भैया, टीवी झूठ नहीं बोलता।" बात इतनी छोटी सी थी, पर कलेजे को ऐसे चीर गई जैसे सूखी लकड़ी पर कुल्हाड़ी की मार। मां ने रात को चूल्हा नहीं जलाया क्योंकि गेंहू के आटे में अब साज़िश की बू आने लगी थी। दोनों चुपचाप अंधेरे कमरे में बैठे रहे, जहां सिर्फ एंकर की चीखें दीवार से टकराकर गूंज रही थीं। तरुण ने रोते हुए मां का पल्लू पकड़ लिया और सुबकने लगा। उसने कांपती आवाज में कहा, "मां, मुझे इस शहर में अब एक पल भी नहीं रहना, यह जगह इंसानों के रहने लायक नहीं है।" मां ने उसके आंसू पोंछते हुए ढांढस बंधाया, "चल बेटा, हम अपने पुरखों के गांव लौट चलते हैं, वहां की मिट्टी अपने पराए का भेद नहीं करती।" तरुण जिद पर अड़ गया और रात में ही दोनों ने गांव की बस पकड़ ली। लेकिन शहर की केबल लाइनें और मोबाइल के टावर गांव की पगडंडियों से ज्यादा तेज निकले। सोशल मीडिया की जहरीली हवा वहां पहले ही पहुंच चुकी थी। सुबह जब दोनों गांव के अड्डे पर उतरे, तो चचेरे भाई ने गले लगाने के बजाय हाथ पीछे खींच लिए। पंचायत के चबूतरे पर कानाफूसी होने लगी और बूढ़े काका ने दूर से ही चिल्लाकर कहा, "हमारे गांव का पानी अपवित्र मत करो, अपनी गद्दारी की गंध वहीं शहर में छोड़कर आते।"

सच्चाई की तलाश में जब शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष ने एक जांच कमेटी बैठाई, तो पाया गया कि कंप्यूटर के एक छोटे से वायरस की वजह से पांच हजार बच्चों के नंबर आपस में बदल गए थे। तरुण के वास्तव में निन्यानवे प्रतिशत नंबर थे, वह पूरे सूबे का टॉपर था। इस बात की आधिकारिक घोषणा करने के लिए बोर्ड ने एक भव्य प्रेस कॉन्फ्रेंस बुलाई। चैनल 'सत्य का तांडव' का वही एंकर अपनी नई जैकेट पहनकर माइक संभाले सबसे आगे खड़ा था। उसने कैमरे पर अपनी गलती नहीं मानी, बल्कि एक नया कोण ढूंढ निकाला। उसने चिल्लाकर कहा, "देखिए हमारी पत्रकारिता का असर, कैसे एक भटके हुए नौजवान को मुख्यधारा में वापस लाया गया।" पूरा देश तालियां बजा रहा था, सोशल मीडिया पर बधाई के संदेशों की बाढ़ आ गई थी और लोग उस लड़के की तारीफों के कसीदे पढ़ रहे थे जिसने व्यवस्था की खामी को सुधारा था।

एंकर अपने कैमरामैन के साथ सीधे तरुण के गांव की तरफ दौड़ा ताकि लाइव स्क्रीन पर उसकी मां के बहते हुए खुशी के आंसू दिखाकर टीआरपी का नया कीर्तिमान स्थापित किया जा सके। गांव के मुहाने पर भारी भीड़ जमा थी, लेकिन वहां उत्सव का माहौल नहीं था। एंकर माइक तानकर भीड़ को चीरते हुए आगे बढ़ा, जहां नीम के पुराने पेड़ से एक रस्सी लटक रही थी। तरुण ने अपनी ही शर्ट का फंदा बनाकर अपनी अठारह साल की जिंदगी को मुकम्मल कर लिया था। उसकी लाश के पैर जमीन से दो फीट ऊपर हवा में झूल रहे थे, और नीचे मिट्टी में गिरी उसकी जेब से वही री-टोटलिंग की रसीद हवा में फड़फड़ा रही थी। एंकर ने झिझकते हुए माइक तरुण की रोती हुई मां के मुंह के पास सटाया और कहा, "अरे, यह क्या हुआ, आपका बेटा तो टॉपर निकला, पूरा देश उसे ढूंढ रहा है।" मां ने पथराई आंखों से एंकर की तरफ देखा, उसकी फटी रसीद को उठाया और एंकर की चमचमाती जैकेट पर चिपकाते हुए कहा, "साहब, अब इस पर निन्यानवे नंबर नहीं, सौ नंबर लिख दो, क्योंकि उसने आज अपनी देशभक्ति का आखिरी इम्तहान भी पास कर लिया है।" एंकर का माइक हाथ से छूटकर गोबर में गिर गया और कैमरे का लेंस उस खाली फंदे पर टिक गया जो अब पूरी व्यवस्था को मुंह चिढ़ा रहा था।

# व्यूज की अंधी दौड़ में लहूलुहान होती सामाजिक मर्यादा

**अजय कुमार,**



गुरुग्राम के एक स्टैंडअप कॉमेडी शो में "370 की बिरयानी की कीमत एक महिला की अस्मिता से लगाने वाले दर्शक का वीडियो और उस पर ताली पीटते कॉमेडियन प्रणीत मोरे का ठहाका सिर्फ एक तात्कालिक विवाद नहीं, बल्कि भारतीय स्टैंडअप कॉमेडी के उस गहरे नैतिक और वैचारिक पतन का दस्तावेज़ है, जो पिछले एक दशक से धीरे-धीरे हमारे समाज में पैठ बना रहा था। यह घटना साफ तौर पर रेखांकित करती है कि व्यूज, लाइक्स और वायरल क्लिप्स की अंधी दौड़ में हास्य और अश्लीलता के बीच का अंतर पूरी तरह समाप्त हो चुका है। जहाँ दर्शक हिमांशु जांगड़ा की नौकरी चली गई, वहीं प्रणीत मोरे को अपना सोशल मीडिया अकाउंट बंद कर माफी मांगनी पड़ी। वहीं, दिवंगत अभिनेता इरफान खान की पत्नी सुतापा सिकदर से लेकर अभिनेत्री रश्मि देसाई तक ने इस खोखली माफी को सिरे से खारिज कर दिया। विवाद केवल यहीं नहीं थमा; इसी शो की एक अन्य क्लिप में एक महिला मेडिकल छात्रा ने मेडिकल कॉलेज में 'डेड बॉडी' के प्राइवेट पार्ट्स पर मज़ाक बनाने की बात गर्व से कबूल की, जिसने चिकित्सा जगत की नैतिकता और देहदान करने वाले परिवारों की भावनाओं को बुरी तरह झकझोर कर रख दिया। यह अराजकता किसी एक मंच की नहीं, बल्कि उस 'क्राउडवर्क' फॉर्मेट की देन है, जहाँ बिना स्क्रिप्ट, बिना सेंसर और बिना संपादन के केवल तात्कालिक भीड़ को हंसाने के लिए किसी भी हद तक जाने की खुली छूट ले ली गई है। भारतीय स्टैंडअप कॉमेडी का इतिहास पिछले एक दशक में जितनी तेज़ी से व्यावसायिक रूप से समृद्ध हुआ है, वैचारिक और सामाजिक रूप से वह उतना ही सतही और खोखला होता गया है। आज डिजिटल प्लेटफॉर्म्स का पूरा एल्गोरिदम रचनात्मकता से ज्यादा 'शॉक वैल्यू' और विवाद को बढ़ावा देता है। जब कलाकार को पता होता है कि जितना तीखा, अभद्र या विवादास्पद कंटेंट होगा, रील्स और शॉर्ट्स पर उतने ही मिलियन व्यूज मिलेंगे, तो वह सामाजिक मर्यादाओं को ताक पर रख देता है। अभिनेत्री रश्मि देसाई और आयशा खान का यह सवाल बेहद मौजूं है कि जब एक महिला की गरिमा को मंच पर तार-तार किया जा रहा था, तब उस हॉल में बैठे सैकड़ों लोगों में से एक भी व्यक्ति ऐसा क्यों नहीं था, जो उठकर इसका विरोध करता? सामूहिक हँसी अक्सर व्यक्तिगत विवेक को सुला देती है और यही इस डिजिटल इकॉनॉमी का सबसे खतरनाक पहलू है। जब हास्य का पैमाना केवल भीड़ का ठहाका बन जाए, तो वह कला नहीं, बल्कि एक अनियंत्रित तमाशा बन जाती है। यदि हम पिछले कुछ वर्षों के आंकड़ों और इतिहास पर नज़र डालें, तो स्टैंडअप कॉमेडी का यह भटकाव हर दिशा में फैला है, चाहे वह धर्म हो, देश की सुरक्षा एजेंसियां हों, सेना हो या फिर लोक संस्कृति। साल 2021 में मुनव्वर फारुकी को इंदौर में हिंदू देवी-देवताओं और गृह मंत्री पर कथित अभद्र टिप्पणी के आरोप में करीब एक महीना जेल में बिताना पड़ा था। इसके बाद 2023 में भारतीय मूल की अमेरिकी कॉमेडियन जरना गर्ग का वीडियो वायरल हुआ, जिसमें उन्होंने '19,000 हिंदू देवी-देवताओं' का मज़ाक उड़ाया, जिसके खिलाफ देशव्यापी आक्रोश देखने को मिला और कई राज्यों में एफआईआर की मांग की गई। साल 2024 में पुनः मुनव्वर फारुकी को मुंबई के एक शो में कोंकणी समुदाय पर अपमानजनक टिप्पणी के लिए लिखित माफी मांगनी पड़ी। वर्ष 2025 में यह विवाद चरम पर पहुंच गया, जब महाराष्ट्र में महज दो महीनों के दौरान कुणाल कामरा, समय रैना और प्रणीत मोरे पर अलग-अलग मामलों में गंभीर एफआईआर दर्ज हुईं। कुणाल कामरा द्वारा राजनीतिक नेतृत्व पर किए गए कटाक्ष के बाद मुंबई के हैबिटेट क्लब में तोड़फोड़ हुई और बीएमसी की कार्रवाई झेलनी पड़ी। इसी तरह अतीत में तन्मय भट्ट द्वारा भारत रत्न लता मंगेशकर और सचिन तेंदुलकर का मज़ाक उड़ाने पर भारी कानूनी और सामाजिक विरोध का सामना करना पड़ा था, जबकि आंध्र प्रदेश में कॉमेडियन अनुदीप को अभिनेता व नेता पवन कल्याण पर की गई टिप्पणी के कारण पुलिस हिरासत में जाना पड़ा। यह पूरा परिदृश्य दिखाता है कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के नाम पर एकतरफा ढाल तैयार की जा रही है। जब राजनेताओं, पुलिसकर्मियों या सेना के जवानों पर व्यंग्य किया जाता है, तो उसे लोकतांत्रिक अधिकार का नाम दिया जाता है, लेकिन जब इसी स्वतंत्रता का उपयोग किसी मृत देह के अपमान, किसी समुदाय की अस्मिता को ठेस पहुँचाने या महिला विरोधी मानसिकता को बढ़ावा देने के लिए किया जाता है, तब इसे किस श्रेणी में रखा जाएगा? देश में हर साल हजारों स्टैंडअप शो होते हैं और इनके वीडियो यूट्यूब व इंस्टाग्राम पर करोड़ों की कमाई करते हैं। इस विशाल बाजार की अपनी एक सामाजिक जिम्मेदारी बनती है। एक जीवंत लोकतंत्र में सत्ता, रूढ़ियों और पाखंड पर तीखा कटाक्ष होना अनिवार्य है और भारत में ऐसे बेहतरीन कलाकार हैं, जो मर्यादा में रहकर यह काम करते हैं। परंतु जब पूरी इंडस्ट्री को एक ही तराजू में तौला जाता है, तो नुकसान उन वास्तविक कलाकारों का होता है, जो कला की समझ रखते हैं। प्रणीत मोरे का यह कहना कि 'वह इंसान हैं और सीख रहे हैं", एक पेशेवर मंच पर अपनी जिम्मेदारी से भागने जैसा है। यदि वीडियो को एडिट कर, उस पर आकर्षक टैग लगाकर जानबूझकर वायरल किया गया, तो कॉमेडियन इस प्रकरण में बराबर का भागीदार है। हास्य का मूल उद्देश्य समाज को आईना दिखाना और तनाव कम करना होता है, न कि किसी की गरिमा को कुचलना। सरकार या अदालतें कानून बनाकर मंच पर सेंसरशिप लागू नहीं कर सकतीं और न ही यह एक स्वस्थ समाज के लिए सही होगा। इसकी अंतिम रेखा उस दर्शक को ही खींचनी होगी, जो टिकट खरीदकर इन शो में बैठता है। जब तक दर्शक अश्लीलता, अभद्रता और संवेदनहीनता पर तालियाँ बजाना बंद नहीं करेंगे, तब तक व्यूज की भूख से तड़पते ये क्रिएटर मर्यादाओं को लांघते रहेंगे। समय आ गया है कि डिजिटल युग की इस 'बर्बर हँसी' के खिलाफ समाज स्वयं अपनी मूक सहमति को तोड़े और यह तय करे कि मनोरंजन के नाम पर किस हद तक नीचे गिरने की इजाजत दी जा सकती है।

## एक नजर

### नवीन जन्म प्रमाणपत्र एवं सुधार प्रक्रिया के लिए दिशा- निर्देश जारी

दंतेवाड़ा, 14 जून। सांख्यिकी विभाग द्वारा जारी विज्ञप्ति अनुसार जन्म प्रमाण पत्र बनवाने एवं उसमें सुधार कराने की प्रक्रिया को सुगम एवं पारदर्शी बनाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए विभिन्न आयु वर्ग के अनुसार आवश्यक दस्तावेजों की सूची निर्धारित की गई है। निर्देशानुसार जन्म के 0 से 21 दिवस के भीतर नवीन जन्म प्रमाण पत्र हेतु केवल माता-पिता का आधार कार्ड आवश्यक होगा। वहीं 22 दिवस से 1 वर्ष के भीतर जन्म पंजीयन कराने के लिए ग्राम पंचायत सचिव द्वारा जारी अनुपलब्धता प्रमाण पत्र, सरपंच द्वारा तैयार पंचनामा, विलंबित जन्म पंजीयन के लिए स्व-शपथ पत्र, बच्चे का आधार कार्ड अथवा अंकसूची एवं माता-पिता का आधार कार्ड प्रस्तुत करना होगा। इन दस्तावेजों के परीक्षण उपरांत जिला योजना एवं सांख्यिकी अधिकारी द्वारा आदेश जारी किया जाएगा। इसी प्रकार 1 वर्ष से अधिक आयु होने पर जन्म पंजीयन के लिए सचिव द्वारा अनुपलब्धता प्रमाण पत्र, सरपंच द्वारा पंचनामा, स्व-शपथ पत्र, बच्चे का आधार कार्ड या अंकसूची तथा माता-पिता का आधार कार्ड आवश्यक होगा। ऐसे मामलों में संबंधित तहसीलदार द्वारा आदेश जारी किया जाएगा। जन्म प्रमाण पत्र में किसी प्रकार के सुधार के लिए सभी आयु वर्ग के आवेदकों को पुराना जन्म प्रमाण पत्र, वह प्रमाण पत्र जिसके आधार पर सुधार किया जाना है, माता-पिता का आधार कार्ड तथा स्व-शपथ पत्र प्रस्तुत करना होगा। प्रशासन ने कहा कि नवीन जन्म प्रमाण पत्र बनवाने अथवा जन्म प्रमाण पत्र में सुधार कराने की प्रक्रिया में नोटरी कराने की कोई आवश्यकता नहीं है। नागरिक निर्धारित दस्तावेजों के साथ आवेदन प्रस्तुत कर सरलता से अपनी प्रक्रिया पूर्ण करा सकते हैं।

### पुरानी ट्रायसायकिल का पुनः उपयोग कर तैयार किया जा रहा कचरा संग्रहण वाहन

**बालोद, 14 जून।** सुप्रीम कोर्ट एवं राज्य कार्यालय के निर्देश के परिपालन में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन 2026 के प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने पुराने ट्रायसिकल का पुनः उपयोग कर कचरा संग्रहण वाहन के रूप में तैयार किया जा रहा है। जिसमें लाल डिब्बा सेनेटरी पैड डाइपर के लिए एवं पीला डिब्बा इलेक्ट्रॉनिक कचरे का संग्रहण किया जाएगा। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री सुनील चंद्रवंशी ने उक्त कचरा संग्रहण ट्रायसायकिल का अवलोकन किया। उल्लेखनीय है कि स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) तथा ठोस अपशिष्ट प्रबंधन 2026 के अंतर्गत ग्राम स्तर पर कचरा संग्रहण एवं परिवहन व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से ग्राम पंचायत द्वारा पुराने एवं अनुपयोगी हो चुके ट्राइसाइकिल वाहन का संशोधन (मॉडिफिकेशन) कर उसे पुनः उपयोग योग्य बनाया गया है। यह पहल संसाधनों के संरक्षण, लागत में कमी तथा पर्यावरण अनुकूल अपशिष्ट प्रबंधन को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। ग्राम पंचायत द्वारा संशोधित ट्राइसाइकिल में गीला कचरा, सूबा कचरा, घरेलू जोखिमयुक्त तथा सैनिटरी अपशिष्ट के पृथक संग्रहण हेतु अलग-अलग खंड विकसित किए गए हैं। वाहन पर नागरिकों को कचरा पृथक्करण के प्रति जागरूक करने वाले संदेश एवं स्वच्छता संबंधी नारे भी प्रदर्शित किए गए हैं, जिससे घर-घर कचरा संग्रहण के दौरान जनजागरूकता का कार्य भी किया जा सके। ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2026 के अनुसार स्रोत स्तर पर कचरे का पृथक्करण, पृथक संग्रहण, परिवहन एवं वैज्ञानिक प्रबंधन अनिवार्य किया गया है। इसी क्रम में ग्राम पंचायत द्वारा पुराने ट्राइसाइकिल का पुनः उपयोग करते हुए कम लागत में एक प्रभावी कचरा संग्रहण वाहन तैयार किया गया है। इससे पंचायत को नए वाहन की खरीद पर होने वाले व्यय से बचत होगी तथा उपलब्ध संसाधनों का बेहतर उपयोग सुनिश्चित होगा। संशोधित ट्राइसाइकिल के माध्यम से स्वच्छता कर्मचारी नियमित रूप से घर-घर जाकर पृथक कचरा संग्रहित करेंगे। संग्रहित गीले कचरे का प्रसंस्करण कम्पोस्टिंग अथवा अन्य वैज्ञानिक विधियों से किया जाएगा। जबकि सूखे कचरे को प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट अथवा पुनर्चक्रण केंद्रों तक पहुंचाया जाएगा। सैनिटरी एवं घरेलू जोखिमयुक्त अपशिष्ट का भी नियमानुसार पृथक प्रबंधन किया जाएगा। इसके साथ ही नागरिकों से अपील की गई है कि वे अपने घरों में कम से कम चार प्रकार के डस्टबिन का उपयोग करें तथा गीला, सूखा, सैनिटरी एवं घरेलू जोखिमयुक्त कचरे को अलग-अलग संग्रहित कर स्वच्छता कर्मियों को सौंपे। कचरे का पृथक्करण न केवल स्वच्छता

# भोपालपटनम की शराब दुकान में अवैध शराब की बिक्री का खुलासा, प्रशासन मौन

- निर्धारित मूल्य से अधिक राशि पर शराब विक्रय का लगा आरोप
- मैनेजर अक्षय सेठिया डाल रहे हैं जनता की जेब में डाका, उड़ा रहे हैं नियमों की धज्जियां

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**भोपालपटनम/बीजापुर 14 जून।** बीजापुर जिले के भोपालपटनम ब्लॉक में स्थित शासकीय शराब दुकान में अवैध शराब बिक्री का मामला प्रकाश में आया है, जिससे स्थानीय नागरिकों एवं गणमान्य नागरिकों में रोष व्याप्त है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, दुकान में पदस्थ मैनेजर अक्षय सेठिया और सेल्समैन मिलकर सांठगांठ करते हुए अवैध तरीके से शराब बेची जा रही है। अंग्रेजी शराब दुकान में निर्धारित मात्रा से अधिक दाम लेकर नकली और अवैध शराब बेची जा रही है।

स्थानीय लोगों का आरोप है कि दुकान के संचालक कुछ निजी व्यक्तियों के माध्यम से शराब की अवैध बिक्री करवा रहे हैं, जिनकी कोई रसीद या स्टॉक में प्रविष्टि नहीं होती। इससे जहां एक ओर शासन को राजस्व की हानि हो रही है, वहीं दूसरी ओर लोगों के स्वास्थ्य के साथ गंभीर खिलवाड़ किया जा रहा है।

**नियमों की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं**

शराब दुकान संचालन हेतु छत्तीसगढ़ शासन द्वारा निर्धारित समय, दर एवं गुणवत्ता मानकों का खुलेआम उल्लंघन हो रहा है। ग्राहक शिकायतों के बावजूद दुकान प्रबंधन और संबंधित आबकारी विभाग के अधिकारी इस मामले में चुप्पी साधे हुए हैं। ग्रामीणों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने इस अवैध गतिविधि के खिलाफ प्रशासन से सख्त कार्रवाई की मांग की है।

इस संबंध में जब मैनेजर अक्षय सेठिया बात करने की कोशिश की गई तो उन्होंने कहा कि मुझे बहुत जगह कमीशन देना पड़ता है इसलिए अधिक दाम में शराब बेचनी पड़ती है और मेरा सेटिंग सब जगह है। इस संबंध मे संबंधित आबकारी अधिकारी और स्थानीय प्रशासन से प्रतिक्रिया लेने की कोशिश की गई, तो कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया गया। अब देखना यह होगा कि शासन और प्रशासन इस गड़बड़ी पर क्या कार्रवाई करता है, या फिर यह मामला भी अन्य मामलों की तरह फाइलों में दब कर रह जाती है।

# उल्लास नवभारत अभियान को गति देने कलेक्टर ने साक्षरता केंद्रों के प्रभावी संचालन पर दिया जोर

- वॉलेंटियर टीचर बनने वाले विद्यार्थियों को मिलेंगे 10 बोनस अंक, असाक्षरों के सर्वे और ऑनलाइन प्रविष्टि में तेजी लाने के निर्देश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**दंतेवाड़ा, 14 जून।** जिले में संचालित उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम को और अधिक प्रभावी बनाने तथा शत-प्रतिशत असाक्षर नागरिकों तक साक्षरता का लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण के उपाध्यक्ष श्री जयंत नाहटा ने समीक्षा बैठक लेकर कार्यक्रम की प्रगति का जायजा लिया। बैठक कलेक्टर एवं जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण के अध्यक्ष श्री देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशानुसार आयोजित की गई।

बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री जयंत नाहटा ने स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुरूप असाक्षरों के सर्वे कार्य को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने तथा उसकी ऑनलाइन प्रविष्टि सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शिक्षार्थियों, स्वयंसेवी शिक्षकों और साक्षरता केंद्रों का समयबद्ध चिन्हांकन कर केंद्रों को आकर्षक एवं प्रेरणादायक स्वरूप दिया जाए, जिससे अधिक से अधिक लोग अभियान से जुड़ सकें। उन्होंने विशेष रूप से कक्षा 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों को व्हॉलेंटियर टीचर के रूप में जोड़ने पर बल देते हुए कहा कि इस कार्य में सहभागिता करने वाले विद्यार्थियों को 10 बोनस अंक प्रदान किए जाएंगे। इस प्रावधान की जानकारी गांव-गांव और जन-जन तक पहुंचाने के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश भी दिए गए।

बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी एवं सदस्य सचिव जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण श्री प्रमोद ठाकुर ने बताया कि उल्लास नवभारत साक्षरता केंद्रों के संचालन के लिए डाइट के अध्ययनरत विद्यार्थियों तथा कक्षा 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों का चयन व्हॉलेंटियर टीचर के रूप में किया जाएगा। उन्होंने विद्यालय प्राचार्यों से विद्यार्थियों को इस अभियान में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित करने तथा उनके पंजीयन एवं अभिलेखों का व्यवस्थित संधारण सुनिश्चित करने का आग्रह किया।

जिला परियोजना अधिकारी डॉ. रत्नबाला मोहन्ती ने विकासखंड एवं संकुल प्रभारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि वर्तमान में चल रहे सर्वे प्रपत्रों की ऑनलाइन एंट्री शीघ्र पूर्ण की जाए, ताकि राज्य स्तरीय पोर्टल पर जिले की वास्तविक प्रगति परिलक्षित हो सके। उन्होंने राज्य शासन के निर्देशों का व्यापक प्रचार-प्रसार कर अधिक से अधिक असाक्षर नागरिकों को अभियान से जोड़ने और साक्षरता कार्यक्रम के उद्देश्यों की सफल पूर्ति सुनिश्चित करने पर जोर दिया। बैठक में जिला मिशन समन्वयक, सहायक परियोजना समन्वयक, विकासखंड शिक्षा अधिकारी, सहायक खंड शिक्षा अधिकारी, खंड स्त्रोत समन्वयक, संकुल प्रभारी सहित शिक्षा विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# सड़क दुर्घटनाएं रोकने जन-जागरूकता और नियमों का कड़ाई से पालन जरूरी : सांसद महेंद्र कश्यप

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**बीजापुर, 14 जून।** बस्तर सांसद महेश कश्यप की अध्यक्षता में शुक्रवार को सांसद सड़क सुरक्षा समिति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम, यातायात व्यवस्था सुदृढ़ करने तथा सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान को प्रभावी बनाने के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में पुलिस अधीक्षक डॉ. जितेन्द्र यादव एवं संबंधित विभागों के अधिकारियों ने वर्षवार सड़क दुर्घटनाओं, यातायात विभाग द्वारा की गई कार्रवाई, नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों से वसूले गए समन शुल्क, स्पीड ब्रेकर, संकेतक बोर्ड, ट्रैफिक कॉमिंग मेजर्स, स्कूली बसों की फिटनेस जांच तथा सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रमों की जानकारी पीपीटी प्रस्तुतीकरण के माध्यम से दी। सांसद महेश कश्यप ने सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए सभी आवश्यक उपाय सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आमजन में यातायात नियमों के प्रति व्यापक जन-जागरूकता लाना और नियमों का पालन सुनिश्चित करना बेहद जरूरी है। साथ ही अधिक से अधिक लोगों के ड्राइविंग लाइसेंस बनाए जाने पर भी जोर दिया। उन्होंने सड़क सुरक्षा से संबंधित योजनाओं जैसे गुड सेमेरिटन योजना, नगदी रहित उपचार योजना तथा हिट एंड रन मुआवजा समिति के बारे में व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश देते हुए कहा कि इन योजनाओं की जानकारी अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचनी चाहिए, ताकि जरूरतमंदों को समय पर लाभ मिल सके। बैठक में क्षेत्रीय विधायक विक्रम शाह मंडावी,जिला पंचायत अध्यक्ष जानकी कोरसा, नगरपालिका अध्यक्ष गीता सोम पुजारी, विभिन्न जनपद पंचायतों के अध्यक्ष, जिला पंचायत सदस्य, वरिष्ठ जनप्रतिनिधि, कलेक्टर विश्वदीप, जिला पंचायत सीईओ नम्रता चौबे, अपर कलेक्टर भूपेन्द्र अग्रवाल सहित परिवहन एवं अन्य विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। सांसद ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सड़क सुरक्षा को जनआंदोलन का स्वरूप देते हुए दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए समन्वित एवं प्रभावी प्रयास किए जाएं।

### कलेक्टर ने पीडीएस व्यवस्था का लिया जायजा

दंतेवाड़ा, 14 जून। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव ने अपने ग्रामीण भ्रमण के दौरान दूरस्थ ग्राम बर्रेम एवं रेवली में संचालित सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) दुकान का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने राशन भंडारण, वितरण व्यवस्था तथा हितग्राहियों को मिलने वाली सुविधाओं की विस्तार से जानकारी प्राप्त की। कलेक्टर ने पीडीएस दुकान में उपस्थित रेवली एवं बर्रेम के ग्रामीणों से सीधे संवाद करते हुए पूछा कि उन्हें निर्धारित मात्रा में राशन समय पर प्राप्त हो रहा है या नहीं। ग्रामीणों ने बताया कि उन्हें नियमित रूप से राशन उपलब्ध कराया जा रहा है। इस पर कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि राशन वितरण व्यवस्था में किसी प्रकार की लापरवाही न हो तथा सभी पात्र हितग्राहियों को समय पर खाद्यान्न उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने कहा कि बरसात के मौसम में दुर्गम क्षेत्रों में आवागमन प्रभावित होने की संभावना रहती है।

## कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी ने संयुक्त जिला कार्यालय परिसर एवं उसके 500 मीटर के दायरे में धारा-163 के तहत पारित किया आदेश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बालोद, 14 जून।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्रीमती दिव्या उमेश मिश्रा ने कानून व शांति व्यवस्था, लोकहित एवं लोक सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए संयुक्त जिला कार्यालय परिसर बालोद एवं उसके 500 मीटर के दायरे में धारा 163 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 के तहत आवश्यक आदेश पारित किया है। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी द्वारा जारी किए गए आदेश में कहा गया है कि ज्ञापन देने आने वाले लोग 20 से 25 या इससे भी ज्यादा संख्या में जिला कार्यालय परिसर में प्रवेश कर शोर शराबा करने से कार्यालय की शांति व्यवस्था भंग होती है। इस कारण न केवल संयुक्त जिला कार्यालय के शासकीय कार्यों में बाधा पहुँचती है बल्कि एक अस्वस्थ माहौल निर्मित होता है और कई बार कानून-व्यवस्था की स्थिति भी निर्मित हो जाती है। उक्त स्थिति के मद्देनजर कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी के द्वारा कानून व शांति व्यवस्था, लोकहित एवं लोक सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुये उक्त आदेश पारित किया गया है। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी द्वारा पारित किए गए आदेश के तहत संयुक्त जिला कार्यालय परिसर जिला बालोद एवं उसके 500 मीटर के दायरे में कोई भी व्यक्ति अथवा व्यक्तियों के समूह द्वारा सभा, रैली, जुलूस प्रदर्शन, धरना, हड़ताल किया जाना प्रतिबंधित होगा अथवा एक समय में किसी स्थान पर 04 से अधिक व्यक्ति एक साथ एकत्रित नहीं हो सकेंगे। इसके साथ ही ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मी, सुरक्षाकर्मियों को छोड़कर कोई भी व्यक्ति (अनुज्ञप्तिधारी सहित) किसी प्रकार का विस्फोटक पदार्थ, अस्त्र-शस्त्र, धारदार घातक हथियार आदि को लेकर नहीं चलेगा। धार्मिक परंपरा अनुसार रखे जाने वाले कृपाण आदि पर यह कण्डिका प्रभावशील नहीं होगी। किसी भी प्रकार से सभा रैली, जुलूस, धरना प्रदर्शन, हड़ताल आदि करने से पहले अनुविभागीय दण्डाधिकारी, कार्यपालिक दण्डाधिकारी से अनुमति लिया जाना अनिवार्य होगा। क्षेत्रातर्गत सभाओं, रैली, जुलूस, धरना प्रदर्शन हड़ताल आदि के दौरान शासकीय एवं निजी सम्पतियों को नुकसान पहुँचाना, पुतला दहन तोड़फोड़ एवं टायर आदि जलाकर मार्ग अवरूद्ध कर यातायात बाधित करना तथा आम नागरिक में दहशत फैलाना पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। यह आदेश सभी प्रकार के दलों, संगठनों, संघों तथा आम जनता जो सभा, रैली जुलूस, धरना, प्रदर्शन, हड़ताल आदि के उद्देश्य से बिना अनुमति के एकत्रित होंगे, पर लागू रहेगा तथा जारी किए जाने की तिथि 12 जून 2026 से आगामी आदेश पर्यन्त तक प्रभावशील रहेगा। इस आदेश का उल्लंघन करने वाले व्यक्ति, व्यक्तियों के समूह के विरूद्ध भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धारा 223 के अंतर्गत अभियोजन की कार्यवाही की जाएगी।

## कलेक्टर ने शिविरों के सफल आयोजन के लिए जारी किए दिशा-निर्देश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बालोद, 14 जून।** प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार के 12 वर्ष के कार्यकाल सफलतापूर्वक पूरा होने के उपलक्ष्य में विश्वास के, विकास के, जनकल्याण के कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर केन्द्र एवं राज्य सरकार की समस्त जनकल्याणकारी एवं हितग्राही मूलक योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाने के उद्देश्य से जिले के प्रत्येक अनुविभाग स्तर पर 18 से 20 जून तक 03 दिवसीय वृहद पंजीकरण शिविरों का आयोजन किया जाएगा। इन शिविरों में विभिन्न विभागों में संचालित आयुष्मान भारत, आयुष्मान वय वंदना, पीएम सूर्यघर, पीएम स्वनिधि, प्रधानमंत्री आवास योजना, जलजीवन मिशन, पीएम कौशल विकास योजना, पेंशन योजनाएं इत्यादि 31 हितग्राहीमूलक योजनाओं का पंजीयन किया जाएगा। कलेक्टर श्रीमती दिव्या उमेश मिश्रा ने जिले के सभी राजस्व अनुविभागीय अधिकारियों को अनुविभाग स्तर पर आयोजित होने वाले शिविरों के सफल आयोजन हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किया गया है। कलेक्टर श्रीमती मिश्रा ने सभी राजस्व अनुविभागीय अधिकारियों को शिविरों में मुख्य रूप से केन्द्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं के लिए नए पंजीयन, त्रुटि सुधार, समस्याओं का त्वरित निराकरण से संबंधित कार्यों को सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। बालोद जिले में आयोजित 03 दिवसीय शिविरों के सफल आयोजन हेतु प्रत्येक अनुविभागों के लिए संबंधित राजस्व अनुविभागीय अधिकारियों को कार्यक्रम का नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। इसके साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों के लिए जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों एवं शहरी क्षेत्रों के लिए मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। शिविर आयोजन के पूर्व ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में मुनादी एवं कोटवारों के माध्यम से आम नागरिकों को सूचना प्रदान करने के अलावा स्थानीय समाचार पत्र एवं सोशल मीडिया के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए गए हैं। जिससे कि अधिक से अधिक नागरिकों को शिविर का लाभ प्राप्त हो सके। इस शिविर में विभिन्न विभागों में संचालित हितग्राहीमूलक योजनाओं के अंतर्गत आयुष्मान भारत, आयुष्मान वय वंदना, पीएम सूर्यघर, पीएम स्वनिधि, प्रधानमंत्री आवास योजना, जलजीवन मिशन, पीएम कौशल विकास योजना, पेंशन योजनाएं इत्यादि का पंजीयन तथा सुविधा लाभ दिए जाने की कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। कलेक्टर श्रीमती मिश्रा ने सभी नोडल अधिकारियों को इस संबंध में उनके द्वारा की गई कार्यवाही की जानकारी भी उनके कार्यालय को अवगत कराने के निर्देश दिए गए हैं।

# प्रधानमंत्री धन-धान्य योजना एवं मत्स्य संपदा योजना से बदली किसान नीरज गुप्ता की तस्वीर

- मछलीपालन से प्रतिमाह 50 हजार रुपये की आय अर्जित कर आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रहे किसान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**दंतेवाड़ा, 14 जून।** केंद्र एवं राज्य शासन की जनकल्याणकारी योजनाएं ग्रामीण किसानों के जीवन में सकारात्मक बदलाव ला रही हैं। प्रधानमंत्री धन-धान्य योजना तथा मत्स्य संपदा योजना के प्रभावी क्रियान्वयन से जिले के किसान आर्थिक रूप से सशक्त बन रहे हैं। ग्राम पालनर निवासी किसान श्री नीरज गुप्ता इसकी एक प्रेरणादायक मिसाल हैं, जिन्होंने कृषि के साथ मछली पालन को अपनाकर अपनी आय में उल्लेखनीय वृद्धि की है। पहले श्री नीरज गुप्ता की आजीविका मुख्य रूप से खेती पर निर्भर थी। सीमित आय के कारण परिवार की आवश्यकताओं को पूरा करना चुनौतीपूर्ण था। इसी दौरान उन्होंने आय के अतिरिक्त स्रोत के रूप में मत्स्य पालन को अपनाने का निर्णय लिया। मत्स्य विभाग के मार्गदर्शन एवं मत्स्य संपदा योजना के तहत प्राप्त शासकीय सहायता और अनुदान से उन्होंने तालाब का निर्माण कराया तथा लगभग दो वर्ष पूर्व मछली पालन शुरू किया। प्रारंभिक दौर में उन्हें मछली पालन की तकनीकी जानकारी प्राप्त करने और तालाब प्रबंधन सीखने में समय लगा, लेकिन उन्होंने निरंतर मेहनत जारी रखी। विभागीय अधिकारियों के मार्गदर्शन में गुणवत्तायुक्त मछली बीज का संचयन, संतुलित आहार प्रबंधन तथा तालाब की नियमित देखरेख के कारण मछलियों का उत्पादन लगातार बढ़ता गया। आज वे मछली विक्रय से प्रतिमाह लगभग 50 हजार रुपये की आय अर्जित कर रहे हैं। श्री गुप्ता बताते हैं कि प्रधानमंत्री धन-धान्य योजना के माध्यम से कृषि एवं ग्रामीण आजीविका गतिविधियों को बढ़ावा मिलने से किसानों को नई संभावनाएं मिल रही हैं। कृषि के साथ मत्स्य पालन को जोड़कर उन्होंने अपनी आय के स्रोतों का विस्तार किया है, जिससे परिवार की आर्थिक स्थिति मजबूत हुई है। अब बच्चों की शिक्षा, घरेलू जरूरतों और भविष्य की योजनाओं को पूरा करना पहले की अपेक्षा आसान हो गया है।

भविष्य की योजनाओं के बारे में बताते हुए श्री नीरज गुप्ता कहते हैं कि वे एक और बड़ा तालाब निर्माण कर रोहू एवं कतला जैसी उन्नत प्रजातियों की मछलियों का पालन करना चाहते हैं, जिससे उनकी वार्षिक आय में और वृद्धि हो सके। इसके लिए वे वर्तमान आय के साथ-साथ शासकीय योजनाओं से मिलने वाली सहायता का उपयोग करेंगे। आज श्री नीरज गुप्ता अपने गांव और आसपास के किसानों को भी मछली पालन अपनाने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। उनकी सफलता की कहानी यह संदेश देती है कि यदि किसान सरकारी योजनाओं का लाभ लेकर आधुनिक तकनीकों को अपनाएं, तो कृषि के साथ-साथ मत्स्य पालन भी आय बढ़ाने और आत्मनिर्भर बनने का प्रभावी माध्यम बन सकता है।

# सड़क, सौर ऊर्जा और आदिवासी अंचल के बुनियादी ढांचे को मिलेगी नई मजबूती

- डीएमएफसे 12.14 करोड़ रुपए की विभिन्न विकास कार्यों की स्वीकृति
- सात सड़क परियोजनाओं से दूरस्थ गांवों की बढ़ेगी कनेक्टिविटी
- पहाड़ी कोरवा व बिरहोर परिवारों तक पहुंचेगी सौर ऊर्जा की सुविधा
- वित्तीय वर्ष 2026-27 में सभी कार्य पूर्ण करने का लक्ष्य
- गुणवत्ता, पारदर्शिता व जवाबदेही सुनिश्चित करने सख्त निर्देश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

### जनजातीय परिवारों तक पहुंचेगी स्वच्छ ऊर्जा

विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूह (पीवीटीजी) परिवारों के जीवन स्तर में सुधार के लिए धरमजयगढ़ विकासखंड के ग्राम गिधकालो के मजराटोला ऊपर सलखेता में निवासरत पहाड़ी कोरवा एवं अन्य परिवारों के यहां 108 सोलर होम लाइट संयंत्रों की स्थापना हेतु 69 लाख 67 हजार 944 रुपये स्वीकृत किए गए हैं। इसके अतिरिक्त प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के तहत धरमजयगढ़ ब्लॉक के खदान प्रभावित ग्राम कुम्हीचुआ (चिखलापानी, बिरहोर मोहल्ला) में 27 मकानों पर सोलर रूफटॉप ग्रिड सिंक्रोनाइजेशन कार्य के लिए 13 लाख 50 हजार रुपये की स्वीकृति प्रदान की गई है। इन परियोजनाओं के माध्यम से दूरस्थ एवं जनजातीय क्षेत्रों में स्वच्छ और नवीकरणीय ऊर्जा की पहुंच बढ़ेगी तथा परिवारों को ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनने में सहायता मिलेगी।

### पारदर्शिता व गुणवत्ता पर रहेगा विशेष फोकस

जिला प्रशासन ने सभी कार्य एजेंसियों को निर्धारित गुणवत्ता मानकों के अनुरूप कार्य करने के निर्देश दिए हैं। प्रत्येक कार्यस्थल पर योजना की जानकारी प्रदर्शित करने के लिए स्थायी सूचना फलक लगाया जाएगा। कार्य प्रारंभ होने से लेकर पूर्णता तक विभिन्न चरणों में फोटोग्राफी, भौतिक सत्यापन तथा मासिक प्रगति प्रतिवेदन प्रस्तुत करना अनिवार्य किया गया है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि स्वीकृत राशि का उपयोग केवल निर्धारित कार्यों में ही किया जाएगा। किसी भी प्रकार की वित्तीय अनियमितता, स्वीकृति से अधिक व्यय अथवा निर्माण गुणवत्ता में कमी पाए जाने पर संबंधित एजेंसी को जवाबदेह ठहराया जाएगा।

### नई संभावनाओं का मार्ग प्रशस्त

डीएमएफके माध्यम से स्वीकृत ये परियोजनाएं केवल निर्माण कार्य नहीं हैं, बल्कि दूरस्थ एवं आदिवासी अंचलों के लिए विकास के नए अवसरों का द्वार खोलने वाली पहल हैं। सड़क, ऊर्जा और आधारभूत सुविधाओं के विस्तार से इन क्षेत्रों में जीवन स्तर में सुधार होगा, आर्थिक गतिविधियों को गति मिलेगी तथा शासन की योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के प्रयासों को और मजबूती मिलेगी।

**रायगढ़, 14 जून।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रदेश सरकार द्वारा आदिवासी, ग्रामीण एवं खनन प्रभावित क्षेत्रों के समग्र विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। इसी कड़ी में वित्त मंत्री ओ.पी.चौधरी के मार्गदर्शन में जिला खनिज संस्थान न्यास (डीएमएफ) के तहत जिले में सड़क, नवीकरणीय ऊर्जा एवं बुनियादी अधोसंरचना से जुड़ी 12 करोड़ 14 लाख 85 हजार रुपये से अधिक की महत्वपूर्ण परियोजनाओं को प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। इन परियोजनाओं से जिले के दूरस्थ अंचलों में विकास को नई गति मिलेगी तथा हजारों ग्रामीणों को बेहतर आवागमन, ऊर्जा एवं मूलभूत सुविधाओं का लाभ प्राप्त होगा।

जिला खनिज संस्थान न्यास की शासी परिषद की बैठक में लिए गए निर्णयों के अनुरूप इन कार्यों को स्वीकृति प्रदान की गई है। परिषद ने सभी स्वीकृत परियोजनाओं को वित्तीय वर्ष 2026-27 के भीतर पूर्ण करने को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन के निर्देश दिए हैं।

**ग्रामीण कनेक्टिविटी को मिलेगा नया आधार:** ग्रामीण क्षेत्रों की कनेक्टिविटी को मजबूत करने के लिए जिले में सात महत्वपूर्ण सड़क निर्माण कार्यों को स्वीकृति दी गई है। धरमजयगढ़ विकासखंड अंतर्गत कटाईपाली सी से पुसल्दा पहुंच मार्ग निर्माण कार्य के लिए 1 करोड़ 48 लाख 80 हजार रुपये, औरानारा से वृन्दावन पहुंच मार्ग (भाग-1) के लिए 1 करोड़ 20 लाख 48 हजार रुपये तथा भाग-2 के लिए 1 करोड़ 86 लाख 80 हजार रुपये स्वीकृत किए गए हैं। लैलूंगा विकासखंड अंतर्गत सुबरा से कटकलिया (पार्ट-1) मार्ग निर्माण कार्य के लिए 1 करोड़ 11 लाख 53 हजार रुपये तथा राजपुर मंडी से पुटुपारा होते हुए बथानपारा तक मार्ग निर्माण कार्य के लिए 1 करोड़ 64 लाख 40 हजार रुपये की स्वीकृति प्रदान की गई है।

इसी प्रकार तमनार विकासखंड में बनई से चारभांठा मार्ग निर्माण कार्य के लिए 1 करोड़ 99 लाख 89 हजार रुपये तथा चिर्रामुड़ा से बनाई मार्ग निर्माण कार्य के लिए 1 करोड़ 99 लाख 78 हजार रुपये स्वीकृत किए गए हैं। इन सड़क परियोजनाओं के पूर्ण होने से ग्रामीण क्षेत्रों की कनेक्टिविटी मजबूत होगी, आवागमन में सुगमता आएगी तथा कृषि उपज, वनोपज एवं अन्य उत्पादों के परिवहन को बढ़ावा मिलेगा। साथ ही शिक्षा, स्वास्थ्य एवं अन्य आवश्यक सेवाओं तक ग्रामीणों की पहुंच भी बेहतर होगी।

## एक नजर

### एसडब्ल्यूएम नियम-2026 के प्रचार के लिए ग्राम पंचायतों में वॉल पेंटिंग शुरू

- ग्रामीणों को स्वच्छता, कचरा पृथक्करण एवं पर्यावरण संरक्षण का दिया जा रहा संदेश

**रायगढ़, 14 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर के निर्देशानुसार एवं सीईओ जिला पंचायत रायगढ़ के मार्गदर्शन में जिले की समस्त ग्राम पंचायतों में एसडब्ल्यूएम नियम-2026 के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए वॉल पेंटिंग अभियान संचालित किया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत सार्वजनिक स्थलों, पंचायत भवनों एवं प्रमुख दीवारों पर आकर्षक संदेशों और चित्रों के माध्यम से ग्रामीणों को ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन, स्वच्छता के महत्व तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया जा रहा है।

**कचरे के चार प्रकार के पृथक्करण पर विशेष जोर:** वॉल पेंटिंग के माध्यम से ग्रामीणों को कचरे के चार प्रकार के पृथक्करण, उसके वैज्ञानिक निस्तारण तथा स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण बनाए रखने के उपायों की जानकारी दी जा रही है। अभियान का उद्देश्य ग्रामीणों में स्वच्छता के प्रति सकारात्मक व्यवहार परिवर्तन लाना तथा उन्हें अपने गांव को स्वच्छ, सुंदर और पर्यावरण अनुकूल बनाने के लिए प्रेरित करना है। इस पहल से ग्राम पंचायतों में स्वच्छता के प्रति जनजागरूकता बढ़ रही है तथा ग्रामीण समुदाय सक्रिय रूप से अपशिष्ट प्रबंधन गतिविधियों से जुड़ रहा है। जिला प्रशासन का यह प्रयास ग्राम पंचायतों को स्वच्छ एवं सतत विकास की दिशा में आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

### 43.600 लीटर अवैध महुआ शराब जब्त



**रायगढ़, 14 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर के निर्देशन एवं सहायक आयुक्त आबकारी क्रिस्टोफर खलखो के मार्गदर्शन में आबकारी विभाग ने अवैध शराब के खिलाफबड़ी कार्रवाई करते हुए 43.600 लीटर महुआ शराब जब्त की है। यह कार्रवाई प्राप्त शिकायत के आधार पर आबकारी उप निरीक्षक अंकित अग्रवाल एवं उनकी टीम द्वारा आबकारी वृत्त रायगढ़ (उत्तर) क्षेत्र में की गई। कार्रवाई के दौरान भातपुर निवासी गोपीचंद यादव, थाना कोतरारोड, रायगढ़ के रहवासी मकान की तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान मकान से 43.600 लीटर अवैध महुआ शराब बरामद हुई, जिसे आरोपी द्वारा अवैध रूप से कब्जे में रखा गया था। आबकारी विभाग ने आरोपी के विरुद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम की धारा के तहत प्रकरण दर्ज किया है। कार्रवाई के बाद आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया। आबकारी विभाग ने स्पष्ट किया है कि जिले में अवैध शराब के निर्माण, परिवहन एवं बिक्री के विरुद्ध अभियान लगातार जारी रहेगा तथा दोषियों के खिलाफसख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# ग्राम पंचायत ठुसेकेला में स्वच्छता व अपशिष्ट प्रबंधन को लेकर जनजागरूकता अभियान

## वीबी-जीरामजी एवं ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम-2026 के प्रति ग्रामीणों को किया गया जागरूक



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 14 जून।** कलेक्टर के निर्देशानुसार एवं सीईओ जिला पंचायत रायगढ़ के मार्गदर्शन में विकासखण्ड खरसिया के ग्राम पंचायत ठुसेकेला (गोरपार) स्थित नया तालाब गहरीकरण कार्य स्थल पर वीबी-जीरामजी एवं ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम-2026 के अंतर्गत व्यापक जनजागरूकता अभियान आयोजित किया गया। जिला स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण), रायगढ़ तथा पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, छत्तीसगढ़ के सहयोग से आयोजित इस अभियान का उद्देश्य ग्रामीणों एवं श्रमिकों को स्वच्छता, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक बनाना था।

अभियान के दौरान कार्यस्थल पर उपस्थित ग्रामीणों, श्रमिकों एवं जनप्रतिनिधियों को स्वच्छता के महत्व, कचरे के उचित निपटान तथा ग्राम स्तर पर स्वच्छ वातावरण बनाए रखने के लिए आवश्यक उपायों की जानकारी दी गई। अधिकारियों ने बताया कि स्वच्छता केवल सरकारी कार्यक्रम नहीं, बल्कि जनभागीदारी से सफल होने वाला सामाजिक अभियान है, जिसमें प्रत्येक नागरिक की सक्रिय भूमिका आवश्यक है।

**स्त्रोत स्तर पर कचरा पृथक्करण एवं प्लास्टिक कचरा प्रबंधन पर दिया गया विशेष जोर**

जनजागरूकता कार्यक्रम में ग्रामीणों को घरों से निकलने वाले कचरे का स्त्रोत स्तर पर पृथक्करण करने के लिए प्रेरित किया गया। उन्हें बताया गया कि गीले एवं सूखे कचरे को अलग-अलग रखने से अपशिष्ट प्रबंधन अधिक प्रभावी बनता है तथा पुनर्चक्रण की प्रक्रिया को बढ़ावा मिलता है। इसके साथ ही प्लास्टिक कचरे के दुष्प्रभावों एवं उसके सुरक्षित संग्रहण तथा निस्तारण के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की गई।

कार्यक्रम में घर-घर कचरा संग्रहण व्यवस्था के महत्व पर भी प्रकाश डाला गया। ग्रामीणों को समझाया गया कि यदि प्रत्येक परिवार स्वच्छता संबंधी नियमों का पालन करे और कचरे को निर्धारित स्थान पर ही दे, तो गांव में गंदगी, जल प्रदूषण एवं विभिन्न संक्रामक बीमारियों की संभावना को काफी हद तक कम किया जा सकता है। इस अवसर पर ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम-2026 के प्रमुख प्रावधानों की जानकारी देते हुए लोगों को इनके पालन के लिए प्रेरित किया गया।

### स्वच्छता के लिए जनभागीदारी को बताया गया आवश्यक

अभियान के दौरान वक्ताओं ने कहा कि स्वच्छ एवं विकसित गांव का निर्माण तभी संभव है जब ग्रामीण समुदाय स्वयं स्वच्छता गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी निभाए। नया तालाब गहरीकरण कार्य स्थल पर आयोजित इस कार्यक्रम के माध्यम से ग्रामीणों को पर्यावरण संरक्षण, जल स्रोतों की स्वच्छता, प्लास्टिक मुक्त गांव तथा सतत विकास की अवधारणा से भी अवगत कराया गया। ग्रामीणों एवं श्रमिकों ने स्वच्छता संबंधी संदेशों को गंभीरता से सुना और अपने दैनिक जीवन में उन्हें अपनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि स्वच्छता केवल एक दिन का अभियान नहीं, बल्कि निरंतर अपनाई जाने वाली जीवनशैली है। जिला प्रशासन एवं जिला स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण), रायगढ़ द्वारा संचालित इस पहल से क्षेत्र में स्वच्छता के प्रति सकारात्मक वातावरण निर्मित हो रहा है तथा ग्रामीणों में जिम्मेदार अपशिष्ट प्रबंधन की भावना को बल मिल रहा है।

### हेल्पिंग हैंड चैरिटी ग्रुप छुरा की वार्षिक बैठक में कार्यों की समीक्षा

**छुरा, 14 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** हेल्पिंग हैंड चैरिटी ग्रुप छुरा की वार्षिक बैठक दिनांक 11 जून 2026 को संपन्न हुई। बैठक में संस्था के सदस्यों द्वारा ग्रुप के 6 वर्षों के कार्यों की समीक्षा उपरांत विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा किया गया और आवश्यक निर्णय लिए गए। संस्था ने गरियाबंद जिलांतर्गत आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को आर्थिक सहायता करने के नियम में महत्वपूर्ण संशोधन करते हुए निर्णय लिया कि एक वित्तीय वर्ष में एक परिवार को केवल एक बार ही सहायता प्रदान की जाएगी। ग्रुप बैठक में कार्यकारिणी टीम द्वारा 6 वर्षों में कुल 160 जरुरतमंदों को कुल 19 लाख 87 हजार 830 रुपए की मदद पहुंचाने की जानकारी दी गई। बैठक के दौरान संस्था को एक पंजीकृत संस्था के रूप में पंजीकृत कराने का निर्णय लिया गया।इस दौरान ग्रुप सदस्य श्री हेमन्त विश्वकर्मा द्वारा हेल्पिंग ग्रुप को एक व्हीलचेयर उपलब्ध कराई गई। यह व्हीलचेयर उनके दिवंगत पिता श्री कृपाराम विश्वकर्मा की स्मृति में प्रदान की गई है। संस्था ने निर्णय लिया कि आवश्यकता पड़ने पर किसी स्थानीय जरुरतमंद को अधिकतम दो माह की अवधि के लिए यह व्हीलचेयर निः शुल्क उपलब्ध कराई जाएगी। अंत में संस्था के सदस्यों ने जनसेवा एवं जरूरतमंदों की सहायता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए समाज के सहयोग से सेवा कार्यों को और अधिक प्रभावी बनाने का संकल्प लिया। बैठक में ग्रुप के सचिव लक्की मेमन, कोषाध्यक्ष गोपाल सोनी सहित ग्रुप के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।



# 21 जून को रायगढ़ में होगी नीट-यूजी की पुनः परीक्षा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




- जिले में बनाए गए 8 परीक्षा केंद्र
- परीक्षा की निगरानी के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त, कंट्रोल रूम शुरू

**रायगढ़, 14 जून।** छत्तीसगढ़ शासन, कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार विभाग के निर्देशानुसार राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (हुञ्ज) द्वारा आयोजित हृश्वश्व्ञ (त्र) 2026 की पुनः परीक्षा आगामी 21 जून 2026 को रायगढ़ जिले के 8 परीक्षा केंद्रों में आयोजित की जाएगी। जिला कलेक्टर के निर्देश पर परीक्षा के सुचारू संचालन एवं निगरानी के लिए डिप्टी कलेक्टर धनराज मरकाम को जिला स्तरीय नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। वहीं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पुसल्दा के प्राचार्य भुवनेश्वर पटेल को सहायक सदस्य की जिम्मेदारी दी गई है।

परीक्षा से संबंधित शिकायतों एवं सूचनाओं के त्वरित समाधान के लिए जिला कार्यालय रायगढ़ में कंट्रोल रूम क्रमांक-42 (दूरभाष 07762-223750) स्थापित किया गया है, जो 10 जून से 22 जून 2026 तक 24ङ्ग7 संचालित रहेगा। कंट्रोल रूम के नोडल अधिकारी के रूप में जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी अंशुल देवांगन (मो. 76993-069721) को नियुक्त किया गया है। इसके अलावा परीक्षा व्यवस्था की निगरानी एवं समन्वय के लिए एनटीए के नोडल अधिकारी पवन अग्रवाल को भी जिम्मेदारी सौंपी गई है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म तथा समाचार पत्रों में प्रसारित होने वाली परीक्षा संबंधी अफवाहों, भ्रामक सूचनाओं एवं खबरों पर सतत निगरानी रखने की जनसंपर्क विभाग को दायित्व दिया है।

### कंट्रोल रुम में नगर सैनिकों की पालीवार ड्यूटी निर्धारित

परीक्षा व्यवस्था एवं कंट्रोल रूम संचालन के लिए नगर सैनिकों की अलग-अलग पालियों में ड्यूटी लगाई गई है। इनमें माह के 10 से 15 जून तक प्रथम पाली प्रातः 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक नगर सैनिक क्रमांक 145 तिलक साय (मो. 62657-34216) तथा नगर सैनिक क्रमांक 89 रामलाल सिदार (मो. 62616-92421) को तैनात किया गया है। वहीं द्वितीय पाली (रात्रि 8 बजे से प्रातः 8 बजे तक) में नगर सैनिक क्रमांक 259 सुकलाल सिदार (मो. 62600-22066) तथा नगर सैनिक क्रमांक 25 केशव प्रसाद (मो. 62687-92334) की ड्यूटी लगाई गई है। इसी तरह माह के 16 से 22 जून तक प्रथम पाली में प्रातः 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक नगर सैनिक क्रमांक 259 सुकलाल सिदार (मो. 62600-22066) तथा नगर सैनिक क्रमांक 25 केशव प्रसाद (मो. 62687-92334) की ड्यूटी लगाई गई है। वहीं द्वितीय पाली (रात्रि 8 बजे से प्रातः 8 बजे तक) में नगर सैनिक क्रमांक 145 तिलक साय (मो. 62657-34216) तथा नगर सैनिक क्रमांक 89 रामलाल सिदार (मो. 62616-92421) को तैनात किया गया है।

## समाचार संक्षेप

### प्रतिभा को मिलेगा संबल, डीएमएफ की खनिज ज्योति योजना से खुलेगी उच्च शिक्षा की राह

- आर्थिक अभाव नहीं बनेगा बाधा, 20 मेधावी विद्यार्थियों की उच्च शिक्षा का खर्च उठाएगा डीएमएफ
- खनन प्रभावित क्षेत्रों के बीपीएल विद्यार्थियों के लिए शुरू हुई खनिज ज्योति योजना

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 14 जून।** आर्थिक अभाव अब खनन से प्रभावित क्षेत्रों के मेधावी विद्यार्थियों की उच्च शिक्षा में बाधा नहीं बनेगा। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रदेश सरकार द्वारा शिक्षा और युवा सशक्तिकरण को दी जा रही प्राथमिकता के अनुरूप तथा वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी की पहल से जिला खनिज संस्थान न्यास (डीएमएफ), रायगढ़ द्वारा खनिज ज्योति योजना प्रारंभ की गई है। शिक्षा को अंतिम छोर तक पहुँचाने के इसी उद्देश्य के साथ खनन गतिविधियों से प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से प्रभावित क्षेत्रों के आर्थिक रूप से कमजोर (बी.पी.एल.) एवं प्रतिभावान छात्र-छात्राओं के लिए यह योजना शुरू की गई है। इसका मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि आर्थिक अभाव के कारण किसी भी खनन प्रभावित विद्यार्थी की उच्च शिक्षा बाधित न हो। इस योजना के अंतर्गत चयनित मेधावी विद्यार्थियों को देश एवं राज्य के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थानों में नियमित स्नातक (यू.जी.), स्नातकोत्तर (पी.जी.), इंजीनियरिंग, मेडिकल (एम.बी.बी.एस./बी.ए.एम.एस.), विधि, प्रबंधन (एम.बी.ए.), डिप्लोमा एवं अन्य कृषि एवं व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में प्रवेश लेने पर शत-प्रतिशत वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी। यह योजना वर्तमान शैक्षणिक सत्र के लिए कुल 20 स्वीकृत सीटों (सीमित) के लिए संचालित है। योजना का लाभ प्राप्त करने हेतु आवेदक अनिवार्य रूप से रायगढ़ जिले के खनन प्रभावित घोषित ग्रामों या नगरीय निकायों का स्थायी निवासी होना चाहिए तथा उसके परिवार का नाम राज्य शासन की चालू बी.पी.एल. (बीपीएल) अथवा अंत्योदय सूची में दर्ज होना चाहिए और वैध राशन कार्ड होना अनिवार्य है।

### गोबर गैस संयंत्र हुआ पुनः क्रियाशील, ग्रामीणों को मिलेगा स्वच्छ ऊर्जा का लाभ

- सीईओ के निर्देश पर किया गया स्थल निरीक्षण एवं तकनीकी परीक्षण
- हितग्राहियों को दी गई संचालन एवं रखरखाव संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 14 जून।** जिले में नवीकरणीय ऊर्जा को बढ़ावा देने और ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छ ईंधन की उपलब्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से ग्राम बड़े देवगांव, जनपद पंचायत खरसिया स्थित गोबर गैस (बायोगैस) संयंत्र को पुनः क्रियाशील किया गया। मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत रायगढ़ के मार्गदर्शन में संयंत्र का विस्तृत स्थल निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान क्रेडा की तकनीकी टीम, जिला पंचायत रायगढ़ के एपीओ तथा संबंधित ग्राम पंचायत के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

निरीक्षण के दौरान संयंत्र की वर्तमान स्थिति, तकनीकी खामियों तथा संचालन संबंधी आवश्यकताओं का परीक्षण किया गया। अधिकारियों एवं तकनीकी विशेषज्ञों द्वारा संयुक्त रूप से संयंत्र की कार्यप्रणाली का मूल्यांकन कर आवश्यक सुधार कार्य किए गए, जिससे लंबे समय से प्रभावित संचालन को पुनः सुचारु बनाया जा सका। तकनीकी परीक्षण एवं आवश्यक मरम्मत कार्य पूर्ण होने के बाद गोबर गैस संयंत्र को सफलतापूर्वक पुनः चालू किया गया। संयंत्र से उत्पादित बायोगैस का उपयोग कर चूल्हे का संचालन किया गया, जिसके माध्यम से गैस आपूर्ति की वास्तविक स्थिति का परीक्षण एवं सत्यापन भी किया गया। परीक्षण के दौरान चूल्हा सुचारु रूप से संचालित हुआ, जिससे यह स्पष्ट हुआ कि संयंत्र अब पूर्ण रूप से कार्यशील स्थिति में है।

अधिकारियों ने बताया कि बायोगैस संयंत्रों की नियमित जांच, समय-समय पर रखरखाव तथा कार्यक्षमता का सत्यापन अत्यंत आवश्यक है। इससे संयंत्रों का सतत संचालन सुनिश्चित होता है और हितग्राहियों को लंबे समय तक स्वच्छ एवं किफायती ऊर्जा का लाभ मिलता है। साथ ही यह पर्यावरण संरक्षण और जैविक अपशिष्टों के वैज्ञानिक प्रबंधन में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

### मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में ग्रामीण विकास को मिल रही नई गति

- जिले में 26 नवीन पीडीएस भवनों के लिए 3.58 करोड़ से अधिक की प्रशासकीय स्वीकृति जारी
- ग्रामीण क्षेत्रों में भंडारण एवं आपूर्ति व्यवस्था होगी और अधिक सुदृढ़

**रायगढ़, 14 जून।** ग्रामीण अंचलों में बुनियादी सुविधाओं के विस्तार और सार्वजनिक वितरण प्रणाली को अधिक मजबूत बनाने जिला खनिज संस्थान न्यास अंतर्गत जिले के छह विकासखंडों में 26 नवीन सार्वजनिक वितरण प्रणाली भवनों के निर्माण हेतु 3 करोड़ 58 लाख 84 हजार रूपए से अधिक की प्रशासकीय स्वीकृति जारी की गई है। यह स्वीकृति डी.एम.एफ शासी परिषद की आयोजित बैठक में लिए गए निर्णयों के अनुपालन में प्रदान की गई है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने नेतृत्व में राज्य शासन द्वारा ग्रामीण विकास एवं बुनियादी सुविधाओं के विस्तार को लगातार प्राथमिकता दी जा रही है। इसी क्रम में वित्त मंत्री ओ.पी.चौधरी के मार्गदर्शन में लैलूंगा, खरसिया, धरमजयगढ़, घरघोड़ा, रायगढ़ एवं तमनार विकासखंडों की ग्राम पंचायतों में यह निर्माण कार्य स्वीकृत किए गए हैं।

वित्तीय वर्ष 2026-27 के अंतर्गत कृषि उत्पादों के संग्रहण, भंडारण एवं प्रसंस्करण इकाई के प्रोत्साहन सेक्टर में स्वीकृत इन कार्यों के तहत लैलूंगा विकासखंड की 5 ग्राम पंचायतों (तोलगे, गहनाझरिया, जतरा, झगरपुर एवं लमडांड) में पी.डी.एस. भवन/गोदाम निर्माण हेतु 74.00 लाख रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। खरसिया विकासखंड की 5 ग्राम पंचायतों (भैनापारा, चोंढा, नहरपाली, जोबी एवं मीनगाँव) हेतु 62.00 लाख रुपए स्वीकृत किए गए हैं। धरमजयगढ़ विकासखंड की 4 ग्राम पंचायतों (वैरागी, क्रिन्धा, पखनाकोट एवं तरेकेला) हेतु 50.40 लाख रुपए, घरघोड़ा विकासखंड की 4 ग्राम पंचायतों (छर्राटांगर, बड़े गुमड़ा, डेहरीडीह एवं नवागढ़) हेतु 53.24 लाख रुपए, रायगढ़ विकासखंड की 4 ग्राम पंचायतों (बंगुरसिया, कोटमार, पतरापाली एवं कुशवाबहरी) हेतु 59.20 लाख रुपए तथा तमनार विकासखंड की 4 ग्राम पंचायतों (नुनदरहा, डोलेसरा, बिजना एवं जांजगीर) हेतु 59.20 लाख रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है।

## ग्रामीण आजीविका को मिलेगा नया आधार, आधुनिक बकरी-मुर्गीपालन मॉडल से सशक्त होंगे ग्रामीण

# 7 ग्राम पंचायतों में स्वीकृत हुए आधुनिक बकरीपालन शेड

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**रायगढ़, 14 जून।** ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने, पशुपालकों की आय में स्थायी वृद्धि सुनिश्चित करने तथा रोजगार के नए अवसर सृजित करने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा महत्वपूर्ण पहल की गई है। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के अंतर्गत जिले की 7 ग्राम पंचायतों में लगभग 3 लाख रुपये प्रति इकाई की लागत से आधुनिक बकरी पालन शेड स्वीकृत किए गए हैं। यह पहल ग्रामीण परिवारों को पारंपरिक पशुपालन से आगे बढ़ाकर वैज्ञानिक एवं व्यावसायिक पशुपालन की दिशा में प्रेरित करेगी। बकरी पालन ग्रामीण क्षेत्रों में लंबे समय से आजीविका का एक प्रमुख साधन रहा है, लेकिन उपयुक्त आवासीय संरचना और वैज्ञानिक प्रबंधन के अभाव में पशुपालकों को अक्सर आर्थिक नुकसान का सामना करना पड़ता है। नई योजना के तहत आधुनिक सुविधाओं से युक्त शेडों का निर्माण कर पशुपालकों को सुरक्षित एवं टिकाऊ पशुपालन व्यवस्था उपलब्ध कराई जाएगी, जिससे उनकी आय और उत्पादन क्षमता दोनों में वृद्धि होगी। स्वीकृत बकरी पालन शेडों का निर्माण वैज्ञानिक मानकों के अनुरूप ऊंचे एवं सुरक्षित प्लेटफॉर्म पर किया जाएगा। इससे पशुओं को वर्षा, जलभराव, अत्यधिक गर्मी तथा अन्य प्रतिकूल मौसम परिस्थितियों से सुरक्षा मिलेगी।

### बकरी और देशी मुर्गी पालन, आय के खुलेंगे नए रास्ते

इस योजना की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि इसे केवल बकरी पालन तक सीमित नहीं रखा गया है, बल्कि इसे एकीकृत आजीविका मॉडल के रूप में विकसित किया जा रहा है। आधुनिक बकरी शेडों के नीचे देशी मुर्गी पालन की व्यवस्था भी की जाएगी, जिससे एक ही परिसर में दो अलग-अलग आजीविका गतिविधियों का संचालन संभव हो सकेगा। बकरी पालन से जहां दूध, खाद एवं पशुधन बिक्री के माध्यम से आय प्राप्त होगी, वहीं देशी मुर्गी पालन से अंडा एवं मांस उत्पादन के जरिए अतिरिक्त आमदनी के अवसर मिलेंगे। इससे ग्रामीण परिवारों को कम लागत में बहुआयामी आय स्रोत उपलब्ध होंगे। यह मॉडल विशेष रूप से छोटे और सीमांत किसानों के लिए लाभकारी साबित होगा, क्योंकि इससे सीमित संसाधनों में अधिक उत्पादन और बेहतर आर्थिक लाभ प्राप्त किया जा सकेगा।

### रोजगार और आर्थिक सशक्तिकरण का बनेगा नया उदाहरण

योजना के अंतर्गत केवल संरचनाओं का निर्माण ही नहीं किया जाएगा, बल्कि पशुपालकों को हरे चारे की उपलब्धता, संतुलित पूरक आहार, नियमित टीकाकरण, पशु स्वास्थ्य सेवाओं तथा वैज्ञानिक पशुपालन तकनीकों की जानकारी भी प्रदान की जाएगी। इससे पशुपालकों की दक्षता बढ़ेगी और वे अपने व्यवसाय को अधिक लाभकारी बना सकेंगे। जिला प्रशासन द्वारा संबंधित ग्राम पंचायतों में कार्यों के गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध क्रियान्वयन पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। मनरेगा के माध्यम से निर्मित यह एकीकृत बकरी एवं मुर्गी पालन मॉडल ग्रामीण विकास, रोजगार सृजन, स्थायी परिसंपत्ति निर्माण और आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में एक मील का पत्थर साबित होगा। यह पहल न केवल परिवारों की आय बढ़ाने में सहायक होगी, बल्कि आत्मनिर्भर गांवों के निर्माण, स्थानीय रोजगार को बढ़ावा देने और ग्रामीण विकास के लक्ष्य को भी नई गति प्रदान करेगी।

# भजन गायिका कुमारी वैष्णवी रंगारी के भजनों की मस्ती में झूमे श्रद्धालु

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजनांदगांव 14 जून।** श्री नारायण धाम में आयोजित पुरुषोत्तम मास महामहोत्सव के 13वें दिवस हरिहर मिलन की अनुपम एवं मनमोहक झांकी ने श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। इस अवसर पर भगवान श्री नारायण एवं देवों के देव महाकाल का दिव्य दरबार सजाया गया, जहां श्रद्धालुओं ने हरि और हर के अद्भुत मिलन का अलौकिक दर्शन किया। श्री सत्यनारायण मंदिर समिति के अध्यक्ष हरीश अग्रवाल एवं पूर्व अध्यक्ष अशोक लोहिया ने बताया कि पुरुषोत्तम मास की त्रयोदशी तिथि पर भगवान श्री नारायण एवं भगवान महाकाल की भक्ति-आराधना का विशेष महत्व है। इसी पावन अवसर पर नगर की विख्यात भजन गायिका कुमारी वैष्णवी रंगारी ने अपने सुमधुर स्वर से हरिहर मिलन पर आधारित भजनों की मनोहारी प्रस्तुति दी। उनके भजनों ने पूरे वातावरण को भक्ति एवं आध्यात्मिकता की अलौकिक छटा से आच्छादित कर दिया। हरी और हर के मिलन की महिमा का वर्णन करने वाले भजनों का श्रद्धालुओं ने अमृतरस की भांति रसपान किया। उपस्थित भक्तों को ऐसा अनुभव हुआ मानो वे दिव्य लोक में पहुंच गए हों।

**महाआरती में गणमान्य अतिथियों की सहभागिता:** कार्यक्रम की महाआरती में मुख्य अतिथि पूर्व सांसद अभिषेक सिंह तथा विशिष्ट अतिथि संतोष अग्रवाल उपस्थित रहे। इसके साथ ही मनोज चौधरी (अध्यक्ष, अधिवक्ता संघ), लकी श्रीवास्तव (अध्यक्ष, श्रीवास्तव समाज) सहित संस्कारधानी के अनेक गणमान्य नागरिकों ने सहभागिता निभाई।

श्री सत्यनारायण मंदिर समिति के अध्यक्ष हरीश अग्रवाल, उपाध्यक्ष कृष्ण कुमार अग्रवाल एवं राहुल अग्रवाल ने सभी अतिथियों का अंगवस्त्र एवं दुपट्टा पहनाकर स्वागत-अभिनंदन किया। सभी अतिथियों ने महाआरती में सहभागिता कर भगवान हरिहर का आशीर्वाद प्राप्त किया।

**आज सजेगा श्री नारायण हरि का भव्य दरबार :** समिति के सचिव सौरभ खंडेलवाल एवं उत्सव प्रभारी लक्ष्मण लोहिया ने बताया कि रविवार 14 जून 2026 को दिल्ली दरवाजा, कामठी लाइन, में श्री नारायण हरि का भव्य एवं दिव्य दरबार सजाया जाएगा, जहां स्वयं श्री नारायण हरि भक्तों को अपने अलौकिक दर्शन प्रदान करेंगे। इस अवसर पर संध्या 7 बजे से प्रभु इच्छा तक देश के प्रख्यात भजन गायक शुभम वर्मा (कानपुर, यूपी) द्वारा नारायण हरि रसोत्सव की भव्य प्रस्तुति दी जाएगी। अपने भक्तिमय स्वरों के माध्यम से वे प्रभु समर्पण एवं भक्ति भाव की अविरल गंगा प्रवाहित करेंगे। श्री सत्यनारायण मंदिर समिति ने समस्त धर्मप्रेमी श्रद्धालुओं से नारायण हरि रसोत्सव में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर पुण्य लाभ प्राप्त करने की अपील की है। उपरोक्त जानकारी समिति के सचिव सौरभ खंडेलवाल एवं उत्सव प्रभारी लक्ष्मण लोहिया ने दी।

## एक नजर

### शांति भंग करने वाले बदमाश देवराज के विरुद्ध धारा-170 बीएनएसएस के तहत् की गई कार्रवाई




**राजनांदगांव 14 जून(तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** श्रीमान् पुलिस अधीक्षक महोदया सुश्री अंकिता शर्मा के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय श्री कीर्तन राठौर के मार्गदर्शन एवं नगर पुलिस अधीक्षक महोदया श्रीमती वैशाली जैन के पर्यवेक्षण में क्षेत्र मे शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु चलाये जा रहे सतत अभियान के तारतम्य मे बदमाश -1. देवराज वर्मा पिता संतराम वर्मा उम्र 39 वर्ष पता शंकरपुर चौकी चिखली , 02 वासुदेव साहू पिता दिलीप साहू उम्र 29 वर्ष पता ग्राम गठूला चौकी चिखली जिला राजनांदगांव छ.ग. के द्वारा वाद विवाद कर शांति व्यवस्था भंग कर अप्रीय घटना घटित होने के संभावना पर बदमाशो के विरूद्ध पृथक - पृथक धारा 170, 126, 135(3) बीएनएसएस के तहत कार्यवाही कर माननीय न्यायालय राजनांदगांव पेश किया गया। उक्त कार्यवाही में चौकी प्रभारी उप निरीक्षक कैलाश चन्द्र मरई, म.प्र.आर. वंदना पटले, धनश्री,आर. गोपाल पैकरा, चन्द्रकपूर आयाम, सुनील बैरागी एवं चौकी चिखली स्टाफ का महत्वपूर्ण भूमिका व सराहनीय योगदान रहा है।

### गौरी गणेश कंपनी मढ़ी बंजारी ने पेश की मानवता की मिसाल



**तिल्दा नेवरा 14 जून(तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना के सहयोग से गौरी गणेश कंपनी मढ़ी बंजारी के द्वारा मृतक मजदूर स्व थानेश्वर साहू ग्राम सरफोंगा के परिवार को मुआवजा दिया गया परिवार के एक सदस्य को नौकरी देने की बात कही । गौरी गणेश कंपनी मढ़ी बंजारी के इस कार्य की सर्वत्र प्रशंसा की जा रही है कि उनके द्वारा मृतक के परिवार हर प्रकार से सहयोग किया जा रहा है आपको बता दे के मृतक की मृत्यु रोड दुर्घटना में कंपनी के बाहर हुआ था उसके बाद भी गौरी गणेश प्रबंधन ने मृतक के परिवार के साथ मानवता का परिचय देते हुए यथा सम्भव सहयोग किया।

### कटारनुमा चाकू लहराकर लोगों को डराने वाला गिरफ्तार

**राजनांदगांव 14 जून(तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** श्रीमान् पुलिस अधीक्षक महोदया सुश्री अंकिता शर्मा के निर्देशन व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय श्री कीर्तन राठौर व नगर पुलिस अधीक्षक महोदया श्रीमती वैशाली जैन के मार्गदर्शन में असामजिक तत्वों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान एवं क्षेत्र मे शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु दिये दिशा निर्देशानुसार लगातार पेट्रोलिंग कार्यवाही किया जा रहा है पेट्रोलिंग के दौरान आज दिनांक 12.06.2026 को स्टेशनपारा बुद्ध गली में कटारनुमा चाकू लहराते हुए आने जाने वाले लोगों को डरा धमका रहे व्यक्ति को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ करने पर अपना नाम - दिनेश भावे पिता स्वः छबिलाल भावे उम्र 45 वर्ष पता स्टेशनपारा वार्ड नं. 12 चौकी चिखली जिला राजनांदगांव बताने पर आरोपी के कब्जे से एक नग धारदार कटारनुमा चाकू बरामद कर आरोपी के विरूद्ध धारा 25,27 आर्म्स एक्ट के तहत् कार्यवाही कर विधिवत गिफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया और आदेशानुसार जेल दाखिल किया गया। उक्त कार्यवाही में चौकी प्रभारी उप निरीक्षक कैलाश चन्द्र मरई, प्र.आर. अरुण नेताम , म.प्र.आर. वंदना पटले, चंद्रकपूर आयाम, गोपाल पैकरा, सुनील बैरागी एवं चौकी चिखली स्टाफ का महत्वपूर्ण भूमिका व सराहनीय योगदान रहा है।



# स्कूलों में हो सभी बुनियादी सुविधाएं और सौहार्द्रपूर्ण माहौल : कलेक्टर

- बोर्ड परीक्षा में खराब रिजल्ट वाले स्कूलों के प्राचार्यो को चेतावनी, एक बीईओ को नोटिस के निर्देश
- 16 जून से स्कूलों में हाजिरी और छुट्टी ऑनलाइन जरूरी,लेट आने पर कटेगा वेतन
- गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और बेहतर रिजल्ट के लिये शुरू होगा मिशन उत्कर्ष

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बलौदाबाजार,14 जून।** राज्य शासन के निर्देशानुसार आगामी 16 जून से जिले के स्कूल खुलेंगे और सभी शैक्षणिक गतिविधियों शुरू होंगे। कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने शनिवार को स्कूल शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक में स्कूल खुलने से पहले पेयजल, बिजली, शौचालय,साफ़ -सफाई जैसे बुनियादी सुविधाएं सुनिश्चित करने तथा स्कूल का वातावरण बच्चों के लिये प्रतियोगी और सौहार्द्रपूर्ण बनाने के निर्देश दिये।

कलेक्टर श्री शर्मा ने विगत वर्ष 10 एवं 12 वीं कक्षा के परिणाम की विस्तृत समीक्षा करते हुए बहुत कमजोर प्रदर्शन वाले विकासखंड पलारी,सिमगा एवं कसडोल के कई स्कूल के प्राचायों से कारण पूछा। संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर कड़ी चेतवानी देते हुए कहा कि इस बार कोई बहानेबाजी नहीं चलेगी। प्राचार्य पूरे स्कूल की मॉनिटरिंग करें। शिक्षकों की शैक्षिक गतिविधियों एवं विद्यार्थियों पर भी निगरानी रखें और स्कूल का माहौल बेहतर बनाएं। उन्होंने इस दौरान विकासखंड पलारी में अधिकांश स्कूलों का औसत प्रदर्शन,कई स्कूलों के प्राचार्य और शिक्षकों के आपसी विवाद कि स्थिति को सुलझाने में नाकाम रहने के कारण बीईओ को नोटिस जारी करने के निर्देश दिये।

कलेक्टर ने शाला प्रवेश उत्सव कि तैयारी कि समीक्षा करते हुए कहा कि जिला एवं ब्लॉक स्तर पर बेहतर आयोजन हो जिसमें स्थानीय जनप्रतिनिधि,अभिभावको को आमंत्रित किया जाए। नवप्रवेशी बच्चों का तिलक लगाकर एवं मुंह मीठा कर अभिनन्दन करें। उन्हें गणवेश एवं पुस्तकें देकर उत्साहित करें। उन्होंने कहा कि स्कूल खुलने के बाद शाला विकास समिति कि बैठक का आयोजन एवं टीचर -पेरेंट्स मीटिंग नियमत समय पर करने कहा। कलेक्टर ने स्पष्ट निर्देश दिये कि प्राचार्य व शिक्षक ईमानदारीपूर्वक अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें और देश का भविष्य उज्ज्वल बनाएं।

ऑनलाइन अटेंडेंस जरुरी- कलेक्टर श्री शर्मा ने कहा कि शासन के निर्देशानुसार 16 जून से सभी स्कूलों में व्हीएसके एप्प के माध्यम से उपस्थिति दर्ज होगी। इसके साथ ही छुट्टी के लिये आवेदन भी ऑनलाइन देना होगा। ऑफलाईन आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिये कि आधा घण्टा लेट स्कूल आने पर एक दिन का वेतन काटा जाएगा। उन्होंने प्रतिदिन स्कूलों के अटेंडेंन्स रिपोर्ट जिला कार्यालय को उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। बोर्ड परीक्षा में बेहतर रिजल्ट के लिये मिशन उत्कर्ष- बोर्ड परीक्षा परिणाम को बेहतर करने और बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिये जिला प्रशासन द्वारा मिशन उत्कर्ष 2026-27 शुरू किया जाएगा। कलेक्टर श्री शर्मा ने बताया कि इसके तहत 10 वीं 12 के बच्चों का हर स्कूल में मासिक टेस्ट होगा। स्कूल एवं विद्यर्थीवार प्रगति रिपोर्ट बनेगी। स्कूल और बच्चों के प्रदर्शन के अनुसार कमजोर पक्षो के सुधार के लिये रिमेडियल क्लास कि व्यवस्था,ऑनलाइन क्लास कि व्यवस्था होगी। इसके साथ ही 13 विषय के लगभग 130 व्याख्याताओं की पीएलसी टीम गठित की गई है जो स्कूलों का मिनिटरिंग करेंगे। पहले 6 महीने के लिये टेस्ट पेपर की तैयारी की जाएगी। जिन स्कूलों में किसी विषय के शिक्षक नहीं हैं उन स्कूलों में जिला मुख्यालय से ऑनलाइन क्लास की सुविधा होंगी। छूटे हुए बच्चों का बनेगा आयुष्मान एवं आधार कार्ड - समीक्षा के दौरान बहुत से स्कूली बच्चों के आयुष्मान एवं आधार कार्ड अब तक नहीं बनने की जानकारी मिलने पर कलेक्टर श्री शर्मा ने आयुष्मान कार्ड के लिये नजदीकी पीएचसी में एवं आधार कार्ड के लिये चिहांकित स्कूलों का नजदीकी सीएससी केन्द्र सेवा या सेतु केन्द्र के माध्यम से अगले 31 जुलाई तक बनवाने के निर्देश दिये। बैठक में जर्जर स्कूल भवनों, शिक्षकों की संख्या,आपार आईडी, यूडाइस, गणवेश,पाठ्यपुस्तक वितरण,माध्यन्ह भोजन,नेवता भोज आदि पर विस्तृत चर्चा कर जरुरी निर्देश दिये गये।

# पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह को वैवाहिक वर्षगांठ की दी बधाई



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 14 जून।** छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष एवं प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री माननीय डॉ. रमन सिंह जी को उनके वैवाहिक वर्षगांठ के अवसर पर शुभकामनाएं एवं बधाई दी गई। इस दौरान जनप्रतिनिधियों एवं जनभागीदारी समिति के सदस्यों ने सौजन्य मुलाकात कर उन्हें शासकीय पदुमलाल पुन्नालाल बख्शी उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में आयोजित होने वाले शाला प्रवेश उत्सव तथा सरस्वती साइकिल योजना अंतर्गत साइकिल वितरण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने हेतु आमंत्रित किया।

मुलाकात के दौरान विद्यालय में संचालित शैक्षणिक गतिविधियों, छात्र-छात्राओं के हित में किए जा रहे प्रयासों तथा आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा पर भी चर्चा की गई। प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि शाला प्रवेश उत्सव के माध्यम से नए विद्यार्थियों का स्वागत किया जाएगा तथा सरस्वती साइकिल योजना के अंतर्गत छात्राओं को साइकिल वितरित कर उन्हें शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित किया जाएगा। डॉ. रमन सिंह ने आमंत्रण के लिए आभार व्यक्त करते हुए विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की तथा शिक्षा के क्षेत्र में किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और छात्र हितैषी योजनाएं समाज के विकास की मजबूत नींव हैं। इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि एवं जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष देवशरण सेन, समिति सदस्य राजेश यादव, लक्ष्मीकांत श्रीवास्तव तथा योगेश साहू उपस्थित रहे। सभी ने डॉ. रमन सिंह को वैवाहिक वर्षगांठ की शुभकामनाएं देते हुए उनके स्वस्थ, सुखद एवं दीर्घायु जीवन की कामना की।

# पर्यावरण दिवस पर भाजपा मंडल छुरा ने कृष्ण कुंज परिसर में विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**छुरा 14 जून।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी मंडल छुरा द्वारा नगर के वार्ड क्रमांक 1 स्थित कृष्ण कुंज परिसर में 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के तहत भव्य वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं भाजपा पदाधिकारियों ने विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया तथा हरित एवं स्वच्छ भविष्य के निर्माण का संकल्प लिया।

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी लोगों ने अपनी माताओं के सम्मान और प्रकृति के संरक्षण के उद्देश्य से पौधारोपण किया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि जिस प्रकार मां जीवन देती है, उसी प्रकार वृक्ष भी मानव जीवन के लिए प्राणवायु, छाया और पर्यावरण संतुलन प्रदान करते हैं। इसलिए 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान भावनात्मक जुड़ाव के साथ पर्यावरण संरक्षण का प्रभावी माध्यम बन रहा है।

भाजपा मंडल अध्यक्ष खोमन चंद्राकर ने कहा कि प्रधानमंत्री के आह्वान पर देशभर में चलाए जा रहे 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के माध्यम से लोगों को वृक्षारोपण के लिए प्रेरित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि विश्व पर्यावरण दिवस केवल एक दिवस नहीं, बल्कि प्रकृति के प्रति अपने दायित्वों को समझने और निभाने का अवसर है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे जन्मदिन, विवाह वर्षगांठ और अन्य विशेष अवसरों पर पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण में योगदान दें।

जिला पंचायत सभापति लेखराज ध्रुवा ने कहा कि आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण देने के लिए आज से ही सार्थक प्रयास करने होंगे। वृक्षारोपण से पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के साथ-साथ जल, भूमि और जैव विविधता का संरक्षण भी संभव है। नगर पंचायत अध्यक्ष लुकेश्वरी थानसिंग निषाद ने कहा कि नगर क्षेत्र को हरा-भरा और स्वच्छ बनाने के लिए जनभागीदारी अत्यंत आवश्यक है। पौधे लगाने के साथ-साथ उनकी नियमित देखभाल और संरक्षण की जिम्मेदारी भी सभी नागरिकों को निभानी चाहिए।

### शौर्य चक्र से सम्मानित वीर जवानों से मिले उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा

**रायपुर,14 जून।** माननीय राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु के हाथों शौर्य चक्र से सम्मानित वीर पुलिस एवं सुरक्षा बल के जवानों से उप मुख्यमंत्री एवं गृह मंत्री श्री विजय शर्मा ने आज अपने नवा रायपुर अटल नगर स्थित निवास कार्यालय में आत्मीय मुलाकात कर उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर डीजीपी श्री अरुण देव गौतम सहित जवानों के परिजन एवं परिवार के सदस्य भी उपस्थित रहे। उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा कि छत्तीसगढ़ और देश को ऐसे वीर सपूतों पर गर्व है, जिन्होंने अपने अदम्य साहस, कर्तव्यनिष्ठा और राष्ट्रभक्ति का परिचय देते हुए असाधारण परिस्थितियों में भी वीरता का प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि इन जवानों की बहादुरी आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्रोत है। मुलाकात के दौरान श्री शर्मा ने शौर्य चक्र से सम्मानित इंस्पेक्टर लक्ष्मण केवट, इंस्पेक्टर रामेश्वर प्रसाद देशमुख तथा राइफलमैन भोज राम साहू के साहसिक कार्यों की सराहना की और उनके परिजनों से भी मुलाकात की और सभी को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि देश सेवा के इस गौरवपूर्ण योगदान में परिवारों का त्याग और समर्थन भी उतना ही महत्वपूर्ण है।

# कचना ध्रुवा महाविद्यालय में रासेयो स्वयंसेवकों ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**छुरा 14 जून।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर कचना ध्रुवा महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम अधिकारी आर. आर. कुर्रे के मार्गदर्शन में हुआ। महाविद्यालय परिसर में रासेयो की महिला एवं पुरुष इकाई के स्वयंसेवकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस दौरान आम, अमरूद, जामुन जैसे फलदार पौधों का रोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। स्वयंसेवकों ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधों की सुरक्षा का संकल्प भी लिया। इस अवसर पर महाविद्यालय के क्रीड़ा प्रभारी प्राध्यापक तरुण निर्मलकर ने उद्बोधन देते हुए कहा, वृक्ष हमारे जीवन का आधार हैं। विश्व पर्यावरण दिवस केवल एक दिन का कार्यक्रम नहीं, बल्कि यह हर दिन पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी निभाने की प्रेरणा देता है। रासेयो के छात्र समाज निर्माण में अहम भूमिका निभा रहे हैं। कार्यक्रम अधिकारी आर. आर. कुर्रे ने कहा, ÷रासेयो का उद्देश्य छात्रों में सेवा भाव के साथ पर्यावरण चेतना जगाना है। फलदार पौधे लगाने से आने वाली पीढ़ियों को शुद्ध हवा के साथ पोषण भी मिलेगा। हर स्वयंसेवक कम से कम एक पौधा लगाए और उसकी देखभाल करे। कार्यक्रम के अंत में सभी स्वयंसेवकों ने पर्यावरण बचाने की शपथ ली। महिला इकाई की छात्रा धारणी और पुरुष इकाई के छात्र अजय ठाकुर ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में प्राध्यापकगण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग की सचिव ने शहर में चल रहे विकास कार्यों का किया निरीक्षण

- निर्माणाधीन नालंदा परिसर, रानीसागर, एसएलआरएम सेंटर, एसटीपी एवं 120 मेगावाट सोलर पावर प्लांट का लिया जायजा
- नालंदा परिसर का निर्माण समय-सीमा में गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने दिए निर्देश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजनांदगांव 14 जून।** नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग की सचिव सुश्री आर. शंगीता ने आज राजनांदगांव शहर के विभिन्न विकास कार्यों एवं परियोजनाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान महापौर श्री मधुसूदन यादव, कलेक्टर श्री जितेन्द्र यादव उपस्थित रहे। सचिव सुश्री आर. शंगीता ने राज्य शासन की प्राथमिकता वाली योजना के अंतर्गत निर्माणाधीन नालंदा परिसर का निरीक्षण कर निर्माण कार्यों की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने निर्माणाधीन कार्य को निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने भवन निर्माण पूर्ण होने के तीन से चार माह पूर्व ही लाइब्रेरी एवं कैंटीन संचालन की प्रक्रिया प्रारंभ करने तथा सभी आवश्यक व्यवस्थाएं बेहतर गुणवत्ता के साथ सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने परिसर में पौधरोपण भी किया। सचिव सुश्री आर. शंगीता ने शहर के प्रमुख जलाशय रानीसागर का निरीक्षण कर इसके सौंदर्यीकरण की कार्ययोजना की जानकारी ली। उन्होंने रानीसागर के आसपास स्थित दुकानदारों को स्वच्छता बनाए रखने तथा कचरा तालाब में नहीं फेंकने के निर्देश दिए। उन्होंने कचरा प्रबंधन के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने कहा। उन्होंने राजनांदगांव के 18 एकड़ में एसएलआरएम सेंटर का निरीक्षण कर स्वच्छता दीदियों से गीले एवं सूखे कचरे के संग्रहण और प्रबंधन की जानकारी ली। उन्होंने स्वच्छता कार्य में लगे सभी कर्मचारियों को सुरक्षा मानकों का पालन करते हुए कार्य करने के निर्देश दिए। सचिव सुश्री आर. शंगीता ने मिशन अमृत 2.0 के अंतर्गत सेप्टेज मैनेजमेंट योजना के तहत मोहारा-सिंगदई स्थित एमएलडी एसटीपी का निरीक्षण कर संचालन व्यवस्था का जायजा लिया। इसके पश्चात उन्होंने तुमड़ीबोड़ ढाबा स्थित 120 मेगावाट सोलर पावर प्लांट का भी निरीक्षण किया तथा परियोजना से संबंधित जानकारी ली। इस अवसर पर संचालक नगरीय प्रशासन श्री आर एक्का, सीईओ राज्य शहरी विकास प्राधिकरण श्री शशांक पाण्डे, उप कार्यपालन अधिकारी श्री सचित साहू व श्री सुनील अग्रहरि, संयुक्त संचालक क्षेत्रीय कार्यालय दुर्ग श्री जय प्रकाश साहू, आयुक्त नगर निगम श्री अतुल विश्वकर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# केंद्र-राज्य समन्वय से विकास को मिलेगी नई गति : मुख्यमंत्री

**रायपुर 14 जून।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय से आज राजधानी रायपुर स्थित मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में केंद्रीय मंत्री श्री गिरिराज सिंह ने सौजन्य मुलाकात की। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने केंद्रीय मंत्री श्री गिरिराज सिंह का शाल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर आत्मीय स्वागत किया। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र और राज्य सरकारों के बीच बेहतर समन्वय एवं निरंतर संवाद की भावना ने विकास कार्यों को नई गति प्रदान की है। इसी सहयोगात्मक दृष्टिकोण के परिणामस्वरूप जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक प्रभावी रूप से पहुंच रहा है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि केंद्र और राज्य के बीच मजबूत साझेदारी से अधोसंरचना विकास, उद्योग, रोजगार, कौशल विकास तथा जनसेवा से जुड़े विभिन्न क्षेत्रों में नए अवसर निर्मित हो रहे हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि आपसी सहयोग और समन्वय से छत्तीसगढ़ के विकास को और अधिक मजबूती मिलेगी तथा विकसित छत्तीसगढ़ के संकल्प को साकार करने में सहायता प्राप्त होगी।



# आँख से दूर न हो दिल से उतर जाएगा... वक्त का क्या है गुजरता है, गुजर जाएगा...



लोकसभा चुनाव जीतने के बाद सबसे लम्बे समय तक लगातार पीएम बनने का रिकार्ड नरेंद्र मोदी के नाम हो गया परन्तु पीएम पद पर लम्बे समय तक पदस्थ रहने का रिकार्ड पंडित जवाहर लाल नेहरू, उनके बाद इंदिरा गाँधी का अभी भी बना हुआ हैं।

### मोदी का रिकार्ड पर वादों का क्या....?

नरेंद्र मोदी अब भारत के सबसे लंबे समय तक लगा तार निर्वाचित प्रधानमंत्री रहने वाले नेता बन गए हैं। पहले पीएम जवाहरलाल नेहरू के 4, 398 दिन के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया है। हालांकि पंडित नेहरू कुल 16 वर्ष 286 दिनों तक पीएम रहे, दरअसल आजादी के बाद 1947 में नेहरू पीएम बनके 1952 तक यानि पहले लोस चुनाव तक पीएम रहे, निर्वाचित पीएम का रिकार्ड तो मोदी ने तोड़ दिया है, नेहरू के पीएम रहने का रिकार्ड तोड़ने मोदी को 2030 तक पीएम रहना होगा। इंदिरा गाँधी 15 वर्ष 350 दिनों तक 2 अलग कार्यकाल में पीएम रही, 10 जून को मोदी के पी एम पद पर लगातार रहने का 4, 399 वां दिन था। मोदी 26 मई 2014 से भारत के पीएम है। 2019 -2024 के चुनाव में भी उन्होंने भारी बहुमत से सत्ता में वापसी की। बीते 12 वर्षों में भाजपा सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बन गई।देश के 21 राज्यों, केंद्र शासित प्रदेशों में भाजपा और उसके सहयोगियों की सरकार है।आबादी में भाजपा इस वक्त भारत की 76% आबादी पर शासन कर रही है। कांग्रेस और उसके सहयोगी मात्र 6 राज्यों में सिमट गए हैं तो 4 राज्यों में अन्य दलों की सर कार है। बारह साल पूरे होने पर सरकारें उपलब्धियों का बखान करती हैं, लोकतंत्र का स्वाभाविक हिस्सा है। लेकिन लोकतंत्र में केवल आभार ही नहीं, आकलन होना चाहिए! विज्ञापनों में तो विकास का पहिया चमकदार दिखता है, ज़मीन पर रफ्तार उतनी ही विविध दिखाई देती है। सरकारी विज्ञापन बताते हैं कि करोड़ों लोगों को मुफ्त राशन मिला, करोड़ों घरों में नल का जल पहुंचा, लाखों परिवारों को आवास मिले, बुनियादी ढांचे पर रिकॉर्ड निवेश हुआ। यह तथ्य हैं, इनसे इनकार भी नहीं किया जा सकता। देश में सड़क, रेल, डिजिटल सेवाओं, कल्याणकारी योजनाओं का विस्तार हुआ है।यदि सब कुछ इतना ही शानदार है तो बेरोजगार युवा आज प्रतियोगी परीक्षाओं के कैलेंडर, भर्ती परिणामों का इंतजार क्यों कर रहे हैं... !यदि विकास हर नागरिक के रथ का सारथी बन चुका है तो महंगाई से मध्यम वर्ग और निम्न वर्ग की जेबें क्यों कराह रही हैं! यदि जनकल्याण चरम पर है तो किसान आज भी फसल के उचित दाम और मौसम की मार से राहत के लिए संघर्ष क्यों कर रहे हैं!आज राजनीति में नया सिद्धांत चल पड़ा है...'काम कम दिखाओ प्रचार ज्यादा दिखाओ'। पहले उपलब्धियों के बाद विज्ञापन आते थे, अब विज्ञापनों के बाद उपलब्धियां ही खोजी जाती हैं। सरकारी खर्च से प्रकाशित रंगीन पन्ने जनता को बताते हैं सब कुछ बदल गया है, जनता रोज़मर्रा की समस्याओं से पूछती है। अगर सब बदल गया है, तो हमारी बारी कब आएगी..?लोकतंत्र में सरकार का काम केवल उपलब्धियों की सूची छापना नहीं, बल्कि कमियों का सामना करना भी है। 12 वर्षों का उत्सव मनाइये, लेकिन साथ 12 वर्षों के अधूरे वादों का लेखा-जोखा भी दीजिये। क्योंकि जनता केवल तालियां बजाने वाली भीड़ नहीं, बल्कि अंतिम निर्णायक है। विश्वास विज्ञापन से नहीं, जवाबदेही से बनता है, विकास पोस्टरों से नहीं, लोगों के जीवन में बदलाव से ही दिखता है जनकल्याण भाषणों से नहीं, जनता के चेहरे की संतुष्टि से मापा जाता है।लोक तंत्र में हर उत्सव के साथ एक सवाल भी होना चाहिये..क्या यह केवल उपलब्धियों का जश्न है, या जनता के धैर्य और उम्मीदों की परीक्षा..?




### 10 जिलों में महिला कलेक्टर, 4 में एसपी...

छत्तीसगढ़ के 33 जिलों में 10 में महिला कलेक्टर हैं तो केवल 4 जिलों में ही महिला पुलिस अधीक्षक हैं, वैसे चर्चा हैं कि एक -दो महिलाओं को अगली तबादला सूची में एस पी बनाया जा सकता हैं। छत्तीसगढ़ में हालांकि वरिष्ठ आईएएस रेणुजी पिल्ले को मुख्य सचिव नहीं बनाया गया है, 1994 बैच की ऋचा शर्मा एसीएस, पंचायत एवं ग्रामीण विकास और बाद में वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग का प्रमुख प्रभार सौंपा गया।1997 बैच की आईएएस निहारिका बारिक को गृह, जेल का प्रमुख सचिव बनाया गया हैं, 2001 बैच की आईएएस शहला निगार प्रमुख सचिव महिला बाल विकास, 2003 की रीनाबाबा कंगाले सचिव खाद्य, 2005 की आर.संगीता सचिव नगरीय प्रशासन है, दिव्या मिश्रा 2012 बैच कलेक्टर बालोद, नूपुर राशिपन्ना 2015 बैच कलेक्टर कोंडागांव हैं, तो 2016 बैच की 5 कलेक्टर हैं जिनमे तूलिका प्रजापति मानपुर मोहला, चंदन संजय त्रिपाठी कलेक्टर बलरामपुर, संतनदेवी जांगड़े कलेक्टर मनेन्द्रगढ़, पद्मिनी भोई साहू कलेक्टर सारंगढ़, रोक्तिमा यादव कलेक्टर कोरिया, 2018 बैच की पी ममगई कलेक्टर बेमेतरा, 20 19 बैच की रैना जमील कलेक्टर सूरजपुर, इसी बैच की नम्रता जैन कलेक्टर नारायणपुर पदस्थ हैं।





### 33 जिलों में केवल 4 महिला एसपी.....

छग में केवल 4 महिलाओं को एसपी बनाया गया हैं।भावना गुप्ता, अंकिता शर्मा, श्वेता श्रीवास्तव सिन्हा, रत्ना सिँह शामिल हैं।भावना गुप्ता छग कैडर की 2014 बैच कीआई पीएस हैं। वे बलौदा बाजार में एसपी हैं। मूलतः पंजाब की रहने वाली है, मैरिज ग्राउंड पर कैडर चेंज करवा छग कैडर में आई है।भावना गुप्ता का जन्म 22 दिसंबर 1990 को पंजाब भटिंडा में हुआ है।भावना, बैडमिंटन की नेशनल प्लेयर हैं। बास्केटबॉल में आईआईटी मुंबई टीम का नेतृत्व किया था। 2018 बैच की आईपी एस अंकिता शर्मा राजनांदगांव ने एसपी हैं।अंकिता शर्मा 6 महीनों से भी अधिक समय से बस्तर में नक्सल ऑपरेशन एडिशनल एसपी पदस्थ रही, बॉलीवुड एक्ट्रेस रवीना टंडन ने भी तब आईपीएस अंकिता शर्मा की तारीफ करते उन्हें असली हीरोइन बताया था। 2 सालों तक विभिन्न जिलों में सेवा देने के बाद अंकिता को नक्सली क्षेत्र बस्तर का एएस पी बनायागया था।यह पहला मौका था, ज़ब बस्तर में कोई महिला आईपीएस भी एंटी नक्सल ऑपरेशन में जवानों के साथ नक्सलियों के मांद में सर्चिंग पर निकली हो, अंकिता के नक्सल ऑपरेशन में एके 47 ले गश्त करने की फोटो सोशल मीडिया में वायरल हुई थी।अंकिता का जन्म 25 जून 1990 को छग के दुर्ग जिले में हुआ। वहीं श्वेता श्रीवास्तव सिन्हा, रायपुर ग्रामीण की पहली एसपी बनाई गई हैं, रायपुर में पुलिस आयुक्त प्रणाली लागू होने के बाद रायपुर ग्रामीण एसपी नया पद बना हैं, इसके अधीन नया रायपुर, मंत्रालय, विधानसभा, राजभवन, सीएम, मंत्रियों का निवास, माना एयरपोर्ट सहित रायपुर ग्रामीण के क्षेत्र आते हैं। इस अतिसंवेदनशील क्षेत्र में इनकी पदस्थपना के पीछे इनकी कड़क छवि, कार्य प्रणाली ही माना जा रहा हैं, श्वेता श्रीवास्तव सिन्हा ने एसपी (रेल) रायपुर सहित रायपुर में एडीशनल एसपी यातायात, ईओडब्लू, संचालक खेल आदि के पद पर कार्य कर चुकी हैं मूलतः छत्तीसगढ़ निवासी श्वेता के पति आईएएस हैं तो भाई-भाभी भी उप्र काडर के आईएएस हैं।छग में 'रत्न सिंह' नाम से चर्चित एक महिला आईपीएस अधिकारी रत्ना सिंह हैं, 2019 बैच आईपीएस हैं। भरतपुर-मनेंद्रगढ़- चिरमिरी जिले में पुलिस अधीक्षक तैनात हैं, सिविल सेवा परीक्षा के माध्यम से सीधी भर्ती के रूप में प्रवेश लिया है। रत्ना सिंह मूल रूप से उत्तरप्रदेश की रहने वाली हैं, उनका जन्म 1993 में हुआ था। 2015 में मोतीलाल नेहरू राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान इलाहाबाद से इलेक्ट्रॉनिक्स और संचार इंजीनिय रिंग में बी.टेक की डिग्री हासिल की है।





### और अब बस...

- » छत्तीसगढ़ के राज्यपाल द्वारा सीएम सचिवालय में पदस्थ अफसरों की लोक भवन में क्लास लेना चर्चा में है....।
- » महिला आरक्षण की वकालत करने वाली भाजपा ने मप्र से राज्यसभा जाने से मीनाक्षी नटराजन को रोक दिया.. कांग्रेस का आरोप।
- » छत्तीसगढ़ मंत्रिमंडल में फेरबदल होगा भी या नहीं....?
- » एसपी की तबादला सूची आखिर कहाँ अटक गई है!

## एक नजर

### महाराजबंध तालाब में अतिक्रमण के खिलाफ धरना देगी कांग्रेस

रायपुर, 14 जून। पूर्व संसदीय सचिव एवं छाया सांसद विकास उपाध्याय ने बताया कि मेरे द्वारा 20 फरवरी को कलेक्टर को महाराजबंध तालाब में हो रहे अवैध कब्जे को लेकर फोटो की प्रति सहित एक पत्र लिखा गया था और उस पत्र के माध्यम से दोषियों के ऊपर कार्रवाई के लिये कहा गया था। लेकिन शासन-प्रशासन की चुप्पी सीधे तौर पर साबित करती है कि महाराजबंद तालाब में हो रहे अवैध कब्जे में सत्ताधारी लोगों की मिलीभगत है। आज से लगभग पाँच माह पूर्व किये शिकायत पर किसी भी प्रकार की कार्रवाई न होना सीधे तौर पर इस बात को इंगित कर रहा है कि सत्ताधारी नेता जनहित छोड़ लाभ मात्र के लिये जनता के बीच उपस्थित होते हैं। उपाध्याय ने बताया कि छोटे-बड़े 300 से ज्यादा तालाब की पहचान वाले रायपुर में अब गिने-चुने तालाब बचे हैं, हालात यह है कि जो तालाब बचे हैं, उनमें अब धड़ल्ले से अवैध कब्जे हो रहे हैं।उपाध्याय ने कहा कि यदि एक सप्ताह के अंदर महाराजबंध तालाब पर किसी प्रकार की ठोस कार्यवाही नहीं की जायेगी तो कांग्रेस पार्टी आम जनमानस के साथ मिलकर वहाँ धरने पर बैठेगी।

### 13 साल के आरव राज ने रचा इतिहास

रायपुर, 14 जून। छत्तीसगढ़ के साढ़े 13 वर्षीय आरव राज ने अपने जुनून, परिश्रम और अनुशासन से ऐसा कीर्तिमान रचा है जो हर युवा को प्रेरित कर सकता है। कम उम्र में क्रिकेट के मैदान में उनकी उपलब्धि न सिर्फ चौंकाती है बल्कि यह भी साबित करती है कि अगर लक्ष्य स्पष्ट हो और लगन सच्ची हो तो किसी भी उम्र में चमत्कार दिखाई जा सकती है। आरव राज, एक राइट हैंड बैट्समैन, जिसने 24 दिसंबर 2017 को महज 5 साल की उम्र में पहला लेदर बॉल क्रिकेट मैच खेला था। वही छोटी सी शुरुआत आज एक बड़ी उपलब्धि बन कर सामने आई है। पिछले साढ़े आठ वर्षों में आरव ने लगातार अभ्यास, धैर्य और मैचों के जरिए अपनी प्रतिभा को माँजने का किया और 2026 तक 352 इनिंग्स में 10,143 रन बनाकर इतिहास रच दिया है।



## राहुल गांधी कांग्रेस नेताओं को पढ़ाएंगे चुनावी मैनेजमेंट का पाठ

रायपुर, 14 जून। छत्तीसगढ़ कांग्रेस ने आगामी चुनावी चुनौतियों और संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने के लिए बड़ी तैयारी शुरू कर दी है. पार्टी नेतृत्व अब सीधे जिला और शहर कांग्रेस अध्यक्षों को प्रशिक्षित करने की रणनीति पर काम कर रहा है. इसी कड़ी में 21 जून से 30 जून तक रायपुर जिले के अभनपुर में 10 दिवसीय विशेष प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया जाएगा. इस शिविर को कांग्रेस के संगठनात्मक पुनर्गठन और भविष्य की चुनावी तैयारी के लिहाज से बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है. खास बात यह है कि कांग्रेस सांसद और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने भी इस कार्यक्रम में शामिल होने की सहमति दी है. ऐसे में प्रदेश कांग्रेस के जिला स्तर के नेताओं को राष्ट्रीय नेतृत्व से सीधे संवाद और प्रशिक्षण का अवसर मिलेगा.

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव के.सी. वेणुगोपाल ने इस संबंध में सभी जिला कांग्रेस अध्यक्षों और शहर कांग्रेस अध्यक्षों को पत्र जारी कर शिविर में अनिवार्य रूप से शामिल होने के निर्देश दिए हैं. पार्टी सूत्रों के अनुसार यह प्रशिक्षण केवल औपचारिक कार्यक्रम नहीं होगा, बल्कि इसमें बूथ स्तर की राजनीतिक संरचना, जनसंपर्क अभियान, संगठन विस्तार, सोशल मीडिया प्रबंधन और चुनावी रणनीति पर गहन सत्र आयोजित किए जाएंगे. कांग्रेस नेतृत्व का मानना है कि मजबूत संगठन ही चुनावी सफलता की सबसे बड़ी कुंजी है. यही वजह है कि राष्ट्रीय नेतृत्व अब सीधे जिला स्तर के पदाधिकारियों को प्रशिक्षित कर उन्हें भविष्य की राजनीतिक लड़ाई के लिए तैयार करना चाहता है.



## अनुज व अंजय ने ग्रामीणों को दी केंद्र की योजनाओं की जानकारी

रायपुर, 14 जून। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सफल एवं गौरवशाली 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जनसंपर्क कार्यक्रम के दौरान धरसींवा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत नेउरडीह और ग्राम पंचायत बरबन्दा में धरसीवां विधायक अनुज शर्मा के साथ अंजय शुक्ला उपाध्यक्ष छत्तीसगढ़ आदिवासी स्थानीय स्वास्थ्य परंपरा एवं औषधि पादप बोर्ड ने नेउरडीह में वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ताओं के घर जाकर मुलाकात कर श्रीफल, पुष्पगुच्छ और शाल देकर आत्मीय सम्मान किए, और केंद्र सरकार की योजनाओं के बारे मे जानकारी दिए।एवं ग्राम पंचायत नेउरडीह में वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ताओं का सम्मान, गांव के प्रतिभावान छात्र छात्राओं, समाज के प्रमुखों का सम्मान किए।

तत्पश्चात ग्राम पंचायत बरबन्दा सरपंच मीरा रामकृष्ण मढहरिया के घर दोपहर भोजन और विश्राम के बाद बरबन्दा में वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ताओं के घर जाकर श्रीफल, शाल, पुष्पगुच्छ देकर आत्मीय सम्मान कर मुलाकात किए। तथा उन्होंने नरेंद्र मोदी दीर्घायु हो और नरेंद्र मोदी जिंदाबाद के नारो के साथ अपने उद्बोधन में कहा कि पहले कांग्रेस के सरकार में सिर्फ गरीबी हटाओ का नारा देते थे, लेकिन नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बनने के बाद लाल किले से जो वादा किया था सभी को पूरा कर रहे है, हर वर्ग के गरीबों को पक्का मकान, इलाज के लिए आयुष्मान योजना से 5 लाख रुपये तक इलाज, किसानों को प्रधानमंत्री सम्मान निधि की राशि, सुकन्या योजना, महतारी वंदना योजना, सभी योजना हर वर्ग के गरीबों को लाभ मिल रहा है। आज प्रदेश में माननीय मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सरकार, और देश में माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार सबका साथ सबका विकास के साथ सभी वर्गों का चिंता करते हुए विकास कर रहा है। आज देश में शांति और सुरक्षा है तथा देश का चहुंओर विकास हो रहा है।



## 1 करोड़ 65 लाख नवकार जाप का आह्वान

रायपुर, 14 जून। आचार्य जिनमणिप्रभ सूरीश्वर म सा हस्ते प्रतिष्ठित चमत्कारी जिनकुशल सूरि जैन दादाबाड़ी भैरव सोसायटी में सोमवती अमावस्या के पावन अवसर पर आगम ज्ञाता, युवा हृदय सम्राट, सरल स्वभावी प पु गणाधीश, पन्यास प्रवर, गणिवर्य विनयकुशल मुनि म सा के सुशिष्य ओजस्वी वक्ता, दिव्य तपस्वी विराग मुनि के गतिमान 165 वे उपवास के अनुमोदनार्थ दादागुरुदेव की बड़ी पूजा सोमवार 15 जून को प्रातः 9 . 30 बजे से होगी। सीमंधर स्वामी जैन मंदिर व दादाबाड़ी ट्रस्ट के अध्यक्ष सन्तोष बैद व महासचिव महेन्द्र कोचर ने बताया कि पूज्य विराग मुनि के लगातार 164 वां उपवास पूर्ण हुआ व तपस्या अनवरत जारी है, गुरुदेव सुखशाता पूर्वक स्वस्थ हैं और विहार कर रहे हैं, गुरुभक्ति हेतु दादागुरुदेव की बड़ी पूजा के साथ छत्तीसगढ़वासियों की सुख समृद्धि की कामना की जावेगी। अध्यक्ष सन्तोष बैद, वर्धमान चोपड़ा, दीप्ती बैद, निर्मल पारख मंजू कोठारी द्वारा बड़ी पूजा विधान सम्पन्न होगा, विधिकारक विमल गोलेछा पूजा व विधान सम्पन्न कराएंगे। सोमवती अमावस्या पर पूजा पश्चात लाभार्थी परिवारों की ओर से प्रभावना रखी गई है। महेन्द्र कोचर ने बताया कि जैन धर्म के वर्तमान शासनपति भगवान महावीर स्वामी ने भी अपने साधना काल में अभिग्रह युक्त 5 माह 25 दिन का उपवास किया था और परमात्मा का पारणा चंदनबाला के हाथों हुआ था। विश्व के जैन समुदाय में विराग मुनि के 165 उपवास की गूंज, अनुमोदना में 17 जून को 1 करोड़ 65 लाख नवकार जाप का आव्हान सीमंधर स्वामी जैन मंदिर व दादाबाड़ी ट्रस्ट ने किया है।



## PICTURE-स्टोरी



रायपुर, 14 जून। शहर जिला कांग्रेस कमेटी ने आज भाठागांव रोड निर्माण में अनियमितता के खिलाफ सब्जी बाजार पानी टंकी के पास विरोध प्रदर्शन किया।

## 'ऑन्कोस्फीयर 2.0' में रामकृष्ण केयर कैंसर इंस्टीट्यूट का अनावरण

रायपु, 14 जून। रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल्स ने अपने प्रमुख राष्ट्रीय ऑन्कोलॉजी सम्मेलन 'ऑन्कोस्फीयर 2.0' के उद्घाटन समारोह के दौरान आगामी रामकृष्ण केयर कैंसर इंस्टीट्यूट का अनावरण किया। दो दिवसीय इस सम्मेलन में देशभर से 600 से अधिक ऑन्कोलॉजिस्ट, कैंसर विशेषज्ञ, शोधकर्ता और स्वास्थ्य क्षेत्र से जुड़े पेशेवर शामिल हुए।

यह अनावरण छत्तीसगढ़ और मध्य भारत में कैंसर उपचार सुविधाओं को और सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है। अस्पताल की ऑन्कोलॉजी सेवाएं पहले से ही अनुभवी विशेषज्ञों की बहु-विषयक टीम के साथ संचालित हो रही हैं। वहीं, समर्पित रामकृष्ण केयर कैंसर इंस्टीट्यूट अगस्त 2026 से शुरू होने जा रहा है, जिससे मरीजों को अत्याधुनिक कैंसर उपचार, आधुनिक तकनीक और व्यापक सेवाएं अपने क्षेत्र में ही उपलब्ध हो सकेंगी।

कैंसर इंस्टीट्यूट का अनावरण छत्तीसगढ़ के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने किया। इस अवसर पर डॉ. संदीप दवे, मैनेजिंग एवं क्लिनिकल डायरेक्टर, रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल्स; हरेश त्रिवेदी, रीजनल सीईओ ङ्क वेस्ट एवं सेंट्रल इंडिया, केयर हॉस्पिटल्स; डॉ. रवि जायसवाल, वरिष्ठ मेडिकल ऑन्कोलॉजिस्ट; डॉ. मौ रॉय, वरिष्ठ सर्जिकल ऑन्कोलॉजिस्ट; डॉ. नवीन जैन, वरिष्ठ सर्जिकल ऑन्कोलॉजिस्ट; डॉ. गौरव गुप्ता, वरिष्ठ रेडिएशन ऑन्कोलॉजिस्ट; डॉ. नीरूई केरकेट्टा, वरिष्ठ सलाहकार ङ्क न्यूक्लियर मेडिसिन सहित देशभर के प्रतिष्ठित ऑन्कोलॉजी विशेषज्ञ मौजूद रहे।

छत्तीसगढ़ और मध्य भारत में कैंसर मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है। उन्नत जांच, रेडिएशन थेरेपी और विशेष कैंसर उपचार के लिए आज भी बड़ी संख्या में मरीजों को महानगरों का रुख करना पड़ता है। आगामी रामकृष्ण केयर कैंसर इंस्टीट्यूट का उद्देश्य अत्याधुनिक कैंसर उपचार सुविधाएं और विशेषज्ञता क्षेत्रीय स्तर पर उपलब्ध कराकर इस आवश्यकता को पूरा करना है।

डॉ. संदीप दवे, मैनेजिंग एवं क्लिनिकल डायरेक्टर, रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल्स ने कहा, पिछले तीन दशकों से रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल्स छत्तीसगढ़ और मध्य भारत में बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध रहा है।




## व्यापारियों के बीच पहुंच रहा कैट

रायपुर, 14 जून। कैट के राष्ट्रीय वाइस चेयरमेन अमर पारवानी, छत्तीसगढ़ इकाई के चेयरमेन जितेन्द्र दोशी, विक्रम सिंहदेव, प्रदेश अध्यक्ष परमानंद जैन, वाइस चेयरमेन सुरिन्दर सिंह, जीवत बजाज, महामंत्री अवनीत सिंह, कोषाध्यक्ष विजय पटेल, कार्यकारी अध्यक्ष राजेन्द्र जग्गी, वासु माखीजा, राम मंधान, भरत जैन, राकेश ओचवानी एवं शंकर बजाज ने संयुक्त रूप से बताया कि व्यापारियों की समस्याओं को समझने, उनके सुझावों को संगठन की प्राथमिकताओं में शामिल करने तथा व्यापारिक संगठनों के साथ मजबूत समन्वय स्थापित करने के उद्देश्य से कन्फेडरेशन ऑफऑल इंडिया ट्रेडर्स छत्तीसगढ़ द्वारा चलाए जा रहे कैट व्यापारी संवाद अभियान को व्यापार जगत से व्यापक समर्थन मिल रहा है। इसी कड़ी में आज डूमरतराई स्थित राम बिजनेस जोन व्यापारी संघ के पदाधिकारियों एवं व्यापारियों के साथ एक महत्वपूर्ण संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में व्यापारियों ने खुलकर अपने विचार रखे तथा बाजार, कर व्यवस्था, ई-कॉमर्स से बढ़ती प्रतिस्पर्धा, व्यापारिक सुरक्षा, व्यापार विस्तार एवं संगठनात्मक मजबूती जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा की।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26